दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 41 | चंडीगढ़, बुधवार, 07 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण पक्षः पंचमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 07 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


अधिकतम 16 डिग्री से.
न्यूनतम 04 डिग्री से.
सूर्योदय 7.21
सूर्यास्त 5.36
सोना 24 कैरेटः 1,38,970.00
चांदी (प्रति किलो): 2,53,000
सेंसेक्स : 85,063.34
अमेरिका : 90.16
कैनेडियन : 65.49
आस्ट्रेलिया : 60.56

बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि



इन्सान को कभी अपने वक्त पर घमंड नहीं करना चाहिए, क्योंकि वक्त तो उन नोटों का भी नहीं हुआ जो कभी पूरा बाजार खरीदने की ताकत रखते थे।






## न्यूज़ ब्रीफ

### डेनमार्क की पीएम बोलीं- ग्रीनलैंड पर हमला किया तो नाटो खत्म



**कोपेनहेगन (अप्रस)।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो नाटो सैन्य गठबंधन का अंत हो जाएगा। सोमवार रात एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा। वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और ब्रिटेन के नेताओं ने भी साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया है।




मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में हरियाणा विजन-2047 के मद्देनजर बजट पूर्व कार्यशाला में रखे विचार

# विकसित भारत-2047 का ग्रोथ इंजन बनेगा हरियाणा: सीएम सैनी

कहा- छः स्तम्भ पर फोकस रखते हुए नवाचार पद्धति से पारित होगा हरियाणा का वित्त बजट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम, 6 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा विकसित भारत-2047 का ग्रोथ इंजन साबित होगा। हरियाणा का योगदान देश हित में उपयोगी रहे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। व्यापक परामर्श, गहन अध्ययन व विशेषज्ञों की सहभागिता से हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट-2047 बनाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में हरियाणा विजन-2047 के मद्देनजर आयोजित बजट पूर्व कार्यशाला में अपने विचार रख रहे थे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विज़न 2047 रोडमैप के ध्येय के साथ वित्त वर्ष 2026- 27 के लिए इंडस्ट्री, हेल्थ, आईटी तथा एजुकेशन सेक्टर से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) में हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उद्योग जगत एवं मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखे। बैठक में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, पटौदी की विधायक बिमला चौधरी, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 11 साल में बड़ा विकासात्मक परिवर्तन नजर आया है। सकारात्मक बदलाव के साथ सर्वांगीण विकास की दिशा में सरकार कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर का गठन किया है जो उभरते हुए वैश्विक परिवर्तन में कारगर रहेगा। ज्ञान व दूरदृष्टि सोच के साथ इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।



गुरुग्राम में एआई आधारित हरियाणा बजट जनभागीदारी पॉर्टल का शुभारंभ करते सीएम सैनी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं को स्पष्ट विजन से जोड़ना होगा और गतिविधियों से अधिक परिणाम पर ध्यान देना होगा। नागरिकों के जीवन में सार्थक सुधार लाना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इसी सार्थक सोच के परिणामस्वरूप हरियाणा सरकार छः स्तम्भों पर केंद्रित हो विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में सहभागिता निभाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा विजन डॉक्यूमेंटङ्क2047 को छः रणनीतिक थीम पर आधारित कर तैयार किया गया है। इनमें वित्त एवं सुरक्षा, शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, खाद्य सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण, बुनियादी ढांचा विकास तथा क्षेत्रीय विकास एवं स्थानीय स्वशासन पर आधारित परियोजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 का बजट भी इन सभी थीमों के साथ पूरी तरह सामंजस्यपूर्ण रहेगा।

### प्री-बजट मंथन में वरिष्ठ अधिकारियों ने दी प्रेजेंटेशन

हरियाणा विज़न 2047 रोडमैप के अंतर्गत आयोजित प्री-बजट मंथन कार्यशाला में राज्य को वर्ष 2047 तक विकसित, समावेशी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विभिन्न थीम स्पॉटलाइट्स पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित प्रस्तुति हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल द्वारा दी गई। शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार योग्यता विषय पर उच्चतर एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग ने अपने विचार रखे। इसके साथ ही क्षेत्रीय विकास एवं स्थानीय स्वशासन विषय पर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री ए.के. सिंह ने जानकारी दी। वहीं कृषि, सहायक क्षेत्र, खाद्य एवं पर्यावरण विषय पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री पंकज अग्रवाल ने प्रस्तुति दी। वित्त एवं सुरक्षा विषय पर वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री मोहम्मद शाइन ने प्रस्तुतिकरण देकर बारीकियों से अवगत कराया। अवसंरचना विकास विषय पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने राज्य के औद्योगिक एवं आधारभूत ढांचे के विकास से जुड़े पहलुओं को विस्तार से रखा। इसी क्रम में विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. साकेत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुति दी गई।

राजा वड़िंग ने सुखबीर बादल को दी सीधी चुनौती, बोले-

# रोज डराओ मत, चुनाव लड़ने गिद्दड़बाहा आओ, एक ही सीट पर लड़ना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने शिरोमणि अकाली दल के प्रेसिडेंट सुखबीर बादल को गिद्दड़बाहा से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि सुखबीर जी चुनाव लड़ने गिद्दड़बाहा आओ। एक ही सीट पर चुनाव लड़ना है, रोज डराओ मत। हम गिद्धड़बाहा के मरजीवड़े हैं। अगर आप ने चुनाव लड़ना है तो आप अच्छी तरह इलेक्शन लड़ो। यह नहीं कि कभी लंबी से भी लड़ूंगा, जलालाबाद से भी लड़ूंगा और मैं कभी बठिंडा लड़ूंगा। आर या पार। सुखबीर जी यह अच्छा नहीं लगता है।

**सुखबीर बादल की मैं इज्जत करता हूं:** सुखबीर बादल की सफेद दाढ़ी और गुरसिख का पहनावा है। उनकी मैं बड़ी इज्जत करता हूं। मैं सुखबीर जी के खिलाफ भी कम बोलता हूं। बुजुर्गों ने कहा है कि कम बोलना चाहिए, लेकिन सुखबीर बादल जी हटते ही नहीं हैं। उन्हें लगता है कि शायद उनसे कोई डरने लग पड़ा है। कल उन्होंने गिद्दड़बाहा में माघी मेले को लेकर मीटिंग की थी। एक बात बताऊं कि हमारी सरकार के समय में माघी मेले की कॉन्फ्रेंस बंद हो गई थी। उसका कारण था कि एसजीपीसी ने कहा था कि इन शहादतों पर किसी तरह की राजनीतिक कॉन्फ्रेंस नहीं कर सकते हैं। पंजाब सरकार ने कहा कि हम सियासी तौर पर कॉफ्रेंस बंद करते हैं, लेकिन आप एसजीपीसी की सलाह को भी नहीं मानते हैं। फतेहगढ़ साहिब में कॉन्फ्रेंस बंद थी। जहां पर भी आपको दिल करता है, वहां पर आप अपना काम चला देते हो।

# गुरदासपुर में कब्जा दिलाने गए सरकारी अफसरों पर फायरिंग

ट्रक के पीछे छिपकर बचाई जान आरोपी पक्ष ने चलाई गोली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर के गांव कलेर खुर्द में कोर्ट के आदेशों पर जमीन का कब्जा दिलाने गए सरकारी अधिकारियों पर दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी। घटना के समय नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी सहित चार पुलिसकर्मी भी सुरक्षा के लिए मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने ट्रक के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार, कब्जाधारी पक्ष के रणजीत सिंह और उनके बेटों जतिंदर सिंह और नरेंद्र सिंह ने 7 कनाल 12 मरले जमीन का कब्जा किया हुआ था। कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में नायब तहसीलदार, कानूनगो लखविंदर सिंह और पटवारी सतबीर सिंह स्थानीय थाना पुलिस को लेकर करनैल सिंह को कब्जा दिलाने के लिए पहुंचे। बताया जाता है कि अधिकारियों के गांव में आने की सूचना पाकर रणजीत



सिंह पक्ष के लोग हथियार लेकर मौके पर पहुंच गए और अधिकारियों पर फायरिंग कर दी।

पटवारी सतबीर सिंह और कानूनगो लखविंदर सिंह ने बताया कि जब उन्होंने मौके पर दूसरे पक्ष से जमीन से संबंधित कोई अदालती स्टे या अन्य दस्तावेज दिखाने को कहा, तो उन्होंने बातचीत करने के बजाय सीधे उन पर फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों ने एक ट्रक के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई।

वहीं, मौके पर पहुंचे संबंधित चौकी नशहरा मज्जा सिंह के चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जिन सरकारी अधिकारियों पर फायरिंग हुई है, उनके बयान दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हिमाचल में बर्फ देखने पहुंचे टूरिस्ट, अटल टनल में ट्रैफिक जाम में फंसे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अटल टनल रोहतांग और धुंधी के बीच मंगलवार लंबा ट्रैफिक जाम लगा। दरअसल, अटल टनल और सोलंग नाला के बीच बीती शाम व रात में ताजा बर्फबारी हुई। इसे देखने के लिए आज सुबह बड़ी संख्या में टूरिस्ट अटल टनल पहुंचे। इससे धुंधी और अटल टनल के बीच लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। मनाली पुलिस वाहनों की आवाजाही सामान्य करने में जुटी हुई है। वहीं मौसम विभाग ने लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू की अधिक ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया है। ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद शीतलहर और मैदानी क्षेत्रों में कोहरे की वजह से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।

प्रदेश में इस विंटर सीजन में पहली बार 23 शहरों में तापमान 5 डिग्री या इससे भी नीचे गिरा है। पांच शहरों में माइनस में और 10 शहरों में 2 डिग्री या इससे भी नीचे गिर चुका है। लाहौल स्पीति के ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस -10.8 डिग्री तक गिर चुका है। कुकुमसैरी का माइनस -7.1, नारकंडा माइनस -2.0, रिकांगपियो माइनस -0.5 और कल्पा का माइनस -3.4 डिग्री तक लुढ़क चुका है।

मीटिंग | मुख्यमंत्री ने की सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित की बैठक की अध्यता

# दुग्ध संयंत्रों में दूध प्रापण और अन्य डेटा का ऑनलाइन रिकॉर्ड बनाया जाएगा: सुक्खू

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हिमाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित (मिल्कफेड) की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी दुग्ध संयंत्रों में दूध प्रापण और अन्य डेटा का ऑनलाइन रिकार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने प्रसंघ की गतिविधियों को सशक्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रसंघ के सभी उत्पादों में गुणात्मक मानक सुनिश्चित करने के समुचित उपायों का पालन किया जाए। उन्होंने ढगवार दुग्ध संयंत्र के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इससे कांगड़ा, हमीरपुर, चम्बा और ऊना जिले के किसानों की आर्थिकी को संबल मिलेगा।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मिल्कफेड को बाजार में प्रतिस्पर्धा दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि हिमाचल के उत्पादों की देशभर में विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध संयंत्रों व प्रसंघ से कामकाज के व्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक पदों को प्राथमिकता के



आधार पर भरा जाएगा। उन्होंने मिल्कफैड के सभी मिल्कबार की समीक्षा तथा प्रसंघ के विपणन से संबंधित सभी कार्यों में और दक्षता लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मिल्कफेड द्वारा निर्मित देसी घी का विपणन हिमईरा के माध्यम से भी किया जा सकता है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गाय के दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को 32 रुपये से बढ़ाकर 51 रुपये तथा भैंस के दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को 47 रुपये से बढ़ाकर 61 रुपये प्रति लीटर किया है। इसके अलावा सरकार ने दूध पर परिवहन सब्सिडी को 1.50 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति लीटर किया है तथा दो किलोमीटर से अधिक दूर स्थित दूध खरीद केन्द्र तक स्वयं दूध ले जाने पर 3 रुपये प्रति लीटर सब्सिडी दी जा रही है। प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने प्रसंघ की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवीनीकरण, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल, मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, प्रधान सचिव, वित्त देवेश कुमार, गैर सरकारी सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




# बठिंडा में टारगेट किलिंग की वारदात टली; अर्श डल्ला गैंग से जुड़े तीन व्यक्ति 4 पिस्तौलों समेत गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक व्यक्ति योजनाबद्ध गोलीबारी को अंजाम देने के लिए कनाडा से पहुंचा था बठिंडा: डीजीपी गौरव यादव

आगे की जांच जारी





**बठिंडा, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान, काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) बठिंडा ने बठिंडा पुलिस के साथ तालमेल करके अरश डल्ला गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को चार गैर-कानूनी पिस्तौलों समेत चार मैगजीन और 26 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार करके समय पर कत्ल करने की एक वारदात को टाल दिया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान बठिंडा के गिल पट्टी के निवासी कुलदीप सिंह, जो इस समय कनाडा में रह रहा है, बठिंडा के कोटशमीर का निवासी गुरविंदर सिंह और बठिंडा के गांव भोखरा के निवासी गगनदीप सिंह के रूप में हुई है। बरामद किए गए पिस्तौलों में एक ग्लॉक, एक ज़िगाना, एक .30 बोर का पिस्तौल और एक .32 बोर का पिस्तौल शामिल हैं। चार पिस्तौलों की बरामदगी के अलावा, पुलिस टीमों ने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक हुंडई वरना कार भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल वे अपराधिक गतिविधियों में कर रहे थे।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी टारगेट किलिंग को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक कुलदीप सिंह हाल ही में योजनाबद्ध गोलीबारी को अंजाम देने के लिए विशेष तौर पर कनाडा से बठिंडा आया था।

सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट (एसएसपी) बठिंडा अमनीत कोंडल ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चल रही अंतर-गैंग दुश्मनी में अपनी संलिप्तता के बारे में भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि बठिंडा के पुलिस स्टेशन थर्मल में एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

ए.आई.जी. सी.आई. बठिंडा अवनीत कौर सिद्धू ने कार्रवाई संबंधी विवरण साझा करते हुए कहा कि सी.आई. बठिंडा को विश्वसनीय सूत्रों से पुख्ता जानकारी मिली थी कि अरश डल्ला गैंग से जुड़े शूटर्स के पास गैर-कानूनी हथियार हैं और वे टारगेट किलिंग को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जानकारी पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, सी.आई. बठिंडा की टीम ने जिला पुलिस बठिंडा के साथ मिलकर गोनियाना रोड पर सुच्चा सिंह नगर के पास नाका लगाया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में, बठिंडा के थर्मल स्थित पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत एफआईआर नंबर 3 दिनांक 05.01.2026 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## अमृतसर में 20 किलोग्राम हेरोइन बरामद, मुख्य संचालक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, सीमा पार तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), बॉर्डर रेंज ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त ऑपरेशन में नशों की सप्लाई चेन का संचालन करने वाले मुख्य संचालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान साहिबजीत सिंह उर्फ साहिब और राजविंदर सिंह उर्फ गोलू, दोनों निवासी पुराना नरायणगढ़, अमृतसर; आशू शर्मा उर्फ आशू निवासी छेहरटा, अमृतसर तथा एक 17 वर्षीय नाबालिग निवासी अमृतसर के रूप में हुई है। हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी मारुति ब्रेज़ा कार और दो मोटरसाइकिलें भी जब्त कर ली हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान-आधारित हैंडलरों से जुड़े हुए थे और पूरे क्षेत्र में नशीले पदार्थों की डिलीवरी और वितरण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमा पार हैंडलरों की पहचान करने, सप्लाई रूट्स का पता लगाने और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एसपी एएनटीएफ बॉर्डर रेंज गुरप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि आरोपी ड्रोन के माध्यम से तस्करी की गई हेरोइन की खेप प्राप्त करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र की ओर गए हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त टीम द्वारा एक रणनीतिक स्थान पर नाका लगाया गया और अपराध में प्रयुक्त ब्रेज़ा कार सहित चारों आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खुलासों के आधार पर जिला अमृतसर के थाना भिंडी सैदां के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत बीओपी घोगा में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। इस तलाशी अभियान के दौरान गांव भिंडी औलख के निकट खेतों से पांच पैकेटों में पैक की गई 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में दिनांक 6.01.2026 को एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत थाना एएनटीएफ, एसएएस नगर में एफआईआर नंबर 06 दर्ज की गई है।

# पंजाब में खेल संस्कृति को प्रफुल्लित करने के लिए जल्द तैयार होंगे 3100 खेल मैदान: बैंस

कहा-69वीं नेशनल स्कूल खेलों की मेजबानी से पंजाब राष्ट्रीय स्तर पर स्पोर्ट्स हब के रूप में उभर रहा है

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा लुधियाना में 69वीं नेशनल स्कूल खेलों का उद्घाटन; 1000 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

पंजाब की खेल नीति से मिल रहे सकारात्मक परिणाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 6 जनवरी।** पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा आज लुधियाना के गुरु नानक स्टेडियम में 69वीं नेशनल स्कूल खेलों का औपचारिक उद्घाटन किया गया। 16 जनवरी तक चलने वाली इन खेलों में केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और विद्या भारती स्कूलों सहित सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों तथा अन्य शिक्षा संस्थाओं के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शिक्षा मंत्री बैंस ने कहा कि इन खेलों के दौरान जूडो अंडर-14 (लड़के एवं लड़कियां), ताइक्वांडो अंडर-14 (लड़कियां) तथा गतका अंडर-19 (लड़के एवं लड़कियां) के रोमांचक मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि ये खेल मुकाबले स्थानीय बी.सी.एम. आर्या मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल, शास्त्री नगर, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल पी.ए.यू., लुधियाना तथा ओपन एयर थिएटर पी.ए.यू., लुधियाना सहित विभिन्न स्थानों पर करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पंजाब के साथ लुधियाना शहर के लिए भी यह बड़ी गौरव की बात है जहां 69वीं नेशनल खेलों के आयोजन का अवसर मिला है जिसमें पूरे पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, नॉर्थ ईस्ट से 1000 से अधिक खिलाड़ी तथा 350 से अधिक कोच पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि ठंड होने के बावजूद प्रशासन द्वारा पहले से ही पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं जिनमें खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा के लिए पी.सी.आर. टीमें तैनात करना, खेल मैदानों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाना आदि शामिल हैं। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार खेल आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है जिसके तहत विभिन्न गांवों एवं शहरों में 3100 खेल मैदानों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, अर्थात आने वाले समय में पंजाब के हर गांव में खेल स्टेडियम होगा।

प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाने के लिए, उन्होंने आगे बताया कि खेल नर्सरियों में बड़े स्तर पर बॉक्सिंग, हॉकी, कबड्डी तथा अन्य विभिन्न खेलों के लिए कोचों की भर्ती की जा रही है तथा खिलाड़ियों की डाइट में भी वृद्धि की गई है।

इस अवसर पर विधायक दलजीत सिंह भोला गरेवाल, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, डायरेक्टर सेकंडरी एजुकेशन गुरिंदर सिंह सोढ़ी, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर, जिला शिक्षा अधिकारी डिंपल मदान, जिला खेल अधिकारी कुलदीप चुघ तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### खेल नीति को लागू करने के बाद पंजाब में मेडलों की संख्या में हुआ इजाफा

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा खेल नीति बनाई गई है जिसमें पहली बार ऐसा हुआ है कि जब किसी खिलाड़ी का एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप तथा ओलंपिक के लिए चयन होता है तो पंजाब सरकार चयनित खिलाड़ियों को एडवांस पेमेंट करेगी ताकि खिलाड़ी अपनी सुविधा अनुसार खुलकर तैयारी कर सके जबकि अन्य प्रदेशों में खिलाड़ियों को मेडल लाने के बाद ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस खेल नीति को लागू करने के बाद पंजाब में मेडलों की संख्या में इजाफा हुआ है। शिक्षा मंत्री बैंस ने कहा कि पंजाब के लिए यह बहुत बड़ा गौरव है कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम, भारतीय महिला क्रिकेट टीम, भारतीय हॉकी टीम पंजाबियों की कप्तानी के अधीन शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। भारत की हॉकी टीम में पंजाबियों की बहुसंख्या यह संकेत दे रही है कि हमारा पंजाब प्रदेश खेलों के क्षेत्र में अपनी पुरानी पहचान बहाल करने की ओर बढ़ रहा है।

## पंजाब सरकार के सौहार्दपूर्ण प्रयासों के सार्थक परिणाम

### एक साल में 5 लाख से अधिक लोगों द्वारा छत्तबीड़ चिड़ियाघर का दौरा

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या 62000 से अधिक

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** प्रदेश के जंगली जीवों के बारे में जानने की विद्यार्थियों की तीव्र इच्छा और बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए छत्तबीड़ चिड़ियाघर में आने वाले विद्यार्थियों और विशेष रूप से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या में आश्चर्यजनक वृद्धि देखने को मिली है। जनवरी से दिसंबर 2025 तक 5 लाख से अधिक लोग छत्तबीड़ चिड़ियाघर का दौरा कर चुके हैं। इनमें से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या 62 हजार से अधिक है।

वन एवं वन्य जीव संरक्षण विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के सख्त प्रयासों और मंत्री लाल चंद कटारूचक के नेतृत्व में वन एवं वन्य जीव संरक्षण विभाग द्वारा किए गए अनोखे प्रयासों के कारण सरकारी एवं निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने महिंद्र चौधरी जूलॉजिकल पार्क, जिसे छत्तबीड़ चिड़ियाघर के नाम से भी जाना जाता है, का दौरा किया है।

उल्लेखनीय है कि निजी प्राइमरी स्कूलों के 18,000 से अधिक तथा निजी हाई स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या 16,000 से अधिक थी। यह बड़ी संख्या पंजाब की युवा पीढ़ी में प्रदेश के जंगली जीवों के अलावा विभिन्न वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं के बारे में बढ़ रही उत्सुकता तथा प्रदेश सरकार द्वारा जंगली जानवरों के प्रति सहानुभूति की भावना पैदा करने के लिए उठाए गए विशेष कदमों को दर्शाती है क्योंकि ये जंगली जीव भी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि 1977 में अस्तित्व में आए छत्तबीड़ चिड़ियाघर में समय-समय पर लोगों में जंगली जीवों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जाती हैं, जिनमें रक्तदान शिविर, दौड़ प्रतियोगिता (रन फॉर वाइल्ड), जू एजूकेशन प्रोग्राम आदि शामिल हैं। इन गतिविधियों से बच्चों, युवाओं एवं आम जनता को जंगली जीवों के प्रति प्रेरित किया जाता है। चिड़ियाघर में देश का सबसे बड़ा एवं सबसे लंबा वॉक-इन-एवियरी (बहुत बड़ा पिंजरा जहां पर्यटक पक्षियों को देख सकते हैं) पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इसके अलावा यहां एक अति-आधुनिक डायनासोर पार्क भी बनाया गया है। लगभग 1200 मीटर के वाइल्डलाइफ सफारी क्षेत्र में 260 के.वी. क्षमता वाला सोलर प्लांट लगाने के साथ-साथ चारदीवारी को भी मजबूत किया गया है।

शेर सफारी में मांसाहारी जानवरों के लिए एक महत्वपूर्ण देखभाल केंद्र का निर्माण भी किया गया है तथा पर्यटकों, विशेषकर स्कूली बच्चों, की सहायता के लिए एक ओपन एयर जू एजूकेशन प्लाज़ा भी बनाया गया है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध': 311वें दिन, 23.3 किलोग्राम हेरोइन सहित 105 नशा तस्कर काबू

'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने 41 व्यक्तियों को नशा छुड़ाऊ इलाज करवाने के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश में नशों के खात्मे के लिए छेड़ी गई नशों के विरुद्ध जंग ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ को लगातार 311वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 313 स्थानों पर छापेमारी की, जिस दौरान प्रदेश भर में 77 एफआईआर दर्ज करके 105 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे 311 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 43,381 हो गई है।

इस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 23.3 किलोग्राम हेरोइन, 5 किलो भुक्की, 486 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 6250 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

ज़िक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों तथा सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए कहा गया है। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का भी गठन किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 73 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी के तहत 1000 से अधिक पुलिस मुलाजिमों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 313 छापे मारे हैं। दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 333 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन तथा प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने 'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में आज 41 व्यक्तियों को नशा छुड़ाऊ तथा पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राज़ी किया है।

डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रोड़ी द्वारा हल्का गढ़शंकर के विभिन्न गांवों की लिंक सड़कों का उद्घाटन

## नई लिंक सड़कें गांवों का आपसी संपर्क सुधारेंगी व खेती अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगी: रोड़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गढ़शंकर/होशियारपुर, 6 जनवरी।** पंजाब विधान सभा के डिप्टी स्पीकर तथा हल्का गढ़शंकर से विधायक श्री जय कृष्ण सिंह रोड़ी द्वारा आज हल्के के विभिन्न गांवों– घागों रोड़ांवाली, भंमियां, महिताबपुर, दुग्गरी, गढ़ी मट्टो, पाहलेवाल, बीरामपुर, साधोवाल, सौली, पुरखोवाल, रामपुर बिलड़ो, सलेमपुर, सतनौर, पखोवाल, पदराणा, बडेसरों, अकालगढ़ा, गोलियां, भजलां, लल्लियां, कालेवाल, मोहनोवाल, रावलपिंडी, फतेहपुर काला, देनोवाल काला तथा डोगरपुर की नई तैयार की गई लिंक सड़कों का रस्मी उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर रोड़ी ने कहा कि गांवों की लिंक सड़कें गांवों की तरक्की के लिए रीढ़ की हड्डी होती हैं। इन सड़कों के निर्माण से गांवों में आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार गांवों को शहरों की तर्ज पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि इन 28 गांवों की लिंक सड़कों के तैयार होने से किसानों को अपनी फसल मंडियों तक ले जाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों के लिए स्कूलों और कॉलेजों तक पहुंच आसान हो जाएगी तथा आम लोगों का समय और खर्च दोनों बचेंगे। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें न केवल विकास का प्रतीक होती हैं, बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायतें दीं कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा हर काम पारदर्शी ढंग से किया जाए। डिप्टी स्पीकर रोड़ी ने कहा कि हल्का गढ़शंकर में विकास कार्य लगातार जारी हैं।

चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य सुविधाएं, पानी, बिजली या सड़कें– हर क्षेत्र में लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांव का हर निवासी विकास का सीधा लाभ प्राप्त करे।

समारोह के दौरान स्थानीय लोगों तथा गांवों के प्रतिनिधियों द्वारा डिप्टी स्पीकर रोड़ी का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया तथा कहा गया कि लिंक सड़कों की मांग कई वर्षों से की जा रही थी, जो आज पूरी हुई है। अंत में डिप्टी स्पीकर श्री रोड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों से किए हर वादे को पूरा करने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ काम कर रही है तथा हल्का गढ़शंकर को विकास के मामले में एक मॉडल हल्का बनाया जाएगा।

इस मौके पर मार्कीट कमेटी के चेयरमैन श्री बलदीप सिंह सैणी, जिला परिषद सदस्य श्री इंदरजीत सिंह बरियाणा, डॉ. हरभजन महिमी, ब्लॉक समिति सदस्य डॉ. परमजीत पाल, मनजीत कौर, सरपंच श्री जूझार सिंह नागरा, नंबरदार श्री हरी कृष्ण सिंह गंगड़ तथा विभिन्न गांवों के सरपंच, पंच, पार्टी नेता, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

आप ने गैर-कानूनी नए सेस को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

# पंजाब पर बोझ डालने और उसे लूटने की किसी भी कोशिश के खिलाफ लड़ने का लिया प्रण

आप मंत्री बरिंदर गोयल का कांग्रेस लीडरशिप से सवाल– पंजाब कांग्रेस के नेता इस मामले पर चुप क्यों हैं?

कांग्रेस का पंजाब से पानी लूटने का इतिहास रहा है, अब एक नया फाइनेंशियल बोझ, जब पंजाब विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहा था तब वे सब कहां थे: आप नेता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) पर 500 करोड़ रुपये का निराधार और गैर-कानूनी वित्तीय बोझ डालने के लिए कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे संघीय सिद्धांतों पर हमला और पंजाब के हितों के खिलाफ सीधी साजिश बताया।

मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, गोयल ने स्पष्ट किया कि इस तथाकथित 'नए सेस' का कोई कानूनी आधार नहीं है और यह कांग्रेस की पुरानी दादागिरी का एक और उदाहरण है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी, हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 'वॉटर सेस' लगाने की कोशिश की थी, जिसे चुनौती दी गई थी और आखिरकार गैर-कानूनी बताकर वापस ले लिया गया था। गोयल ने कहा कि वॉटर सेस की कोशिश में फेल होने के बाद, कांग्रेस सरकार अब एक और अजीब टैक्स लेकर आई है। किसी को नहीं पता कि उन्होंने कौन सा कानून सहारा लिया है, यह टैक्स कहां से आया है, या किस अधिकार के तहत उन्होंने मनमाने ढंग से ज़मीन, मशीनरी और इंफ्रास्ट्रक्चर की कीमत तय की है। आप मंत्री ने खुलासा किया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खुद सबके सामने माना है कि उन्होंने शुरू में 4 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया और फिर एकतरफा तौर पर बीबीएमबी से 500 करोड़ रुपये अपने तथाकथित 'टैक्स शेयर' के तौर पर ऐलान किये।



गोयल ने इस कदम को पूरी तरह से गैर-संवैधानिक और गैर-कानूनी बताया। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी में पंजाब का बड़ा हिस्सा है, और यह मनमाना फैसला सीधे तौर पर पंजाब के हितों को नुकसान पहुंचाता है। हमने बीबएमबी को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया है कि यह टैक्स लगाना गैर-कानूनी और मंजूर नहीं है। हम इस मुद्दे को बीबीएमबी के सामने, कोर्ट में और हर संभव मंच पर पूरी ताकत से उठाएंगे। कांग्रेस पर हमला करते हुए गोयल ने कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में रही है, पंजाब के साथ हमेशा से अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पंजाब और केंद्र में सत्ता में थी, तो पंजाब के पानी को लूटा गया। आज हिमाचल सरकार के ज़रिए कांग्रेस की वही सोच फिर से सामने आ गई है। यह कांग्रेस का असली चेहरा है, जो पंजाब और किसान विरोधी है।

उन्होंने पंजाब कांग्रेस के नेताओं पर शर्मनाक चुप्पी बनाए रखने और असल में पंजाब के खिलाफ खड़े होने के लिए भी निशाना साधा। गोयल ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने पंजाब के हक के लिए आवाज उठाने के बजाय अपने ही राज्य के खिलाफ खड़े होने का रास्ता चुना है। आप सरकार की वचनबद्धता को दोहराते हुए गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। हम किसी भी कीमत पर पंजाब के साथ कोई अन्याय या आर्थिक शोषण नहीं होने देंगे। गैर-कानूनी सेस लगाने या पंजाब के जायज़ हिस्से को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का कड़ा विरोध किया जाएगा।

## पुलों के निर्माण कार्यों के लिए सिद्धवां नहर 21 दिनों के लिए बंद रहेगी

**चंडीगढ़, 6 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब के जल संसाधन विभाग ने सिद्धवां नहर को 21 दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पुलों के निर्माण कार्य करवाने के लिए सिद्धवां नहर 7 जनवरी से 27 जनवरी, 2026 तक (दोनों दिन सहित) 21 दिनों के लिए बंद रहेगी। यह आदेश पंजाब कैनाल एवं ड्रेनेज एक्ट, 2023 (भाग-3) के अंतर्गत जारी नियमों के नियम 61 के तहत जारी किए गए हैं। इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

# छात्रों का व्यक्तित्व निखारने में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की भूमिका महत्वपूर्ण : बड़ौली

कहा- स्वदेशी संकल्प मातृभूमि के प्रति हमारा प्रेम और समर्पण है



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 6 जनवरी।** मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'स्वयं से पहले आप' की भावना के साथ आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' विशेष शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उन्होंने छात्राओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सराहना की। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल सुमन शर्मा सहित विद्यालय का स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेविकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्राथमिक उद्देश्य ही सेवा के माध्यम से शिक्षा है। उन्होंने समाज सेवा, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र में युवाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। श्री बड़ौली ने छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया। श्री बड़ौली ने छात्राओं से स्वदेशी अपनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने का आग्रह किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि देश में बने उत्पादों को बढ़ावा देंगे तब हमारे उद्योग सशक्त होंगे और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आज गांव-गांव तक डिजिटल क्रांति पहुंची है। पूरी दुनिया में भारत का गर्व बढ़ा रहा है। पहले हम तकनीक आयात करते थे, आज दुनिया भारत से सीख रही है, यह आत्मनिर्भर भारत का नया चेहरा है। बड़ौली ने कहा कि भारत नए आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है। आज हम स्वदेशी संकल्प की ताकत के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। स्वदेशी संकल्प हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी को इस संकल्प को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। श्री बड़ौली ने कहा कि स्वदेशी संकल्प केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी मातृभूमि के प्रति हमारा प्रेम और समर्पण है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोनीपत से सालासर धाम जाने वाली बस को दिखाई हरी झंडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत से सालासर धाम जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनआस्था, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बड़ौली ने कहा कि इस पावन यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुविधाजनक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा का अवसर प्रदान किया गया है। बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने ही महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने की शुरू की, इससे पहले किसी भी सरकार ने महापुरूषों की जयंती कार्यक्रमों को मनाने की पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि नायब सैनी सरकार संतों, महापुरूषों संदेशों को जन-जन तक पहुंचा रही है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना से गरीब, शोषित, वंचितों सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। नायब सैनी सरकार में समान रूप से हर वर्ग का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से देश और प्रदेश का हर वर्ग खुश है। उन्होंने बाला जी महाराज से प्रदेशवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

# कांग्रेस का दुष्प्रचार बेनकाब, श्रमिकों और गांवों के विकास के लिए वीबी-जी रामजी योजना ऐतिहासिक कदम : बड़ौली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 6 जनवरी।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी रामजी योजना को लेकर जानबूझकर भ्रम और दुष्प्रचार फैला रही हैं। जबकि यह योजना श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है।मंगलवार को रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सोनीपत में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बड़ौली ने कहा कि यूपीए शासनकाल में मनरेगा का उद्देश्य टिकाऊ और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण न होकर केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गया था। उस दौर में यह योजना भ्रष्टाचार, फर्जी परियोजनाओं और धन की लूट का माध्यम बन गई थी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवाएं, डीबीटी, आधार लिंकिंग और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।

बड़ौली ने ''जीरामजी'' योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मोदी सरकार ने रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया है, जिससे श्रमिकों की वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं उपस्थिति प्रणाली से फर्जी श्रमिकों, डुप्लीकेट जॉब कार्ड और फर्जी भुगतान पर रोक लगेगी। वेतन एवं भत्तों का सीधा डिजिटल भुगतान (डीबीटी) होने से बिचौलियों, देरी और धन के दुरुपयोग की समस्या समाप्त होगी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पंजाब दौरे के दौरान मजदूरों ने शिकायत की कि मनरेगा के तहत उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है और ठेकेदार सारा पैसा हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोशल ऑडिट में सामने आया कि 13,304 ग्राम पंचायतों में से केवल 5,915 पंचायतों में ऑडिट हुआ, जिसमें 10,663 वित्तीय गबन के मामले उजागर हुए, लेकिन दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।इस अवसर पर उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, नीरज कुमार, त्रिभुवन कौशिक, मनोज त्यागी, अंकित मल्होत्रा, राजकुमार कटारिया, बबीता दहिया, किरण बाला,आरती शर्मा, सुनीता लोहचब, गोविंद हलालपुर, प्रीतम दहिया, राजकुमार शर्मा, नरेश वर्मा, भारत मल्होत्रा, सुरेंद्र मदान,गौरव भोला, पुष्पा बैरागी, किशोर वशिष्ठि, नीरज खापरा, नरेंद्र भारतीय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला, दसवें पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर रामनगर टोहाना स्थित बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा साहिब में आयोजित श्री अखंड पाठ साहिब के भोग कार्यक्रम में श्रद्धापूर्वक सम्मिलित हुए। इस पावन अवसर पर उन्होंने गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाकर सर्व समाज के कल्याण की कामना की। राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन एवं विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि गुरु साहिब का संपूर्ण जीवन धर्म की रक्षा, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, मानवता की सेवा और बलिदान का अनुपम उदाहरण है। उनके द्वारा स्थापित आदर्श आज भी समाज को सत्य, साहस और कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा दिए गए संदेश सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और समानता की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे महान गुरुओं की शिक्षाएं समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करती हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा महापुरुषों, संतों और गुरुओं की जयंती एवं प्रकाश पर्व पूरे प्रदेश में सम्मान, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से सरकार युवाओं को महापुरुषों के जीवन दर्शन से जोड़ने तथा उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

### पाइट में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित होगा



**समालखा (मनदीप कुमार)।** पुणे स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटरोलॉजी के सहयोग से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। पाइट ने पुणे के संस्थान आइआइटीएम के साथ समझौता किया है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि आइआइटीएम स्वायत्त संस्थान है। स्वचालित मौसम केंद्र तापमान, वायु की दिशा व गति, नमी को मापता है। प्रति घंटे बारिश की जानकारी एकत्र करता है। इसी के आधार पर मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता है। पाइट में ऐसा आधुनिक मौसम केंद्र स्थापित किया जाएगा, जो मौसम से जुड़े कई अहम आंकड़े स्वतः रिकॉर्ड करेगा। इससे न केवल शैक्षणिक और शोध कार्यों को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर मौसम और जलवायु परिवर्तन को समझने में भी मदद मिलेगी। यह पहल पानीपत और आसपास के क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित होगी। आइआइटीएम से प्रोजेक्ट डायरेक्टर व वरिष्ठ विज्ञानी डॉ.थारा प्रभाकरन व प्रोजेक्ट इनवेस्टिगेटर डॉ.शिवसाई ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस स्टेशन के स्थापित हो जाने से किसानों की समय रहते मदद की जा सकेगी। फसलों का नुकसान होने से बचाया जा सकेगा। इस दौरान पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, एआइएमएल विभाग के अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर राजीव ढांडा, प्रोजेक्ट साइंटिस्ट नीतिन सिंह, परियोजना विज्ञानी करण सिंह, प्रोजेक्ट एसोसिएशन अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे।

### लोहड़ी पर कन्याओं के नाम महोत्सव व महिला सम्मान समारोह



**बराड़ा (अप्रस/जयबीर बराड़ा)।** अटल स्मृति शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट, भाजपा बराड़ा मंडल एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से 8वां लोहड़ी पर कन्याओं के नाम महोत्सव तथा 9वां राष्ट्रीय स्तरीय जागरूक महिला सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह बराड़ा और राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहतास राणा ने दी। कार्यक्रम 10 जनवरी 2026 (शनिवार) दोपहर 1 बजे, शेमफोर्ड स्कूल प्रांगण, बराड़ा में होगा। इसमें सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 151 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पिछले छह माह में नवजन्मी बेटियों वाले 350 परिवारों को भी सम्मान दिया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी तथा पूर्व विधायक असीम गोयल उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, बन्तो कटारिया, सुनील भारद्वाज, संतोष चौहान सारवन, धर्मवीर मिर्जापुर और कुलराज शर्मा शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर बेटियों के सम्मान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपील की है।




# समक शाह ऋषि डेरे में 41 दिन की जलधारा तपस्या का समापन, 351 मटकों से हुआ अभिषेक

विधायक देवेंद्र कादियान ने 40 लाख की लागत से बने शेड व चारदीवारी का किया उद्घाटन, विकास कार्यों को बताया प्राथमिकता

हवन-यज्ञ, भंडारा और रक्तदान शिविर का आयोजन, विधायक ने कहा–धार्मिक स्थलों का विकास प्राथमिकता





अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 6 जनवरी।** खुबड़ू गांव स्थित समक शाह ऋषि पवित्र स्थल पर महंत दीपक नाथ जी की 41 दिन से चल रही जलधारा तपस्या का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया। समापन के अवसर पर 41वें दिन श्रद्धालुओं ने 351 मटकों से महंत दीपक नाथ का अभिषेक किया।मंगलवार सुबह डेरे में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ आहुतियां दी गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए और विशाल भंडारा लगाया गया। सुबह से शाम तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महंत दीपक नाथ जी का आदर-सत्कार किया।कार्यक्रम के तहत जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें करीब 60 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान का आयोजकों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस मौके पर विधायक ने समक शाह डेरे में करीब 40 लाख रुपये की लागत से बने तीन शेड और चारदीवारी का उद्घाटन किया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि महंत दीपक नाथ जी के अनुसार खुबड़ू का डेरा बाबा समक शाह ऋषि करीब 500 वर्ष से अधिक पुराना है। यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां अनेक साधु-संतों ने तपस्या की है। डेरे की प्राचीर में बाबा समक शाह ऋषि की समाधि स्थित है, जहां आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के विकास के साथ-साथ गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आगे भी डेरा परिसर और आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कार्य करवाए जाएंगे।इस अवसर पर जनहित अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा, डेरा सेवा मंजीत चीमा, राजपाल फौजी, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, अरुण त्यागी, गुरमेल, प्रवीन, प्रदीप, महिपाल, राजेंद्र सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सांसद जिंदल ने अग्रसेन जयंती पर घोषित 11 लाख की सहायता राशि पहुंचाई

**कैथल (अप्रस)।** महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर सांसद नवीन जिंदल द्वारा अग्रवाल युवा सभा कैथल को समाजसेवा कार्यों के लिए 11 लाख रुपये की सहायता राशि देने पर संपूर्ण अग्रवाल समाज में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। अग्रवाल युवा सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता राशि समाजसेवा के कार्यों को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा समाज के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता प्रेरणादायक है। राम प्रताप गुप्ता ने कैथल जिंदल हाउस इंचार्ज रविन्द्र धीमान की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के सफल आयोजन एवं सहायता राशि की घोषणा को साकार रूप देने में उनकी सक्रिय भूमिका रही। उनके निरंतर सहयोग, समन्वय एवं सकारात्मक प्रयासों से समाज और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल युवा सभा कैथल विगत कई वर्षों से समाजहित में निरंतर कार्य कर रही है।

## टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता: यात्री का खोया हुआ मोबाइल लौटाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जम्मू, 6 जनवरी।** जम्मू मंडल अपने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में, दिनांक 05 जनवरी को ट्रेन संख्या 12413 के कोच बी 4 में यात्रा कर रहे, एक यात्री का मोबाइल फोन खो जाने की घटना सामने आई, जिसमें ट्रेन के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, यात्री को उसका खोया हुआ मोबाइल लोटाया गया।

अगर घटना पर प्रकाश डाले, तो ट्रेन संख्या 12413 जिसके B3,B4,M1,M2 में लगभग 150 से अधिक हृष्ट्ट कैडेट के सदस्य यात्रा कर रहे थे। जिन्हें जम्मू तक यात्रा करनी थी, इन हृष्ट्ट कैडेट में से किसी एक का मोबाइल फोन से क्ब्4 कोच में गिर गया। ट्रेन में उपस्थित टिकट चेकिंग स्टाफ श्रीमती आरती कलसी ( मुख्यालय - जम्मू ) को चेकिंग के दौरान मोबाइल मिला। मोबाइल मिलते ही, टिकट चेकिंग स्टाफ ने कोच के सभी यात्रियों से पूछताछ की, इस पूछताछ के दौरान वह मोबाइल हृष्ट्ट कैडेट के एक सदस्य का निकला। आगे कि कार्यवाही करते हुए, टिकट चेकिंग स्टाफ ने आर पी एफ की मौजूदगी में यात्री को उसका मोबाइल लोटाया। यात्री ने रेलवे तथा टिकट चेकिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल ने इस घटना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह घटना हमारे टिकट चेकिंग स्टाफ की ईमानदारी और यात्रियों के प्रति समर्पण को दर्शाती हैं। हमारा लक्ष्य न केवल टिकट जांचना हैं। बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना भी है।

## चाकू की नोक पर 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला से कानों की बाली व लाकेट छीना

ई रिक्शा चालक ने 2 साथियों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 6 जनवरी।** एक ई-रिक्शा चालक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू दिखाकर बुजुर्ग महिला से सोने के आभूषण छीन लिए। गांव देवीगढ़ निवासी सुरेश कुमार की शिकायत पर ई-रिक्शा चालक सहित तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 5 जनवरी को दोपहर के समय उसकी 75 वर्षीय माता सोना देवी किसी काम से शहर गई थीं। वापसी में वह एक ई-रिक्शा में सवार हो गईं। गांव के पास पहुंचते ही ई-रिक्शा चालक और उसके दो साथियों ने चाकू दिखाकर महिला को डराया और सोने के गहने लूट लिए। जब बुजुर्ग महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू मारने व जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वे उसके कानों से सोने की बालियां और गले से सोने का लोकेट छीनकर मौके से फरार हो गए। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायत प्राप्त होते ही केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## मनरेगा की बहाली व अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

### केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए मजदूर विरोधी, जन विरोधी कानूनों के प्रति जताया रोष

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 6 जनवरी।** खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठनों के देशव्यापी आह्वान की कड़ी में एआईए डब्ल्यूयू, बीकेएमयू व एआईएआरएलए के 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कामरेड प्रेम चंद, सुनीता, बिमला, बबली, निर्मला, ऋषि पाल, रामपाल, नरेश कुमार ने उपायुक्त के माध्यम से तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। तीनों संगठनों के नेतृत्वकारी साथियों अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड प्रेम चंद, उपाध्यक्ष सुनीता, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के हरभजन सिंह बरटा व महेन्द्र सिंह बरोट तथा ऑल इंडिया एग्रीकल्चर रूरल वर्कर एसोसिएशन के नेता कर्मबीर व रोहताश ने बताया कि तीनों यूनियन केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए मजदूर विरोधी, जन विरोधी कानूनों के प्रति अपना गहरा रोष जाहिर करती हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने अपनी उपयोगिता को सिद्ध करके दिखाया है इससे ग्रामीण गरीबों को राहत मिली है। केंद्र सरकार ने मनरेगा को समृद्ध करने की बजाय विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजविका मिशन ग्रामीण को लाकर मांग आधारित सार्वभौमिक मनरेगा को खत्म कर दिया है। इसी तरह श्रमिकों के हित की 44 श्रम सहिंताओं को बदलकर 4 श्रम कोड लागू करके मजदूरों के साथ बड़ा धोखा किया गया है। उन्होंने यह भी कहा बिजली बिल 2025, सीड बिल, भूमि अधिग्रहण व विस्थापन से एक तो गरीब लोगों पर मार पड़ेगी तथा असमानता और गहरी होगी। दूसरा कारपोरेट पूंजीपतियों के मुनाफे के हित में अरावली पहाड़ियों को खत्म करने की कौशिश की जा रही हैं। ज्ञापन में रखी गई मांगों में मनरेगा को बहाल करने व विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण को रद्द करने तथा मनरेगा को समृद्ध करते हुए 200 दिन काम व 600 रुपए दिहाड़ी देने, श्रमिक विरोधी नए श्रम कोड रद्द करने व पुराने श्रम कानूनों को बहाल करने, बिजली बिल 2025, बीज बिल, विस्थापन व जबरन भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने तथा अरावली पहाड़ियों को बचाने व पर्यावरण को संरक्षित किये जाने आदि मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई गई।

## ‘तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा आज भी भक्तों को शांति देता है’

भजन के रचयिता श्री पंकज ने पचास के दशक में लिखा था यही भजन



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 6 जनवरी।** आज से कई वर्षो पूर्व एक ऐसे व्यक्तित्व ने आज के दिन विदा ली थी, लेकिन उनका वह भजन तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा... आज भी गुंजित होता है लगता है कि, आज भी वह जीवंत है वह ऐसा भजन दे गए जो आज भी धार्मिक समारोह जुलूस में गुंजित होता है। तुम से लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा, मेटो-मेटो जी संकट हमारा... यह पारस नाथ स्तुति एक ऐसी कालजयी रचना है जिसे हर आयु वर्ग के जैन-अजैन बालक, महिला-पुरुष बड़े ही भक्ति-भाव से गाते हैं, यहां तक कि, धार्मिक समारोह में बैण्ड वाले भी यह रचना बजा कर सब का मन मोह लेते हैं। अनेक गीत भजन ऐसे होते हैं जो बहुत लोकप्रिय होकर जन-जन की जुबान पर चढ़े रहते हैं, लेकिन समय के साथ-साथ उन्हें बिसरा दिया जाता है, लेकिन 1950 में लिखी तुमसे लागी लगन, पुरानी रचना होने पर भी इस की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। बच्चा-बच्चा इस स्तुति को आदर पूर्वक गाता दिखाई देता है। भारत ही नहीं विदेशों में रहने वाले जैन भी बहुत तन्मयता के साथ इसे गाते हैं। इसमें एक पंक्ति आती है *पंकज व्याकुल* पंकज इस रचना के गीतकार हैं। आचार्य देश भूषण जी महाराज के शिष्य मुनि श्री विद्यानंद जी महाराज भी इस भजन के मार्मिकव सैद्धांतिक शब्दों से बहुत प्रभावित थे। आचार्य विद्यानंद जी महाराज ने मुनि अवस्था में जब जयपुर शहर में अपना प्रथम चातुर्मास किया था तब वे अपनी धर्म सभा के प्रारम्भ में, तुम से लागी लगन को अपने श्रीमुख से गाकर, हजारों श्रोताओं द्वारा दोहरा कर इस स्तुति को प्रसिद्धि के आसमान तक पहुंचा दिया। मुनि विद्यानंद जी का प्रिय भजन होने पर भी उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि तुम से लागी लगन के लेखक पंकज का पूरा नाम क्या है और वे कहाँ के हैं। अजमेर निवासी पंकज का पूरा नाम माणक चन्द जी पाटनी *पंकज* था। अपनी ख्याति और नाम से दूर रहने वाले पंकजजी मुनि श्री विद्यानंद जी के प्रवचन सुनने जयपुर आते थे, तब मुनि श्री के मुखारविंद से स्वयं का भजन तुम से लागी लगन सुन कर प्रसन्न होते थे। एक बार एक सभा में पीछे बैठे पंकज जी को जयपुर के एक श्रेष्ठीजन ने पहचान कर मुनि श्री विद्यानंद जी को बताया कि, तुम से लागी लगन के लेखक आज की सभा में उपस्थित हैं तब मुनिश्री ने प्रसन्नता पूर्वक पंकज जी को मंच पर आमंत्रित किया तब ही मुनि श्री को ज्ञात हुआ कि, पंकज जी का पूरा नाम माणक चन्द जी पाटनी, अजमेर वाले हैं। मुनि श्री विद्यानंद जी ने सभा में श्रोताओं से पंकज जी का परिचय कराकर सम्मानित भी किया। स्वयं की ख्याति व प्रचार से दूर रहने वाले श्री मानक चन्द जी पाटनी च्पंकजज् जी का जन्म सन् 1910 में धर्मनगरी अजमेर में हुआ था।


**स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट**

**निविदा सूचना सं. S/35/2025-26; दिनांक: 02-01-2026।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**क्र.सं.-1; निविदा सं. 50/25/5416/ओटी/203/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 19-01-2026**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** आरडीएसओ विनिर्देशन सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 आरईवी. 2.1 या ताजा के अनुसार क्लैंपिंग और स्टे वायर व्यवस्था आधारित स्टेशन यूनिट के साथ क्लैम्प 1.25 पाइप पोल मास्ट के साथ इंड कनेक्टरर्स (30 मीटर) हाई गेन बेस एंटिना से साथ आई-लीड कनेक्टर्स एलएमआर 400 को-अकसीयल केबल के साथ प्लेन एमआईसी स्टैंडर्ड सहायक, पावर सप्लाई यूनिट सह बैटरी चार्जर (13.5वी/15ए), 12वी/100एएच वीआरएलए सहित वीएचएफ 25 वाट रेडियों की आपूर्ति और जांच। मेक: मोटोरोला या बेहतर, मेक/मॉडल: मोटोरोला एक्सआईआर एम8668आई एईएस 256 एन्क्रिप्शन। (वांरटी अवधि: डिलिवरी की तारीख से 30 माह तक)। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [यूवीएएम आइटम आरईएफ. (आइटेम आईडी:- 3100590-भारतीय रेलवे पर उपयोग किये वीएचएफ सेट)। सब आइटम आईडी: 3100590004-25 डब्ल्यू वीएचएफ डिजिटल रेडियो सेट)। (i) मात्रा-एसएसई/टेली/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 2.00 सेट। (ii) मात्रा-एसएसई/टेली/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 2 सेट। (iii) मात्रा-एसएसई/टेली/तिनसुकिया, एनएफआर (असम) के लिए 2.00 सेट। (iv) मात्रा-एसएसई/टेली/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 2.00 सेट। (v) मात्रा-सीनि. सेक्शन इंजीनियर/टेली/अलीपुरद्वार जं., एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 2.00 सेट। पी. एल. नं.: 520500382936।

**क्र.सं.-2; निविदा सं. 50/25/5399/ओटी/204/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 20-01-2026**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** एबीएस/आईबी सिग्नलिंग अप्लीकेशन से संबंधित दो अलग-अलग सिग्नलिंग प्रतिष्ठानों के बीच महत्वपूर्ण रिले स्थित सूचना के आदान-प्रदान के लिए यूएफएसबीआई इलेक्ट्रॉनिक्स की दोहरी अतिरेक व्यवस्था की आपूर्ति, जो ओएफसी/क्वाड मीडिया पर काम करती है और निम्नलिखित उपप्रणालीयों से मिलकर बनी हैं: (ए) आईआरएस विनिर्देशन सं. आईआरएस: एस-104/2012 वीईआर 0 (ताजा संशोधन) के अनुसार अतिरेक में यूएफएसबीआई इंटरफेस के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स। मात्रा: दो नग। (बी) यूएफएसबीआई के लिए मॉडेम (सेकेंडरी मीडिया ओएफसी/क्वाड के उपयोग के लिए)। मात्रा: दो नग। (सी) ओएफसी/क्वाड पर डेटा ट्रांसमिशन के लिए अतिरेक चैनलों पर काम करनेवाले मॉडेम का स्वचालित मीडिया परिवर्तन। मात्रा: दो नग। (डी) प्री-वायर्ड 36-यू फ्लोर माउंटिंग एमएस कैबिनेट, जिसमें दो सेट यूएफएसबीआई इलेक्ट्रॉनिक फिट हो सकते हैं। इस पर सीमेंस ग्रे/स्मोक ग्रे पाउडर कोटिंग (जंगरोधी और टिकाऊ) की गयी हैं। सामने के दरवाजे पर 3-4 मिमी मोटी टिंटेड एक्रिलिक/पॉलीकार्बोनेट/ग्लास शीट और पीछे के दरवाजे पर मेटल शीट लगी हैं। इसमें डबल लॉक और नीचे से केबल एंट्री की सुविधा है। मात्रा: एक नग; आइटम (ए) का निरीक्षण आरडीएसओ द्वारा और आइटम (बी), (सी) एवं (डी) निरीक्षण कंसाइनी द्वारा ओईएम टेस्ट रिपोर्ट के साथ किया जाएगा। नोट:1 पेयर में ऊपर उल्लेखित आइटम के 2 सेट होंगे। इंस्पेक्शन: आरडीएसओ 2 जोड़े (4 नग) एक आईबीएस सेक्शन 2 के लिए यूएफएसबीआई के एक जोड़े में 04 नग ओएफसी (डार्क फाइबर) मॉडेम, 04 नग क्वाड केबल मॉडेम, 04 नग स्वचालित मीडिया चेंजओवर और पूरी मीडिया रिडंडेंसी के लिए आवश्यक कोई अन्य उपकरण शामिल होंगे। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [यूवीएएम आइटम आरईएफ. (आइटम आईडी:- 3100245-यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटरफेस, सब आइटम आईडी:3100245001-यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटरफेस)। मात्रा-सीनि. सेक्शन इंजीनियर/एसआईजी/फकीराग्राम जं., एनएफआर (असम) के लिए 6 जोड़े। पी. एल. नं.: 522001060100।

**क्र.सं.-3; निविदा सं. 50/25/5377/ओटी/205/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 19-01-2026**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** विनिर्देशन सं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/72/2007 ताजा संशोधन नं 1 या ताजा के अनुसार 6 क्वाड केबल, 1.4 मिमी डाय कॉपर कंडक्टर, पॉलीथीन इंसुलेटेड स्क्रीन्ड, वायर/स्ट्रिप, गैल्वेनाइज्ड स्टील आर्मर्ड, अंडरग्राउंड, जेली फिल्ड की आपूर्ति। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [यूवीएएम आइटम आरईएफ. (आइटम आईडी:- एस एंड टी इंस्टॉलेशन के लिए 3100047 क्वाड केबल, सब आइटम आईडी: 3100047002-1.4 मिमी डाय कॉपर कंडक्टर 4/6 क्वाड केबल)। मात्रा-सीनि. सेक्शन इंजीनियर/टेली/अलीपुरद्वार जं. (पश्चिम बंगाल) के लिए 63 किलोमीटर। पी. एल. नं.: 561100195159।

**क्र.सं.-4; निविदा सं. 50/25/5403/ओटी/206/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 29-01-2026**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** (1) आरडीएसओ विनिर्देशन आरडीएसओ/ एसपीएनटीसी/106/2025, वीईआर 3.1 या ताजा के अनुसार 59 (डुअल कैब) एचएचपी डीजल लोकोमोटिव में आईपी बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, संस्थापन, जांच और कमीशनिंग। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 36 महीने]। मात्रा-एसएसई/आईसी/मेक, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 59 सेट। पी. एल नं. - 161706150016। (2) आरडीएसओ विनिर्देशन सं. आरडीएसओ/ एसपीएन/टीसी/106/2025 संस्करण 3.1 के अनुसार 59 नग दोहरी कैब एचएचपी डीजल लोकोमोटिव के लिए पांच साल का सीएएमसी, दिनांक 04-06-2025 से प्रभावी, सीएलडब्ल्यू दस्तावेस सं. सीएलडब्ल्यू/ईएलडीओ/एएमसी/वीएसएस/01 आरईवी-0 एएलटी-सी, जिसमें फिटमेंट के लिए जरूरी सभी उपकरण शामिल हैं। [वांरटी अवधि: 3 वर्ष, एएमसी अवधि: 5 वर्ष, छूट की दर: 10%]। मात्रा-एसएसई/आईसी/मेक, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 59 सेट। पी. एल. नं.: 16170615001।

**नोट:-** निविदा सूचना और निविदा कागजात के पूर्ण विवरण के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** को लॉग ऑन करें। भावी बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने को इच्छुक हैं को उपरोक्त वेबसाइट के साथ अपने-आप को लॉग इन करना होगा और यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत हैं तो उन्हें अपने प्रस्ताव को इलेक्ट्रॉनिकली जमा करना होगा। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं हैं तो, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी एक्ट 2000 के अंतर्गत प्रमाणन एजेंसियों से क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र प्राप्त करें और उपरोक्त निविदाओं में भाग लें।

**पीसीएमएम/मालीगांव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7061



**स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट**

**निविदा सूचना संख्या: S/34/2025-26, दिनांक: 31-12-2025.** निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्या: 61/25/5660/OT/197/2025-26; बंद होने/खोलने की तिथि: 22-01-2026.**

**संक्षिप्त विवरण :** ड्राइंग संख्या टी55-2025 के अनुसार आईआरएस विनिर्देशों में उल्लिखित निर्धारित नवीनतम के अनुसार आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी- 4732 के अनुसार 52 केजी 12 में 1 टर्नआउट के लिए फिटिंग। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगाँव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 226 सेट। पी.एल. संख्या-60090261.

**क्र.सं.:2; निविदा संख्या: 61/25/5654/OT/198/2025-26; बंद होने/खोलने की तिथि: 23-01-2026.**

**संक्षिप्त विवरण :** आरडीएसआ ड्राइंग संख्या टी-4865 के अनुसार 8.5 में 1, 52 केजी टर्नआउट के लिए फिटिंग। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 30 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगाँव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 314 सेट। पी.एल. संख्या- 601600020994.

**क्र.सं.:3; निविदा संख्या: 50/25/5376/OT/199/2025-26; बंद होने/खोलने की तिथि: 16-01-2026.**

**संक्षिप्त विवरण :** (1) आरडीएसओ की विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025 संस्करण 3.1 दिनांक 04.06.2025 से प्रभावी के अनुसार भारतीय रेल के रोलिंग स्टॉक हेतु द्वि-कैब डीज़ल लोकोमोटिवों के लिए आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, जिसमें फिटमेंट हेतु आवश्यक सभी सहायक उपकरण शामिल हैं। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 42 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/डी/न्यू गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 74 सेट। पी.एल. संख्या-295000340075. (2) आरडीएसओ की विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025 संस्करण 3.1 दिनांक 04.06.2025 से प्रभावी और सीएलडब्ल्यू दस्तावेज़ संख्या सीएलडब्ल्यू/ईएलडीओ/एएमसी /वीएसएस/01 रेव -0 ऑल्ट-सी के अनुसार द्वि-कैब डीज़ल लोकोमोटिवों के लिए फिटमेंट हेतु आवश्यक सभी सहायक उपकरणों सहित पाँच वर्षों की अवधि के लिए सीएएमसी। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के बाद के महीने, एएमसी अवधि : 5 वर्ष, छूट की दर: 10% शुरू 3 वर्षों के बाद) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0)। आइटम प्रकार: एएमसी। एसएसई/डी/न्यू गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 74 संख्या। पी.एल. संख्या- 29500034007. (3) आरडीएसओ की विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025 संस्करण 3.1 दिनांक 04.06.2025 से प्रभावी के अनुसार भारतीय रेल के रोलिंग स्टॉक हेतु सिंगल कैब डीज़ल लोकोमोटिवों के लिए आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, जिसमें फिटमेंट हेतु आवश्यक सभी सहायक उपकरण शामिल हैं। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 42 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग:) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। एसएसई/डी/न्यू गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 33 सेट। पी.एल. संख्या-295000340063. (4) आरडीएसओ की विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025 संस्करण 3.1 दिनांक 04.06.2025 से प्रभावी और सीएलडब्ल्यू दस्तावेज़ संख्या सीएलडब्ल्यू/ईएलडीओ/एएमसी / वीएसएस/01 रेव -0 ऑल्ट-सी के अनुसार सिंगल कैब डीज़ल लोकोमोटिवों के लिए फिटमेंट हेतु आवश्यक सभी सहायक उपकरणों सहित पाँच वर्षों की अवधि के लिए सीएएमसी। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के बाद के महीने, एएमसी अवधि : 5 वर्ष, छूट की दर: 10% शुरू 3 वर्षों के बाद) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0)। आइटम प्रकार: एएमसी। एसएसई/डी/न्यू गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 33 संख्या। पी.एल. संख्या-29500034006.

**क्र.सं.:4; निविदा संख्या: 30/25/1126A/OT/200/2025-26; बंद होने/खोलने की तिथि: 22-01-2026.**

**संक्षिप्त विवरण :** नवीनतम संशोधन एवं परिशोधन सहित पावर कार (एलडब्ल्यूएलआरआरएम) साइड - 2, एसी थ्री टियर स्लीपर/ ईओजी (एलडब्ल्यूएससीएन) ड्राइंग संख्या :- 1268836 संस्करण- 01 या नवीनतम मैट. विनिर्देश :- आरडीएसओ/2017/सीजी-01 (रेव-03) के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग (आउटर)। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 72 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : हैं, स्टेज: 3) (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम : 3100426, फिएट और ट्रेन सेट डिज़ाइन बोगियों वाले आई.आर. कोचों के सस्पेंशन में उपयोग के लिए हॉट कॉइल्ड सिलिंड्रिकल स्प्रिंग, सब आइटम : फिएट बोगी के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग) आइटम प्रकार: सामान (आपूर्ति)। (i) डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 101 संख्या। (ii) पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 5 संख्या, (iii) न्यू बंगाईगाँव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 54 संख्या। पी.एल. संख्या- 33502640.

**क्र.सं.:5; निविदा संख्या: 60/25/5137A/OT/201/2025-26; बंद होने/खोलने की तिथि: 28-01-2026.**

**संक्षिप्त विवरण :** (1) सीएनसी वर्टिकल टर्निंग लेथ की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग, साथ में सहायक उपकरण, मशीन को पूर्णत: कार्यशील बनाने हेतु आवश्यक कोई अन्य आवश्यक सहायक उपकरण तथा वारंटी अवधि के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के दौरान निवारक अनुरक्षण। (वारंटी अवधि :- डिलीवरी की तारीख से 24 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0)। एसएसई/डब्ल्यूटीएस/डिब्रुगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर के लिए मात्रा - 1 संख्या। पी.एल. संख्या-659018810030. (2) खंड 17 के अनुसार वारंटी अवधि के पश्चात् छह वर्षों के लिए समग्र एएमसी की लागत। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के बाद के महीने, एएमसी अवधि : 5 वर्ष, छूट की दर: 10% शुरू 2 वर्षों के बाद) (निरीक्षण एजेंसी : सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्टर : लागू नहीं, स्टेज: 0)। आइटम प्रकार: एएमसी। एसएसई/डब्ल्यूटीएच/डिब्रुगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1 संख्या। पी.एल. संख्या- 65901881. (3) धारा IV के खंड 4.3 में निर्दिष्ट व्यक्तिगत वस्तुओं के ब्रेकअप के साथ वैकल्पिक सहायक उपकरण। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 24 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम प्रकार : सामान (वैकल्पिक स्पेयर)। एसएसई/डब्ल्यूटीएच/डिब्रुगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1 संख्या। पी.एल. संख्या- 65901882. (4) धारा V के खंड 6 के अनुसार उपभोग्य सामग्री, जिसमें लागू होने पर प्रत्येक वस्तुओं का पृथक विवरण शामिल हो। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 24 महीने तक) (निरीक्षण एजेंसी : टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर : नहीं, स्टेज: 0) (यूवीएएम लिंकिंग: आइटम प्रकार : सामान (वैकल्पिक स्पेयर)। एसएसई/डब्ल्यूटीएच/डिब्रुगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1 संख्या। पी.एल. संख्या-65901883.

**क्र.सं.:6; निविदा संख्या: 82/25/5214A/OT/202/2025-26; बंद होने/खोलने की तिथि: 22-01-2026.**

**संक्षिप्त विवरण :** बायो केमिस्ट्री और इम्यूनोएसे टेस्ट के लिए पूरी तरह से ऑटोमेटेड इंटीग्रेटेड एनालाइज़र (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख से 60 महीने तक)। एमडी/सीएच/मालीगाँव, एनएफआर (असम) के लिए मात्रा - 1 संख्या। पी.एल. संख्या- 824054200019.

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मालीगाँव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7049



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 67/ईटी/2025-26 दिनांक: 31.12.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03252040 | सेट ऑफ सीट अटैचमेंट प्रोफाइल फार एलएचबी नान एसी चेयर कार कोचेज | 170 सेट | 22.01.2026 |
| 02 | 03252043 | सेट ऑफ एल्मुनियम पाउडर कोटेड रुफ पैनलस फॉर एलडब्लूएससीजेड कोचेज | 170 सेट | 21.01.2026 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 60 ईटी/2025-26 दिनांक: 26.11.2025 | टेंडर नं. 03251750ए | निविदा खुलने की तिथि 30/12/2025 के स्थान पर तिथि 17/01/2026 पढे |
| 02 | 61 ईटी/2025-26 दिनांक: 29.11.2025 | टेंडर नं. 15255280 | निविदा खुलने की तिथि 29/12/2025 के स्थान पर तिथि 16/01/2026 पढे |
| 03 | 63 ईटी/2025-26 दिनांक: 11.12.2025 | टेंडर नं. 15255293 | निविदा खुलने की तिथि 06/01/2026 के स्थान पर तिथि 20/01/2026 पढे |
| 04 | 65 ईटी/2025-26 दिनांक: 22.12.2025 | टेंडर नं. 15255292 | निविदा खुलने की तिथि 06/01/2026 के स्थान पर तिथि 20/01/2026 पढे |

(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)

उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. -एमसीएफ / आरबीएल/टेंडर/फेबरिकेशन ऑफ रूफ कम्प्लीट/2025-26 & 2026-27/ सी681 दिनांक 01.01.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है- **कार्य का नाम:-** कार्यक्षेत्र के अनुसार रोबोटिक लाइन पर रूफ कंप्लीट का फेब्रिकेशन।, **कार्य की अनुमानित लागत (रु):-** ₹ 2,55,99,392.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु):-** शून्य, **अमानत राशि:-** ₹ 2,78,000,00, **कार्य की मात्रा:-** 1456 कोच सेट रूफ।, **कार्य समापन की अवधि** - 15 माह।, • निविदा बंद होने की तिथि एवं समय दिनांक 28.01.2026 को 15.00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-7065



**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल, पटियाला-147001

जीएसटीआईएन 03एएएफसीपी5120क्यू1जेडसी

मो. 96461-13034, ई-मेल: Xenbatalaw@yahoo.com

**निविदा पूछताछ सं. 05/2025-26/पीएसपीसीएल** **दिनांक: 05.01.2026**

अतिरिक्त/एसई, ओपी उप शहरी मंडल, पीएसपीसीएल, बटाला के अधीन एक वर्ष के लिए कार्यालय एई/ओपी, उप मंडल पीएसपीसीएल नॉर्थ बटाला के लिए एक संख्या डीजल वाहन महिंद्रा जीनियस/बोलेरो कैंपर/टाटा 207/408 अथवा समान मूल्य के वाहन की हायरिंग।

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि | : 20.01.2026 |
| निविदाएं प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | : 20.01.2026, 11.00 बजे |
| निविदाएं खुलना | : 05.01.2026, 13.00 बजे |
| निविदा दस्तावेज की लागत | : रु. 1180/- (जीएसटी सहित) |

विस्तृत निआसू/विनिर्देशन/नियम एवं शर्ते पीएसपीसीएल की वेबसाईट (www.pspcl.in) से डाउनलोड की जा सकती हैं, शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ, समाचारपत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा, किसी अद्यतन के लिए नियमित तौर पर वेबसाईट पर पधारें।

सी19/26

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की नीड-बेस्ड चेंजिस पॉलिसी पर विवाद जारी

# कमेटी गठित, रिपोर्ट में मिलेगी राहत, कितनी स्टेकहोल्डर्स को इंतजार

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** नीड बेस्ड चेंजिस यानि फ्लैटों/घर में परिवार की जरूरत के हिसाब से किए गए बदलावों को लेकर बरसों से विवाद चल रहा है। जनवरी 2023 में नई नीति जारी की गई थी, जिसमें पहले दी गई कई छूटें वापस ली गई और उन्हें उल्लंघन (वायलेशंस) मान लिया गया। इससे लगभग 55,000 से 62,000 सीएचबी फ्लैटों में बदलावों को अब अनधिकृत बताया जा रहा है। निवासियों का कहना है कि ये बदलाव घर की बढ़ती जरूरतों के कारण किए गए थे, लेकिन अब इन्हें भूल-चूक मानकर दंडित किया जा रहा है। सीएचबी प्रशासन ने लाखों घरों को वायलेशन नोटिस भेजे हैं (लगभग 25,000-30,000 सक्षम नोटिस)। ऐसे बदलावों को मेजर बिल्डिंग उल्लंघन कहा जा रहा है, जिनके लिए जुर्माना, सीलिंग या यहां तक कि मकान खाली करवाना भी हो सकता है। कई निवासी कह रहे हैं कि उन्हें न्यू पॉलिसी के बारे में पूर्व सूचना नहीं मिली और ये नियम उन्हें समझ में नहीं आए। फ्लैट मालिक मुद्दों के विरोध में लामबंद हैं और पॉलिसी वापस लेने की माँग कर रहे हैं। रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन से नीड-बेस्ड पॉलिसी को पुनः समीक्षा करने का आग्रह किया है। निवासियों का कहना है कि पॉलिसी ने पुराने करारों/छूटों को मान्य नहीं किया और बहुत से मौजूदा बदलावों को अवैध घोषित कर दिया। अब प्रशासन ने 11-सदस्यीय समीक्षा कमिटी बनाई है जो 2023 की पॉलिसी का पुनरावलोकन करेगी और रिपोर्ट तीन हफ्तों में देगी। बोर्ड के निदेशकगण जल्द बैठक कर इस मुद्दे पर निर्णय लेने की तैयारी कर रहे हैं।



### निवासियों को जो समस्याएँ महसूस हो रही हैं

- कानूनी नोटिस और जुर्माना
- नए नियम के तहत पुराने बदलावों को वायलेशंस माना जा रहा है, जिससे घरों को नोटिस मिल रहे हैं
- यदि नियमों के अनुरूप नहीं किया गया तो सीलिंग, खाली करवाने या भारी शुल्क का सामना करना पड़ सकता है
- पहले जो जरूरी बदलाव मान लिए जाते थे (जैसे अतिरिक्त कमरे, बालकनी, छज्जा आदि), अब उन्हें अनधिकृत कहा जा रहा है
- नागरिक यह भी दावा कर रहे हैं कि प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की गलत व्याख्या की है और इससे नियम सख्त हो गए हैं
- सीएचबी रेजीडेंट फेडरेशन ने मुख्य सचिव से मिलकर इस मामले को उठाया है और समाधान के लिए बातचीत की मांग की थी
- कुछ राजनेताओं द्वारा भी उच्च अधिकारियों से इस विषय पर तत्काल कार्रवाई और स्पष्ट दिशा निर्देश मांगे जा रहे हैं
- चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड की नीड-बेस्ड चेंज नीति पर विवाद मुख्य रूप से इसलिए है कि पुराने बदलावों को वायलेशंस माना जा रहा है। बड़े पैमाने पर लोगों को नोटिस दिए जा रहे है। नीति की पुनरावृत्ति और समीक्षा की माँग उठ रही है। प्रशासन ने समीक्षा कमेटी बनाई है और इस मामले पर अंतिम निर्णय करने वाला है

### तीन साल बाद 11 सदस्यीय समिति गठित



चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) की नीड-बेस्ड बदलावों की नीति को लेकर लंबे समय से लटका मामला अब आगे बढ़ता दिख रहा है। केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने आखिरकार 3 जनवरी 2026 को 11 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन कर दिया है, जो 3 जनवरी 2023 को अधिसूचित नीति की समीक्षा करेगी। यह नीति पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से ठप पड़ी थी। यूटी प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के निर्देश पर यह समिति गठित की गई है। समिति का मुख्य उद्देश्य नीति में किए गए बदलावों की जांच करना है, ताकि वे भवन नियमों, चंडीगढ़ मास्टर प्लान और सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुरूप हों। यदि कोई बदलाव सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 3 जनवरी 2023 को जारी नीति को महज एक सप्ताह बाद ही सुप्रीम कोर्ट के 10 जनवरी 2023 के फैसले के कारण रोक दिया गया था। कोर्ट ने फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) में किसी भी तरह की बढ़ोतरी को फ्रीज कर दिया था और हेरिटेज जोन में अपार्टमेंटलाइजेशन पर रोक लगा दी थी। सीएचबी बोर्ड के एक सदस्य के अनुसार, नीति अधिसूचना से पहले जारी हुई थी, इसलिए उसे पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जा सकता। निवासियों का विरोध जारी है। सीएचबी की लगभग 62,000 आवास इकाइयों में से करीब 55,000 में अतिरिक्त कमरे, बंद बालकनियां, कवर्ड आंगन जैसी नीड-बेस्ड बदलाव किए गए हैं। सीएचबी रेजीडेंट फेडरेशन का कहना है कि 2023 की नीति ने पिछली छूटों को वापस ले लिया और कई सामान्य बदलावों को उल्लंघन की श्रेणी में डाल दिया। मिडल इनकम ग्रुप (एमआईजी) डुप्लेक्स फ्लैट्स के सामने निर्माण और पहली मंजिल पर अतिरिक्त कमरा बनाने पर रोक लगा दी गई, जबकि 2010, 2015, 2016 और 2019 की नीतियों में ये छूट दी गई थी। सीएचबी ने 2010 से अब तक नीति में पांच बार संशोधन किया है। निवासियों ने नीति को पूरी तरह वापस लेने और दिल्ली मॉडल की तर्ज पर वन-टाइम सेटलमेंट की मांग की है। फरवरी 2025 में बोर्ड बैठक में स्पष्ट किया गया था कि व्यापक नियमितीकरण नीति नहीं बनाई जा सकती, लेकिन मामूली बदलावों को यूटी शहरी नियोजन विभाग की मंजूरी से अनुमति दी जा सकती है। सीएचबी रेजीडेंट फ़ेडरेशन के प्रतिनिधियों ने प्रशासक से बार-बार गुहार लगाई थी, जिसके बाद यह समिति बनी है। उम्मीद है कि समिति की रिपोर्ट से हजारों आवंटियों को राहत मिलेगी। समिति की कार्यवाही पर सभी की नजरें टिकी हैं।


### भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मेयर अरूण सूद



मेरे जनता दर्शन कार्यक्रम में नीड बेस्ड चेंज चाहे किसी भी क्षेत्र से जुड़ा हो लेकर लोग पहुंचते हैं। अपने व पार्टी के स्तर पर भरपूर कोशिश है कि लोगों को राहत मिले। कई महत्वपूर्ण मुद्दों का पहले भी हल केंद्र सरकार से कराया है। आगे भी कोशिश रहेगी लोगों को फायदा मिले।

## शहर के अन्य क्षेत्रों में भी एकमुश्त राहत (एमनेस्टी स्कीम) जारी हो

**कमर्शियल, इंडस्ट्रियल, रेजिडेंशियल परिसरों व को-ऑपरेटिव सोसायटीज को भी मिले राहत: कैलाश जैन**



चंडीगढ़ प्रशासन के उस निर्णय का जोरदार स्वागत किया है, जिसमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों में नीड बेस्ड चेंजेस (जरूरत आधारित आंतरिक बदलावों) की समीक्षा के लिए 11 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कैलाश जैन ने इसे जनहित में उठाया गया दूरदर्शी कदम करार देते हुए कहा कि इस फैसले से हजारों परिवारों को वर्षों से चली आ रही अनिश्चितता और मानसिक तनाव से बड़ी राहत मिलेगी। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कैलाश जैन ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के अलावा शहर के कमर्शियल, इंडस्ट्रियल, रेजिडेंशियल परिसरों तथा कोऑपरेटिव सोसायटीज में भी बड़ी संख्या में ऐसे मामले लंबित हैं, जहां प्लॉट या भवन की स्वीकृत सीमा (बाउंड्री लाइन) के अंदर ही जरूरत के मुताबिक आंतरिक बदलाव किए गए हैं, लेकिन इन्हें बिल्डिंग वायलेशन मानकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे व्यवहारिकता के विपरीत बताया। कैलाश जैन ने आगे कहा कि समय के साथ परिवारों की संरचना, सुरक्षा जरूरतें, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की सुविधाएं, अग्नि सुरक्षा, वेंटिलेशन तथा स्वच्छता संबंधी आवश्यकताएं बदल चुकी हैं। यदि किए गए बदलाव सार्वजनिक भूमि या पड़ोसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते, तो उन्हें अवैध घोषित करना न्यायोचित नहीं है। साथ ही, दशकों पुराने बिल्डिंग बायलॉज अब वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं रहे, जिनमें संशोधन और युक्तियुक्त लचीलापन लाना जरूरी है। इस संबंध में कैलाश जैन ने प्रशासक तथा पंजाब के राज्यपाल को पत्र लिखकर मांग की है कि हाउसिंग बोर्ड की तर्ज पर शहर के सभी अन्य क्षेत्रों में भी एकमुश्त राहत (एमनेस्टी स्कीम) लागू करने के लिए एक विशेष उच्चस्तरीय कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी बाउंड्री लाइन के अंदर किए गए नीड बेस्ड चेंजेस, सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी बदलावों तथा पुराने बायलॉज की समीक्षा कर रेगुलराइजेशन की सरल व्यवस्था सुझाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कदम से न केवल आम नागरिकों, व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिलेगी, बल्कि अनावश्यक नोटिस, विवाद और मुकदमेबाजी में भी कमी आएगी। इससे चंडीगढ़ को ईज ऑफ लिविंग तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मानकों पर और मजबूती मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि प्रशासन शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में भी समान राहत प्रदान करेगा।

## एमसी कमिश्नर ने मौली जागरण और सुंदर नगर में लाइब्रेरी सुविधाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** स्थानीय निवासियों की बढ़ती शैक्षिक और सामुदायिक ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार ने मौली जागरण और सुंदर नगर के कम्युनिटी सेंटरों का दौरा किया ताकि इन इलाकों में लाइब्रेरी सेवाओं को मज़बूत करने की ज़रूरतों की समीक्षा की जा सके। उनके साथ सुपरिटेंडिंग इंजीनियर (बी एंड आर) और इलाके के पार्षद मनोज सोनकर और श्रीमती बिमला दुबे भी थे।

दौरे के दौरान, कमिश्नर ने स्थानीय निवासियों, खासकर स्कूल जाने वाले छात्रों के लिए सुलभ लाइब्रेरी सुविधाओं के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने संबंधित इंजीनियरिंग अधिकारियों को दोनों कम्युनिटी सेंटरों में लाइब्रेरी सेवाओं को चालू करने और कुशलता से चलाने के लिए एक व्यापक और अच्छी तरह से संरचित योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों और निवासियों को उनके घर के पास ही अच्छी क्वालिटी के पढ़ने और सीखने के संसाधन उपलब्ध हों, जिससे आस-पड़ोस में शिक्षा और पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा मिले।

लाइब्रेरी से संबंधित बुनियादी ढांचे की समीक्षा के अलावा, कमिश्नर ने इलाके में चल रहे और प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। इनमें निवासियों के लिए बुनियादी नागरिक सुविधाओं को मज़बूत करने के उद्देश्य से परियोजनाएं शामिल थीं। कार्यों के इरादे पर संतोष व्यक्त करते हुए, कमिश्नर ने संबंधित इंजीनियरों को विकास की गति तेज़ करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता से समझौता किए बिना, निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो जाएं।

कमिश्नर ने स्वच्छता मानकों के नज़रिए से आसपास के इलाकों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए स्वच्छता और साफ-सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखने का निर्देश दिया, और एक स्वच्छ, स्वस्थ और नागरिक-अनुकूल शहर के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने बुडैल जेल का किया निरीक्षण, कैदियों के पुनर्वास व कौशल विकास पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 6 जनवर।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को बुडैल जेल का दौरा कर जेल में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, कैदियों के कल्याण, कौशल विकास कार्यक्रमों और स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उनके साथ चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

प्रशासक ने सबसे पहले जेल की रसोई का निरीक्षण किया और तैयार किए जा रहे भोजन के मेन्यू की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता और पोषण स्तर का आकलन किया तथा स्वच्छता और संतुलित आहार पर विशेष जोर दिया। आधुनिक रसोई उपकरणों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई।

इसके बाद स्वीट्स सेक्शन का निरीक्षण करते हुए प्रशासक ने कैदियों द्वारा तैयार की जा रही मिठाइयों की गुणवत्ता देखी। अधिकारियों ने उन्हें यहां उपलब्ध कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और इस कार्य में लगे कैदियों को दिए जा रहे दैनिक वेतन के बारे में अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने जेल परिसर में संचालित जीवन धारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का भी जायजा लिया। यहां 10वीं पास कैदियों को वुडवर्क टेक्नीशियन और सिलाई तकनीक जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशासक ने प्रशिक्षकों और कैदी विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को विभिन्न विभागों से समन्वय कर मरम्मत व रखरखाव से जुड़े कार्य सौंपने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

महिला जेल का भी निरीक्षण महिला जेल के निरीक्षण के दौरान प्रशासक ने रसोई, लाइब्रेरी-कम-रीडिंग रूम और आईटीआई से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने महिला कैदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विशेष रूप से उन अंडरट्रायल कैदियों को लेकर चिंता जताई, जिनके पास जमानत के लिए पारिवारिक या सामाजिक सहयोग नहीं है। प्रशासक ने जेल डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की व्यवस्था, मरीजों के रिकॉर्ड और सरकारी अस्पतालों में रेफरल प्रणाली की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नियमित रूप से डॉक्टरों की तैनाती होती है और गंभीर मामलों में विशेष इलाज के लिए कैदियों को अस्पताल भेजा जाता है।

### अंडर ट्रायल कैदी संगीत में दिखा रहे रुचि

सांस्कृतिक और पुनर्वास गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रशासक ने संगीत प्रशिक्षक से बातचीत की और बताया गया कि कई अंडरट्रायल कैदी संगीत में रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने महिला कैदियों के लिए भी इस तरह की गतिविधियां शुरू करने पर जोर दिया। इसके साथ ही केंद्रीकृत रेडियो स्टेशन और पब्लिक एड्रेस सिस्टम का निरीक्षण किया गया, जिसके माध्यम से पूरे जेल परिसर में दिनभर ओम मंत्र का प्रसारण किया जाता है। निरीक्षण के अंत में प्रशासक ने अधिकारियों को लंबे समय से जेल में बंद अंडरट्रायल कैदियों के मामलों पर विशेष ध्यान देने, समय पर कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित करने और जेल परिसर के भीतर सड़कों की मरम्मत कर बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

## 16 वर्षीय गीतांजलि ने जीता 'फॉरएवर मिस टीन चंडीगढ़ 2025' का खिताब

**सिंगल मदर की संतान हैं गीतांजलि**




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** चंडीगढ़ की 16 वर्षीय गीतांजलि ने एक ब्यूटी पैजेंट में टाइटल विनर का खिताब जीत न केवल अपने परिवार का बल्कि अपने स्कूल और चंडीगढ़ शहर का भी नाम रोशन किया है। सिंगल माँ की संतान गीतांजलि ने इस छोटी उम्र में ही खिताब जीत भविष्य की ऊंचाइयों की तरफ कदम बढ़ा दिया है। सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा 16 वर्षीय गीतांजलि ने बताया कि उनके पिता जी का 10 वर्ष पूर्व निधन हो गया था। उनकी माँ शैली ने सिंगल मदर होते हुए उसे और उसकी छोटी बहन के पालन पोषण में कोई कसर नही छोड़ी। उन्होंने उन दोनो की अच्छी पढ़ाई और उनके सपनों को पूरा करने में दिन रात एक किए हैं। उसके मॉडलिंग की तरफ बढ़ते पैशन को देखते हुए उनकी माँ ने भरपूर सहयोग दिया। उनके मम्मी की स्पोर्ट से वो इस मुकाम को हासिल कर सकी। गीतांजलि ने बताया कि जयपुर में आयोजित फॉरएवर मिस टीन 2025 ब्यूटी पैजेंट के फाइनल में देश भर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। फाइनल तीन में जब उन्हें चुना गया और जब टाइटल विनर घोषित किया गया तो वो अचंभित रह गई। एक पल तो वो यकीन ही नही कर पाई। जब उन्हें क्राउन पहनाया गया, तो उनकी खुशी का ठिकाना ही नही रहा।

ब्यूटी पैजेंट के सभी राउंड उन्होंने बड़े ही अच्छे से पार किए और ज्यूरी द्वारा पूछे गए सवालों का भी सूझबूझ से जवाब दिया। जिसकी बदौलत वो पैजेंट में टाइटल विनर का खिताब जीत सकी। गीतांजलि ने बताया कि वो टाइटल विनर बनीं और ग्रैंड फिनाले में उन्हें फॉरएवर मिस टीन इंडिया 2025 का ताज पहनाया गया। ब्यूटी पैजेंट में उनकी जर्नी उनकी शालीनता, आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता और मजबूत इरादे के लिए सबसे अलग रही, जिससे उन्हें ताज और राष्ट्रीय पहचान मिली। गीतांजलि ने भविष्य में अपने प्रोजेक्ट पर बताया कि वो म्यूजिक के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहेंगी। अगर ब्यूटी पैजेंट के क्षेत्र की बात करें तो वो मिस इंडिया कांटेस्ट में जरूर भाग लेंगी। फिनाले में अलग-अलग बैकग्राउंड वाली बेहतरीन फाइनलिस्ट्स ने हिस्सा लिया, जो सभी आधुनिक भारतीय नारीत्व की भावना को दर्शाती थीं। प्रोफेशनल मेंटरिंग, इंटेंसिव ग्रूमिंग सेशन और हाई प्रोडक्शन स्टैंडर्ड के साथ, इस इवेंट ने महिलाओं को सशक्त बनाने और प्रभावशाली रोल मॉडल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया है।

## सेक्टर-31 व सेक्टर-15 ग्रुप होम में दूसरे चरण के प्रवेश की तैयारी, अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा सेक्टर-31 स्थित ग्रुप होम (पेड होम) तथा सेक्टर-15 स्थित बेसिक सुविधाओं वाले स्मॉल ग्रुप होम में दूसरे चरण के प्रवेश की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की दिशा में कदम तेज कर दिए गए हैं। सेक्टर-15 का स्मॉल ग्रुप होम चंडीगढ़ के पात्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। प्रवेश प्रक्रिया के तहत मंगलवार को सेक्टर-31 स्थित ग्रुप होम में अभिभावकों और संरक्षकों के लिए संवाद एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण सचिव और समाज कल्याण निदेशक, चंडीगढ़ प्रशासन ने भाग लिया। करीब 30 अभिभावकों/संरक्षकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर ग्रुप होम के उद्देश्यों, उपलब्ध सुविधाओं, प्रवेश मानदंड, दैनिक दिनचर्या और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आवासीय सुविधाओं, देखभाल एवं सहयोग सेवाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा निवासियों के लिए उपलब्ध सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभिभावकों को खुले संवाद के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनके सभी सवालों का संतोषजनक समाधान किया गया। विभाग का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों में विश्वास पैदा करना और प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। समाज कल्याण विभाग ने बताया कि दूसरे चरण के प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 12 जनवरी 2026 शाम 5:30 बजे तक कर दी गई है। इच्छुक अभिभावक और संरक्षक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट 222.ष्द्धस्न्द्य2.द्द१1.द्धठ्ठ से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रशासन ने दोहराया कि ग्रुप होम के माध्यम से निवासियों को सुरक्षित, सहयोगात्मक और सम्मानजनक जीवन-पर्यावरण उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है और पात्र अभिभावकों से अपील की है कि वे तय समय-सीमा के भीतर इस अवसर का लाभ उठाए

## इंडस्ट्रियल एरिया की दीनदयाल कालोनी की क्षतिग्रस्त वाटर पाइप लाइनें होंगी तब्दील

**78.29 लाख रुपये खर्च का अनुमान**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1 दीनदयाल उपाध्याय कालोनी, चंडीगढ़ में पुरानी जंग लगी क्षतिग्रस्त सीआई वाटर सप्लाई लाइनों को तब्दील कर नई पाइन लाइनें डाली जायेंगी। इससे संबंधित प्रस्ताव नगर निगम की विगत 30 सितंबर को आयोजित मासिक सदन बैठक में ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया है।

बताना जरूरी होगा कि इसकी जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि मौजूदा कास्ट आयरन (सीआई) पाइन लाइनें (6 इंच आई/डी और 4 इंच आई/डी) अपनी उपयोगी जीवन अवधि से अधिक हो चुकी हैं। यह क्लोरीन वाली पानी के लंबे समय तक संपर्क में रहने के चलते ज्यादा कमजोर हो गई हैं। ये पुरानी पाइप लाइनें लगभग 10 फुट गहराई में बिछाई गई हैं। अब इनमें अक्सर बार-बार लीकेज हो रही है। किसी भी बाहरी बल या जमीन की मामूली हलचल से तत्काल नुकसान हो सकता है।

### पाइप की ज्वाइंट में बढ़ जाता है तनाव

इसके अलावा अलग-अलग जमीन की ऊंचाई और ढलालन के कारण साइट की स्थिति चुनौतीपूर्ण हो जाती है, जिससे पाइप के जोड़ों पर तनाव बढ़ जाता है। इसके कारण बार-बार खराबी होती है। इसलिए दीनदयाल उपाध्याय कालोनी और इंडस्ट्रियल प्लाटों में मकान नं. 756 से 865 तक पेयजल आपूर्ति को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों को रोकने के लिए नई 6 इंच आई/डी और4 इंच आई/डी जलापूर्ति पाइन लाइनें बिछा कर एक स्थायी समाधान की तुरंत जरूरत है।

### 7 पाइप लाइनें हो चुकी हैं क्षतिग्रस्त

प्रभावित क्षेत्र के लिए आवश्यक फील्ड डेटा के अनुसार अनुमान तैयार किया गया है, ताकि लगभग 840 मीटर और 1165 मीटर लंबाई की 100 मिमि 4 इंच आई/डी और 1500 मिमि 6 इंच आई/डी डीआई क्लास के 7 पाइन लाइन प्रदान की जा सके और बिछाई जा सके। इसके साथ ही पेयजल को कंट्रोल करने में मदद के लिए 6 इंच आई/डी और 4 इंच आई/डी स्कूल वाल्व स्थापित किये जा सकें।

### लीकेज होंगी नियंत्रित

साथ ही जलापूर्ति के सुचारू वितरण के लिए अन्य जरूरी मदें जैसे अतिरिक्त मिट्टी का निपटान रेत भराई, पक्की सड़क की कटाई और फेसल कनेक्शन करना आदि को भी साइट की जरूरतों के अनुसार कार्य के दायरे में शामिल किया गया है। 78.29 लाख रुपये की अनुमानित लागत का अनुमान विधिवत जांच के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा मंजूर किया गया है, ताकि इसे पूंजी मद (कैपिटल हेड): जलापूर्ति प्रणाली का संवर्धन भाग में टेंशन आफ डब्ल्यू/एस सिस्टम के अंतर्गत अनुमादन हेतु नगर निगम की जनरल हाउस के समक्ष एजेंडा के रूप में रखा जा सके। अत: 78.29 लाख रुपये की आरसीई का एजेंडा पूंजीमद (कैपिटल हेड): जलापूर्ति प्रणाली का संवर्धन के अंतर्गत विचार एवं अनुमोदन के लिए नगर निगम की जनरल हाउस के सामने प्रस्तुत किया जा चुका है।

सम्पादकीय

# बांग्लादेश आखिर किस तरह जा रहा है

इसे एक ऐसे समाज का मानसिक दिवालियापन कहा जाएगा जिसने न अपने भूत को याद रखा है और न ही अपने वर्तमान और भविष्य के प्रति वह चिंतित है। वह केवल दूसरों की सीख पर चलते हुए ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जोकि अंधकार से भरा है। बांग्लादेश की जनता और उसकी अस्थायी सरकार के लिए इस समय जैसे अपनी आंतरिक समस्याएं कोई मतलब नहीं रख रहीं हैं, लेकिन भारत के साथ दुश्मनी निकालना जैसे उनकी प्राथमिकता बन चुकी है। हैरानी इस बात की है कि भारत के प्रति दुश्मनी निकालते-निकालते उपद्रवी वहां के मूल निवासी हिंदू समाज को हिंसा की जद में ले रहे हैं और हिंदू महिलाओं से जहां दुष्कर्म की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, अपितु हिंदू लोगों की हत्याएं कर रहे हैं। आखिर वह कार्यवाहक युनूस सरकार कहां है, जिसने हिंदू समाज की सुरक्षा करने का वादा किया था। हालात ऐसे हैं कि बांग्लादेश की तबाही में कार्यवाहक सरकार ही सबसे बड़ी जिम्मेदार हो गई लगती है। यह भी कैसी धृष्टता है कि भारत के प्रति आभार जताने के बजाय बांग्लादेश की आज की पीढ़ी गुलाबी खत्म होने जैसी बात कर रही है। यह सहज ही पूछा जाना चाहिए कि क्या बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को इसका जरा सा भी भान है कि उनके पूर्वजों के साथ पाकिस्तान से आए फौजी गुंडों ने क्या कहर ढाया था। आखिर नाशुक्रा होना क्या गुनाह नहीं है। और बांग्लादेश से भारत ने क्या यह चाहा है कि वह उसकी शर्तों के मुताबिक चले, नहीं। भारत ने उससे केवल यह चाहा है कि वह एक खुशहाल पड़ोसी की भांति रहे लेकिन दुखद है कि बांग्लादेश की जनता और उसकी कार्यवाहक सरकार आज भारत विरोधियों की गोद में खेलते हुए नफरत और विद्वेष की ऐसी आग जला बैठी है, जिससे उनका ही घर जल रहा है।

**बांग्लादेश में अब यह तय हो चुका है कि अराजक हुई जनता का विरोध हिंदू समाज और भारत के साथ है। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान की गुलामी से जिस क्षेत्र को भारत ने मुक्त कराया था, वह आज उसी के खिलाफ खड़ा हो गया है। इसके पीछे पाकिस्तान और चीन जैसी ताकतों के हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन जिस प्रकार से बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार अराजकता के खिलाफ कार्रवाई न करके उसे मूक प्रोत्साहन दे रही है, वह बेहद चिंताजनक है। बांग्लादेश में इस समय कानून-व्यवस्था नामक कुछ नजर नहीं आता**

बांग्लादेश में हिंदू समाज का उत्पीडन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है, यह बेहद चिंता की बात है कि पड़ोसी देश में 19 दिन में 5वें हिंदू व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। कोई बताए कि एक छात्र नेता की हत्या पर बांग्लादेश के मौजूदा सिस्टम ने हत्यारोपियों को छिपाने का भारत पर आरोप लगा दिया। लेकिन खुद उसी बांग्लादेश में हाल फिलहाल 5 हिंदू लोगों की हत्या के अलावा और न जाने कितने हिंदुओं पर जुल्म हो चुके हैं और उनके प्रति न वहां की कार्यवाहक सरकार का दिल पसीजा है और न ही उपद्रवी जनता का, जोकि गुमराह होकर ऐसी वारदातों को अंजाम दे रही है। यह भी बहुत खेद की बात है कि भारत में क्रिकेट की एक फ्रेंचाइजी ने जब एक बांग्लादेशी खिलाड़ी से करार खत्म कर लिया तो बांग्लादेश ने इस पर शर्मसार होने के बजाय इसके जवाब में हिंदू समाज पर और अत्याचार किए हैं। इसके अलावा आईपीएल के प्रसारण पर जहां रोक लगा दी गई है, इसके अलावा बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की मांग की है। यानी भारत के प्रति विद्वेष की आग बांग्लादेश को एक मोर्चे पर नहीं जला रही, अपितु उसने इसे अपने तमाम हिस्सों तक फैला दिया है। क्या बांग्लादेश की जनता का यह रवैया निम्न से भी निम्नतम नहीं है, जिसमें वह न वैश्विक बंधुत्व का ख्याल रख रही है और न ही उसे अपने देश के भविष्य की चिंता है। अपने सबसे बड़े हितैषी और शुभचिंतक भारत के प्रति ऐसा रवैया रखकर बांग्लादेश न सामाजिक रूप से स्थिर होगा और न ही आर्थिक रूप से उसका विकास हो सकता है।

बांग्लादेश में अब यह तय हो चुका है कि अराजक हुई जनता का विरोध हिंदू समाज और भारत के साथ है। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान की गुलामी से जिस क्षेत्र को भारत ने मुक्त कराया था, वह आज उसी के खिलाफ खड़ा हो गया है। इसके पीछे पाकिस्तान और चीन जैसी ताकतों के हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन जिस प्रकार से बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार अराजकता के खिलाफ कार्रवाई न करके उसे मूक प्रोत्साहन दे रही है, वह बेहद चिंताजनक है। बांग्लादेश में इस समय कानून-व्यवस्था नामक कुछ नजर नहीं आता। यह समय भारत की विदेश नीति की अग्निपरीक्षा का है और केंद्र सरकार अगर बेहद संभल कर चल रही है तो वह स्वाभाविक ही है। हालांकि दुनिया के वे देश जोकि दादा की भूमिका में खुद को रख रहे हैं, की बांग्लादेश के हालात के प्रति अरुचि शर्मनाक है। उनका स्वार्थ सबके सामने है और वे दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्षों को बंधक बनाकर अपने मंतव्य पूरे कर रहे हैं, लेकिन वहां की जनता से उनका कोई सरोकार नजर नहीं आता। बांग्लादेश को इस समय एक मसीहा की जरूरत है, जोकि उसे सही राह दिखाए। यह मसीहा उसकी जनता के बीच से कोई बने, इसकी भारत को उम्मीद है।

# रोजगार गारंटी में सुधार : भावनाओं के बजाय तथ्यों पर आधारित हो बहस

दैनिक अर्थ प्रकाश



शैलेश कुमार सिंह
सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार

लोकतंत्र में लोकनीति पर सार्वजनिक बहस स्वाभाविक ही नहीं, बल्कि जरूरी भी है। आजीविकाओं (खास तौर से ग्रामीण परिवारों के लिए) को आकार देने वाले कानूनों की कड़ाई से समीक्षा की ही जानी चाहिए। लेकिन इस तरह की समीक्षा नए कानून के प्रावधानों के सावधानी पूर्वक अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए। यह पिछले फ्रेमवर्क से निकाले गए अनुमानों या नुकसान के भय पर आधारित नहीं होनी चाहिए। मगर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 की ज्यादातर आलोचनाएं इस जाल में फंस जाती हैं। इनमें जल्दबाजी में पिछली नाकामियों का विश्लेषण कर उनका ठीकरा सुधार पर ही फोड़ दिया जाता है।

दो दशक पहले बनाए गए रोजगार गारंटी कानून ने ग्रामीण आय को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संकट के वक्त सुरक्षा प्रदान की। कोविड की वैश्विक महामारी जैसे संकट के समय में इसके योगदान को स्वीकार किया गया है। लेकिन समय के साथ अनुभव से इसकी दीर्घकालिक ढांचागत कमियां भी उजागर हुई हैं। मजदूरी के भुगतान में बार-बार देरी हो रही थी। प्रक्रियात्मक अवरोधों ने बेरोजगारी भत्ते को अप्रभावी बना दिया था। विभिन्न राज्यों में इस योजना तक पहुंच में काफी अंतर था। प्रशासनिक क्षमता असमान थी तथा फर्जी जॉब कार्ड, उपस्थिति के रजिस्टर में हेरफेर और खराब गुणवत्ता वाली संपदाओं के सृजन से बड़े पैमाने पर धन की बर्बादी हुई। ये छोटी नहीं, बल्कि प्रक्रियात्मक खामियां थीं। इसलिए मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि क्या सुधार की जरूरत थी। मुद्दा यह है कि क्या नए फ्रेमवर्क में इन खामियों को सार्थक ढंग से दूर किया गया है।

आम दावा है कि नए कानून में बुनियादी कमियां तो बनीं रहीं और समूची बहस को संक्षिप्ताक्षरों की होड़ में समेट दिया गया। लेकिन हकीकत में इसका उलट ही सच के ज्यादा करीब है। नया कानून डिलीवरी की उन कमियों को दूर करने पर केंद्रित है जिनकी वजह से पिछले फ्रेमवर्क की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा था। कमजोर परंपरागत प्रणालियों की जगह सत्यापित कामगार पंजीकरण ने ले ली है। देरी के लिए स्वतः मुआवजे के प्रावधान के साथ मजदूरी भुगतान की वैधानिक समय सीमाएं तय की गई हैं। अयोग्यता के उन प्रक्रियात्मक प्रावधानों को खत्म कर दिया गया है जिनकी वजह से बेरोजगारी भत्ता अप्रभावी बन गया था। स्पष्ट समयसीमा और जवाबदेही के साथ शिकायत निवारण को मजबूत किया गया है। ये दिखावटी बदलाव नहीं हैं। ये उन खामियों को दूर करते हैं जिनसे कामगारों का विश्वास टूटता था।

एक अन्य आलोचना यह है कि रोजगार गारंटी को खत्म कर दिया गया है। इनके अनुसार नई योजना में पुरानी कमजोरियां बनी हुई हैं। इस तरह की आलोचना सही नहीं है। वेतन रोजगार के कानूनी अधिकार को बरकरार और न्यायसंगत रखा गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह कि रोजगार की वैधानिक पात्रता को 100 दिनों से बढ़ाते हुए 125 दिन कर दिया गया है। बदलाव क्रियान्वयन की संरचना में किया गया है। पुराने कानून का मॉडल टुकड़ों में बंटा हुआ और प्रतिक्रियात्मक था। यह अक्सर संकट शुरू हो जाने के बाद ही हरकत में आता था। नए कानून का फ्रेमवर्क योजनाबद्ध और लागू करने योग्य है। इसे पूर्वानुमान के आधार पर कार्य सौंपे जाने के लिए डिजाइन किया गया है। वैधानिक सुधार के जरिए क्रियान्वयन की नाकामियों को दूर किए जाने को दोहराव नहीं, बल्कि संशोधन माना जाना चाहिए।

बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे अधिक गरीब आबादी वाले राज्यों को पहले के फ्रेमवर्क के तहत सबसे कम लाभ मिलने के सम्बन्ध में जो चिंताएं जताई गई हैं, वे सही हैं लेकिन यह बात सुधार की जरूरत को और मजबूत करती है, न कि उसे कमजोर करती है। इन राज्यों में मनरेगा का लाभ कम पहुंचा यह योजना की एक बड़ी विफलता थी। बिना किसी ठोस योजना के सिर्फ मांग के आधार पर चलने वाला मॉडल उन राज्यों के पक्ष में रहा जिनकी प्रशासनिक क्षमता बेहतर थी, जबकि अधिक जरूरत और पलायन वाले राज्य पिछड़ गए।

नया फ्रेमवर्क सीधे तौर पर इस असंतुलन को दूर करता है, यह रोजगार पैदा करने के काम को 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से जोड़ता है, जहाँ स्थानीय मांग और कामों की पहले से मंजूरी को सुनिश्चित फंडिंग के साथ



मिलाया जाता है। असमान वितरण ही सुधार की ज़रूरत की असली वजह थी; पुरानी व्यवस्था को बनाए रखने का मतलब केवल मौजूदा असमानताओं को और बढ़ाना होता। इसके अलावा, निष्पक्ष मानकों पर आधारित आवंटन से राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता आएगी।

आलोचना का एक पक्ष यह भी है कि 125 दिनों का रोजगार देने का विस्तार केवल दिखावा है, क्योंकि अब राज्यों को भी खर्च का एक हिस्सा उठाना होगा। यह तर्क पहले के उदाहरणों और सुरक्षा उपायों दोनों को नज़रअंदाज़ करता है। केंद्र और राज्यों के बीच खर्च बांटने का यह तरीका केंद्र-प्रायोजित योजनाओं के पुराने नियमों के अनुसार ही रखा गया है।

वहीं, उत्तर-पूर्वी और हिमालयी राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 90:10 के अनुपात (जहाँ केंद्र 90 और राज्य 10 प्रतिशत खर्च उठाते हैं) को जारी रखा गया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि योजना बनाकर काम करने से पैसों का बेहतर इस्तेमाल होता है, जिससे अनिश्चितता खत्म होती है और योजना को लागू करने में कम रुकावटें आती हैं। अधिकारों का दायरा बढ़ाना और साझा जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल को दर्शाता है, न कि कमज़ोरी को। ग्रामीण सड़कों से लेकर, आवास और पीने के पानी जैसे कई सफल राष्ट्रीय कार्यक्रम भी इसी तरह की व्यवस्था के तहत काम करते हैं।

आर्थिक रूप से कमज़ोर राज्यों को अक्सर नए फ्रेमवर्क का संभावित शिकार बताया जाता है। लेकिन सिर्फ़ आर्थिक कमज़ोरी ही राज्यों के बाहर होने का कारण नहीं है। पिछली व्यवस्था के तहत, राज्यों का इस योजना से बाहर होना अक्सर खराब प्लानिंग, सरकारी मशीनरी की कम क्षमता और काम करने के तरीके में आने वाली रुकावटों की वजह से था। नया कानून पहले से की गई तैयारी, जनता की भागीदारी और प्रौद्योगिकी के जरिये जोखिमों को कम करने की कोशिश करता है। नयी व्यवस्था में एक बार योजना मंजूर होने के बाद, काम देने से मना करने की अधिकारियों की शक्ति को कम किया गया है और पारदर्शिता तथा जवाबदेही को मजबूत किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशासनिक खर्च को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे राज्य अपनी जमीनी क्षमता को कार्यक्रम की विशालता के अनुरूप मजबूत बना सकें। किसी राज्य विशेष की अपनी चुनौतियाँ उस राष्ट्रीय सुधार को गलत साबित नहीं करतीं, इसका उद्देश्य पूरी व्यवस्था की कमजोरियों को ठीक करना है।

आलोचक यह भी कहते हैं कि पहले के फ्रेमवर्क के तहत कई ज़रूरतमंद राज्यों में रोज़गार के सबसे कम दिन मिले, और बहुत कम परिवार ही कानूनी सीमा तक पहुँच पाए। यह बात सुधार के तर्क को कमजोर नहीं करती, बल्कि उसे और भी मजबूत बनाती है। नया फ्रेमवर्क, दर्ज की गई मांग को मंजूर किए गए कामों, तय समय सीमा में पूरा करने और बेरोजगारी भत्ते को सुनिश्चित करेगा। इसका मकसद सीधा हैः कानूनी हक को असल और भरोसेमंद रोज़गार के दिनों में बदलना, खासकर उन इलाकों में जहाँ पहले सुविधाओं की कमी थी।

पुरानी 'मांग-आधारित' योजना और नई 'आपूर्ति-आधारित' योजना के बीच के अंतर को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। व्यवहार में, यह अंतर इतना बड़ा नहीं है।

नया फ्रेमवर्क डिमांड को कम नहीं करता; बल्कि यह योजना के माध्यम से इसे एक संस्थागत रूप देता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मांगी गई मांग को पूरा भी किया जा सके। संसाधनों के भरोसे के साथ की गई एक नियोजित मांग, उस सैद्धांतिक अधिकार से कहीं ज्यादा सशक्त है जो कभी पूरा ही नहीं हो पाता।

रोजगार गारंटी का अधिकार-आधारित स्वरूप, कमजोर होने के बजाय और मजबूत हुआ है। काम के दिनों को बढ़ाकर 125 दिन करना, मजदूरी भुगतान के लिए कानूनी रूप से लागू समय-सीमा, देरी होने पर अपने-आप मिलने वाला मुआवजा, हक छीनने वाली शर्तों को हटाना, और शिकायत निवारण के लिए अपील की सुविधा–ये सब मिलकर %काम के अधिकार% की व्यावहारिक उपयोगिता को बढ़ाते हैं। अधिकार सबसे ज़्यादा तब मायने रखते हैं जब उनका प्रशासनिक बाधाओं के बिना इस्तेमाल किया जा सके।

यहां तक कि आलोचक भी मानते हैं कि योजना को लागू करने की विफलताएं–जैसे भ्रष्टाचार, फर्जी जॉब कार्ड, उपस्थिति रजिस्टर में हेरफेर और खराब गुणवत्ता वाली संपदाओं का निर्माण, पुराने फ्रेमवर्क की सबसे बड़ी कमजोरियां थीं। यह सुधार इन्हीं विफलताओं को दूर करने की कोशिश करता है, जिसके लिए सत्यापित लाभार्थी प्रणाली, मजबूत ऑडिट और अन्य योजनाओं के साथ मिलकर संपदा निर्माण का सहारा लिया गया है। पिछली विफलताओं को स्वीकार करना ही इस सुधार का ठोस आधार है, न कि इसके खिलाफ कोई तर्क।

योजना को कुछ समय के लिए रोकने को लेकर जो चिंताएं हैं, उन्हें सही संदर्भ में देखा जाना चाहिए। यह श्रम-बाजार के लिए एक सुरक्षा कवच है जिसे इसलिए बनाया गया है ताकि खेती के सबसे व्यस्त सीज़न के दौरान श्रमिकों की कमी न हो और बाजार का संतुलन न बिगड़े। यह प्रावधान 125 दिनों के कानूनी अधिकार को कम नहीं करता है। यह प्रावधान सोची-समझी आर्थिक समझदारी को दिखाता है और उत्पादक कृषि रोज़गार को कमज़ोर किए बिना मजदूरों की आय की रक्षा करता है।

कुल मिलाकर, ज़्यादातर की जा रही आलोचनाएं पुराने फ्रेमवर्क की कमियों को बताती हैं और फिर उन कमियों का कारण खुद सुधारों को बताती हैं। विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम रोज़गार गारंटी को खत्म नहीं करता है बल्कि यह इसे और मजबूत और व्यापक बनाता है। खासकर उन कमज़ोरियों पर ध्यान देता है जहाँ ज़्यादा ज़रूरत वाले इलाकों और कमज़ोर मज़दूरों के बीच योजना के प्रभाव को सीमित कर दिया था। यहाँ सुधार का अर्थ सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है; बल्कि यह काम के वादे को वास्तविक, भरोसेमंद और गरिमापूर्ण बनाने का एक प्रयास है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### दिन दहाड़े चाकू मारकर रुपयों से भरा बैग लूटा

**चंडीगढ़।** आज दिल दहाड़े औद्योगिक क्षेत्र–2 में दो मोटर साइकिल सवार युवक एक व्यक्ति को चाकू घोंपकर 15 हजार रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय अजय इंडस्ट्रीज का एक कर्मचारी अश्विनी ठाकुर स्टेट बैंक में पैसा जमा कराने जा रहा था कि सरकारी वायरलैस कार्यालय के पास तिराहे पर उसे मोटर साइकिल पर सवार युवकों ने रोक लिया व रुपयों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। छीना झपटी के दौरान अश्विनी ने शोर मचा दिया, जिस पर उक्त युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया व रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गये।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों में एक सिख व एक मोना था, जिनकी उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच थी। अश्विनी कुमार को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार अश्विनी की बाह में चाकू का गहरा घाव लगने से काफी खून बह गया। इधर दिन दहाड़े हुई इस लूट से क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है। उल्लेखनीय है कि महीने की हर सात तारीख को औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों को उनकी मासिक तन्खाह बंटती है। इसलिए इस तारीख को क्षेत्र के सभी बैंकों के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था भी की जाती है। लेकिन इसके बावजूद यह घटना घटी। जबकि उक्त घटनास्थल के निकट तिराहे पर पुलिसबल तैनात रहते हैं। इस घटना पर इंडस्ट्रियल एरिया के अधिकांश व्यापारियों ने भारी रोष व्यक्त किया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1980 - भारी बहुमत के साथ इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी।

1981 - भारत के जानेमाने शतरंज खिलाड़ी कृष्णन शशिकिरण का जन्म।

1987 - कपिल देव ने टेस्ट क्रिकेट में तीन सौ विकेट पूरे किये।

1989 - जापान के सम्राट हिरोहितो का देहावसान, आकिहितो नये सम्राट घोषित।

1999 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के विरुद्ध महाभियोग की कार्रवाही शुरू।

2000 - जकार्ता (इंडोनेशिया) में 10 हज़ार मुसलमानों ने मोलुकस द्वीप समूह में ईसाईयों के विरुद्ध जेहाद की घोषणा की।

2003 - जापान ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत को 90 करोड़ डालर की मदद की घोषणा की।

2008 - राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने विनोद राय को नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक के पद की शपथ दिलाई।

2009 - आई टी कम्पनी सत्यम के चेयरमैन रामालेंगम राजू ने अपेन पद से इस्तीफ़ा दिया।

2010 - जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर एक होटल में छिपे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगभग 22 घंटे लंबी मुठभेड़ दो आतंकवादियों के मारे जाने के साथ ख़त्म हुई।

2015 - पेरिस में दो बंदूकधारियों ने 'चार्ली आब्दो' पत्रिका के कार्यालय पर हमला किया जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए।

2016 - भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर के नौवें पूर्व मुख्यमंत्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद का निधन।

2017 -पुर्तग़ाल के पूर्व राष्ट्रपति मारियो सोरेस का निधन।

2018 -समकालीन कवि एवं लेखक बलदेव वंशी का निधन।

2020 - नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने भुगतान तेज और सुरक्षित करने के लिए वज्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। मंच ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है।

2020- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी गई पुस्तक 'कर्मयोद्धा ग्रंथ' का विमोचन किया।

## बोल ब्यूटीफुल

**अमिताभ अग्निहोत्री:** तेल के लिए एक देश के राष्ट्रपति का अपहरण कर लेने वाले ट्रंप को दुनिया के समक्ष शांति का प्रवचन देने का कतई काई अधिकार नहीं है। ट्रंप ने जो किया वह दुनिया की व्यवस्था को ध्वस्त करने जैसा है।



**अखिलेश शर्मा:** 21वीं सदी के 25 साल हो गए हैं। अब भी कुछ नहीं बदला। आज भी एक देश दूसरे देश में घुसकर तख्ता पलट कर देता है।

**अरविंद चोटिया:** जोहरान ममदानी की चिट्ठी के बाद देश में कुछ लोगों ने ज्यादा ही उम्मीद लगा ली थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज ही कर दी।



# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर सवाल

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अपदस्थ करके हथकड़ियों में उनके देश से उठाकर न्यूयॉर्क में लाने की घटना को लेकर भारत की संतुलित प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। अमेरिका से व्यापारिक रिश्तों को लेकर जारी बातचीत के बीच अमेरिकी कार्रवाई की कड़ी आलोचना राष्ट्रीय कूटनीतिक लिहाज से सही नहीं कही जाएगी। वैसे भी ट्रंप जैसे राष्ट्राध्यक्ष के दौर में तो कड़ी प्रतिक्रिया अपने राष्ट्रीय हितों को संकट में डालने जैसा ही माना जाएगा। लेकिन जिस तरह भारत के लोगों ने इस कार्रवाई के विरोध में प्रतिक्रिया जताई है, उसे भी भारतीय लोक की स्वाभाविक प्रक्रिया का ही हिस्सा माना जाना चाहिए। भारतीय लोक स्वभाव से ही लोकतांत्रिक है और उसे लोकतांत्रिक सत्ताओं का सैनिक कार्रवाई के जरिए उखाड़ना पसंद नहीं रहा है। भारतीय लोक का मानस कमजोर के पक्ष में खड़े होने का रहा है। इसलिए अधिसंख्य भारतीय प्रतिक्रियाएं निकोलस मादुरो के पक्ष और अमेरिका के विरोध में है।

अमेरिकी कार्रवाई ने दो तरह प्रस्थापनाएं की हैं। पहली यह कि ताकतवर के लिए कुछ भी करना संभव है। वह उसे नियमों और कानूनों की परिभाषा में बांध सकता है। दुनिया लाख चिल्लाती रहे कि किसी राष्ट्राध्यक्ष की सत्ता को उखाड़ फेंकना और उसे गिरफ्तार करके अपने कानूनों के दायरे में लाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है, लेकिन इसका अमेरिका की सेहत पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने जा रहा। अमेरिका ने एक तरह से इतिहास को ही दोहराया है। अमेरिका अपने हितों के खिलाफ जिस देश को सिर उठाते देखता है, उसके खिलाफ उसे सैनिक, कूटनीतिक और आर्थिक कार्रवाई करने में देर नहीं लगती। इस मौके पर जार्ज बुश सीनियर के दौर को याद किया जाना चाहिए। कुवैत में इराकी सेना की कार्रवाई के खिलाफ उन्होंने खाड़ी युद्ध छेड़ दिया था। बेशक इस युद्ध की आग में झुलसने के चलते वे सत्ता में दोबारा वापसी नहीं कर पाए। लेकिन उनके अधूरे कार्य को उनके बेटे जार्ज बुश जूनियर ने पूरा किया। बेशक इसके लिए मुस्लिम चरमपंथियों और ओसामा बिन लादेन के कुख्यात संगठन अलकायदा ने मौका मुहैया कराया।

इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की सत्ता को तहस-नहस करने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश जूनियर और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने एक बहाना बनाया। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से इराक भेजे गए वैज्ञानिकों और पर्यवेक्षकों ने कथित रूप से रिपोर्ट दी कि इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार हैं। अमेरिका की नजर में सद्दाम तानाशाह थे,इस लिहाज से ये हथियार मानवता के लिए घातक हो सकते थे।फिर क्या था,संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रस्ताव की आड़ में अमेरिका और ब्रिटेन ने इराकी शासन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। अमेरिका की अगुआई वाली सेनाओं के हमले में इराक तहस-नहस हो गया। सद्दाम गिरफ्तार कर लिए गए, उनके खिलाफ मुकदमा चलाया गया और उन्हें व्यापक नरसंहार का दोषी ठहराते हुए फांसी पर लटका दिया गया। बाद के दिनों में बीबीसी ने रिपोर्ट दी कि जिन घातक रासायनिक हथियारों को खत्म करने के नाम पर इराक पर मित्र देशों की सेनाओं ने हमला किया, असलियत में ऐसे हथियार तो इराक के पास थे ही नहीं। बीबीसी को यह खबर लीक करने का शक हथियार जांचने पहुंचे अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की टीम



के सदस्य रहे ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम केली पर किया गया। बीबीसी के कई अधिकारियों और पत्रकारों को इस खबर के लिए अपनी नौकरी गवांनी पड़ी। एक सुबह टहलने गए विलियम केली भी रास्ते में मृत पाए गए। इराक में अमेरिकी तर्ज का लोकतंत्र स्थापित तो हो गया है,लेकिन क्या वहां शांति आ पाई है? कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न वेनेजुएला को लेकर उभरने वाला है। सवाल यह है कि क्या डोनाल्ड ट्रंप की कार्रवाई के बाद वेनेजुएला में जो सत्ता स्थापित हुई है, क्या वह सही मायने में लोकतंत्र स्थापित करके वहां नशा के कारोबार को रोक पाएगी। नशे के कारोबार की बात इसलिए की जा रही है, क्योंकि ट्रंप ने मादुरो पर बड़ा आरोप लगाया है कि वे नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, जिससे अमेरिकी हितों को चोट पहुंच रही थी। हालांकि उनके इस आरोप को अमेरिका की ही उपराष्ट्रपति रहीं कमला हैरिस ने नकारा है। उनका कहना है कि ट्रंप की कार्रवाई की मूल वजह के पीछे तेल का खेल है।

वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़ा कच्चे तेल का भंडार है। अनुमान है कि यह भंडार करीब 303 अरब बैरल है। लेकिन कच्चे तेल के उत्पादन में वह बहुत पीछे है। वैश्विक स्तर पर तेल उत्पादकों की जो सूची है, उसमें वेनेजुएला 21वें स्थान पर है। इसकी बड़ी वजह यह है कि उत्पादन के लिए वेनेजुएला के पास बुनियादी ढांचे की बेहद कमी है। इसके साथ ही मादुरो की सत्ता के चलते यहां लगातार अमेरिकी प्रतिबंध लगे हैं। इसकी वजह से वह उत्पादन नहीं कर पा रहा है। अमेरिकी प्रतिबंध के पहले तक भारत वेनेजुएला का दूसरे नंबर का तेल आयातक था। भारत की अमेरिकी कार्रवाई को लेकर संतुलित प्रतिक्रिया की एक बड़ी वजह भारतीय तेल कंपनियों का फंसा यहां पैसा है। कच्चे तेल के उत्पादन के लिए भारतीय तेल कंपनियों ने यहां निवेश कर रखा है। भारत के करीब नौ हजार करोड़ रूपए यहां फंसे हैं। उम्मीद की जा रही है कि बदली परिस्थितियों में भारत को यह रकम मिल सकती है या फिर तेल का आयात बढ़ सकता है। बहरहाल अमेरिका में भी एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जिसका मानना है कि मादुरो की गिरफ्तारी के पीछे ट्रंप की कोशिश अपने परिवार के नियंत्रण वाली तेल कंपनियों को फायदा पहुंचाना है।

अमेरिकी कार्रवाई ने एक सवाल यह भी उठाया है कि क्या संयुक्त राष्ट्रसंघ की अब भी जरूरत है। इस कार्रवाई के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। संयुक्त राष्ट्रसंघ को ट्रंप के अमेरिका ने एक बार फिर अंगूठा दिखाया है। अमेरिकी कार्रवाई के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ और उसके महासचिव की एक मात्र भूमिका बयान देने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की रस्म तक सिमटी नजर आ रही है। अब दुनिया को सोचना होगा कि क्या ताकतवर ही दुनिया को चलाएंगे। क्या दुनिया में कमजोर राष्ट्रों, उनकी संप्रभुता और उनकी स्वतंत्रता का महत्व नहीं रहेगा। दिलचस्प यह है कि अमेरिका खुद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ मानता है। हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने लोकतंत्र की वह दुहाई देता रहता है। बेशक अंदरूनी स्तर पर उसके यहां लोकतंत्र मजबूत हो, लेकिन उसका मजबूत लोकतंत्र दुनिया में तानाशाही का माध्यम भी है, इसे भी दुनिया को देखना और समझना होगा।

अमेरिकी कार्रवाई ने एक बार परमाणु अस्त्रों की प्रासंगिकता को भी साबित किया है। सवाल यह है कि यदि वेनेजुएला भी छोटा ही सही,परमाणु ताकत होता तो क्या अमेरिकी सेना वहां ऐसी कार्रवाई कर पाती? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। परमाणु निरस्त्रीकरण के समर्थकों को इस विषय में सोचना होगा। अमेरिकी कार्रवाई से स्पष्ट है कि आज परमाणु हथियार संबंधित राष्ट्र की शांति और सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। यूक्रेन इसका उदाहरण है। अगर उसके पास भी परमाणु ताकत होती तो रूस शायद ही उसके खिलाफ कार्रवाई करने की हिमाकत दिखा पाता?

अमेरिकी कार्रवाई के बाद दुनिया का एक वर्ग मानने लगा है कि ट्रंप के अगले निशाने पर उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग हैं। लेकिन यह सोचने वालों को नहीं भूलना चाहिए कि उत्तर कोरिया परमाणु हथियार से संपन्न है। उस पर हाथ डालने से अमेरिकी हाथ जलने का अंदेशा ज्यादा है। वैसे भी अमेरिका ने जहां भी कार्रवाई की है, इतिहास गवाह है कि ज्यादातर जगहों पर उसे देर से ही सही, मुंह की खानी पड़ी है। अफगानिस्तान, वियतनाम आदि इसके उदाहरण हैं।

### मुख्यमंत्री ने 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को शैक्षणिक भ्रमण पर किया रवाना, बोले-

# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी अवसर दे रही सरकार

**बच्चे प्रमुख शहरों, ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों का करेंगे दौरा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय से मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत राज्य के चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशंस (सीसीआई), सराहन, टूटीकंडी और मशोबरा में रहने वाले 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को एक विशेष शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक भ्रमण पर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी बच्चों से संवाद किया और उनसे भ्रमण का भरपूर आनंद लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्हें ज्ञान अर्जन और विभिन्न विषयों को जानने व समझने के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।

इस भ्रमण में प्रदेश के इन तीन बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे कुल 52 बच्चे भाग ले रहे हैं। यह भ्रमण कार्यक्रम 15 जनवरी, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसके दौरान बच्चे देश के विभिन्न प्रमुख शहरों और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत राज्य सरकार इन बच्चों को केवल संरक्षण ही नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक अवसर भी प्रदान कर रही है। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक संस्थानों से परिचित करवाना है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चे चंडीग?-दिल्ली-आगरा-गोवा-चंडीग? का भ्रमण करेंगे। इस दौरान बच्चों को विभिन्न आधुनिक परिवहन साधनों का अनुभव भी करवाया जाएगा, जिनमें वोल्वो बस, वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगा?ी, मेट्रो रेल सेवा, हवाई यात्रा, क्रूज यात्रा तथा हॉप-ऑन हॉप-ऑफ पर्यटन बस शामिल हैं।

दिल्ली भ्रमण के दौरान बच्चे लाल ?िला, कुतुब मीनार, इंडिया गेट, राजघाट, शक्ति स्थल, वीर भूमि, हुमायूं का म?बरा, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स, त्रिवेणी कला संगम तथा राष्ट्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा वे आगरा में ताजमहल का भ्रमण किया जाएगा।

गोवा प्रवास के दौरान बच्चे उत्तर गोवा के कलंगुट, फोर्ट अगुआ?ा, अंजुना बीच, डोना पाउला, भारतीय समुद्र विज्ञान संस्थान एवं क्रूज यात्रा, जबकि दक्षिण गोवा में चर्च, मंगेशी मंदिर, वार्का बीच, पणजी शहर और स्पाइस गार्डन का भ्रमण करेंगे। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक भ्रमण बच्चों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा, देश के प्रति समझ और सामाजिक चेतना विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा, सुविधा और देखभाल में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

**बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उठाने का संकल्प**


मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित टूटीकडी स्थित बालिका आश्रम में जाकर राज्य के निराश्रित बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया। इन वर्गों के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना। 28 फरवरी 2023 से 'मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना' के तहत 4000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया गया है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, जेब खर्च, करियर काउंसलिंग, देश-विदेश भ्रमण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। स्टार्ट-अप आरम्भ करने के लिए 2 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा.(कर्नल) धनी राम शांडिल विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, महापौर शिमला नगर निगम सुरेन्द्र चौहान, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्याम भगत नेगी, उपायुक्त अनुपम कश्यप, निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. पंकज ललित, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

# एचपीएसइबीएल में डिजिटल सुधारों से राज्य को 16.83 करोड़ की बचत : सीएम

**बिलिंग एवं ईआरपी सेवाओं पर खर्च में 46 प्रतिशत कमी, 29 लाख उपभोक्ता होंगे डिजिटल सेवाओं से लाभान्वित**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य विद्युत् बोर्ड लिमेटिड (एचपीएसइबीएल) में कई डिजिटल और



प्रशासनिक सुधार किए गए हैं जो राज्य सरकार की व्यवस्था परिवर्तन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदेश सरकार पारदर्शी ख़रीद प्रक्रिया, तकनीकी आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देकर न केवल उपभोक्ता सेवाओं में सुधार कर रही है बल्कि वित्तीय अनुशासन की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का उद्देश्य न केवल पुरानी व्यवस्थाओं में सुधार, बल्कि इन्हें और अधिक प्रभावशाली बनाना है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी ख़रीद प्रक्रिया अपनाने और मंहगी आउटसोर्सिंग पर निर्भरता कम करने से एचपीएसइबीएल के बिजली बिलिंग और एंटरप्राइज रिर्सोस प्लानिंग (इआरपी) सहायता सेवाओं पर होने वाला खर्च 46 प्रतिशत तक कम हुआ है। इन सेवाओं पर वार्षिक खर्च 12.29 करोड़ रुपये से घटकर 6.68 करोड़ रुपये रह गया है।

इन सुधारों से प्रतिवर्ष लगभग 5.61 करोड़ रुपये की सीधी बचत होगी, जिससे तीन वर्षों में कुल 16.83 करोड़ रुपये का लाभ होगा। इस राशि का उपयोग जन कल्याणकारी कार्यों और आवश्यक सेवाओं को सुदृढ़ करने में किया जाएगा।

इड़ ऑफ लिविंग पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एचपीएसइबीएल का डिजिटलीकरण राज्य के लगभग 29 लाख घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि नए बिजली कनैक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन, स्मार्ट बिलिंग, प्रीपेड सेवाएं, ऑनलाइन बिल भुगतान और डिजिटल शिकायत निवारण जैसी सुविधाओं से प्रक्रियागत देरी कम हुई है और उपभोक्ताओं को पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार एग्रीगेट टेक्नीकल और कमर्शियल (एटीएंडसी) हानि को कम करने, स्मार्ट और प्रीपेड मीट्रिंग के माध्यम से समय पर बिलिंग और राजस्व वसूली सुनिश्चित करने, राजस्व घाटा कम करने तथा परिचालन व्यय के युक्तिकरण पर विशेष बल दे रही है।

# राज्य महिला आयोग ने हमीरपुर में लगाई अदालत 28 मामलों की सुनवाई, 5 मामलों का किया निपटारा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 06 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने मंगलवार को यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर में महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए अदालत लगाई। आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी की अध्यक्षता में लगाई गई इस अदालत में आयोग की अन्य सदस्य सरोज शर्मा, रीना पुंडीर और रीना दरोच भी शामिल रहीं।

विद्या नेगी ने बताया कि मंगलवार को लगाई गई अदालत में महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा, घरेलू विवाद, यौन उत्पी?न, महिलाओं के अधिकारों के हनन और अत्याचार के अन्य मामलों सहित कुल 37 मामले सूचीबद्ध किए गए थे।

इनमें से 28 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से पांच मामलों का निपटारा करके इन्हें बंद करने का निर्णय लिया गया। अन्य मामलों में भी आयोग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

विद्या नेगी ने कहा कि अत्याचार से पी?ित महिलाओं को न्याय दिलाने तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य महिला आयोग सदैव कृतसंकल्प है। इसके लिए आयोग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरुकता शिविर आयोजित करने तथा मामलों की सुनवाई के लिए अदालतें लगाने का निर्णय लिया है, ताकि पी?ित महिलाओं की सुनवाई उनके घर के पास ही सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव बुशरा अंसारी सिंह, विधि अधिकारी यशपाल शर्मा, हमीरपुर के डीएसपी हरीश गुलेरिया, महिला थाना हमीरपुर की प्रभारी प्रिया, महिला आयोग कार्यालय से राधिका, सोनिया, विनय शर्मा, सागर और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एचआरटीसी बेड़े में शामिल होंगी 297 इलेक्ट्रिक बसें

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** प्रदेश सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) को ई-मोबिलिटी की दिशा में सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में एचआरटीसी बेड़े में 297 नई इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करके सरकार द्वारा निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इस श्रृंखला में पहली प्रोटोटाइप इलेक्ट्रिक बस हैदराबाद से सोलन पहुँच चुकी है। आगामी दो दिनों में सोलन-शिमला मार्ग पर इस ई-बस का ट्रायल किया जाएगा। इसके उपरांत प्रदेश के अन्य मार्गों तथा एचआरटीसी के विभिन्न डिपुओं में भी चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों के ट्रायल शुरू होंगे।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था को सुदृ? करने की दिशा में ते?ी से आगे ब? रही है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन



से न केवल वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी, बल्कि डीजल पर निर्भरता घटेगी और एचआरटीसी की परिचालन लागत में भी कमी आएगी, जिससे निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। साथ ही यह पहल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक, आधुनिक और विश्वसनीय परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में चार्जिंग इं?ास्ट्रक्चर भी विकसित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ये ई-बसें हिमाचल प्रदेश को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ परिवहन के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# आधुनिक अधोसंरचना से सुदृढ़ हो रहा शैक्षणिक माहौल : उपमुख्यमंत्री

**हरोली कॉलेज के नए भवन के लिए 4 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत**

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** जिले के हरोली में स्थित डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज के निर्माणाधीन नए भवन के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 4 करो? रुपये की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की गई है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस अतिरिक्त बजट से निर्माण कार्य को गति मिलेगी तथा विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि कॉलेज के नए भवन का निर्माण लगभग 12 करो? 71 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है, जो वर्तमान में अंतिम चरण में है। अतिरिक्त राशि की स्वीकृति से शेष निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर भवन को शीघ्र ही विद्यार्थियों के उपयोग के लिए तैयार किया जाएगा। अग्निहोत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण एवं अकादमिक विस्तार प्रदेश सरकार की दीर्घकालिक नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और हरोली कॉलेज का निरंतर विकास इसी दूरदर्शी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

गौरतलब है कि कॉलेज के नवीन भवन का लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी समय में सभी शैक्षणिक गतिविधियां इसी नए भवन में संचालित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

इसी क्रम में डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज, हरोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से सात नए पाठ्यक्रम आरंभ किए जा चुके हैं, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च एवं व्यवसायिक शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। कॉलेज में व्यवसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए बीबीए एवं बीसीए जैसे स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के साथ-साथ स्नातकोत्तर स्तर पर एम.कॉम, एम.ए. अंग्रेजी, एम.ए. हिंदी, एम.ए. राजनीतिक विज्ञान तथा एम.ए. इतिहास के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला परिषद कुल्लू के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की अधिसूचना तत्काल प्रभाव से रद्द

**कुल्लू 6 जनवरी (अशेष शर्मा)।** उपायुक्त, कुल्लू तोरूल एस रवीश ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय से सिविल रिट याचिका देवेन्द्र सिंह नेगी बनाम राज्य हिमाचल प्रदेश व अन्य में



दिये गये निर्णय अनुसार हिश्र प्रश्र पंचायती राज (निर्वाचन) नियम 1994 के नियम 9 (2) में संशोधन से संबंधित दिनांक 08-01-2025, 15-02-2025 व दिनांक 01-05-2025 की अधिसूचनाओं को निरस्त व रद्द कर दिया गया है। इस कारण इन संशोधित नियमों के अन्तर्गत प्रकाशित की गई परिसीमन की अधिसूचनाओं को भी निरस्त व रद्द माना जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि पंचायती राज विभाग हिमाचल प्रदेश की इस अधिसूचना के निरस्त व रद्द होने के दृष्टिगत सचिव पंचायती राज विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला-से प्राप्त निर्देशों के अनुसरण में उपायुक्त कार्यालय की उस अधिसूचना जिसके द्वारा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 9 अंतर्गत जिला परिषद कुल्लू के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की अधिसूचना जारी की गई थी उसे तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है।

### 6.02 ग्राम चिट्टा बरामद, दो युवक गिरफ्तार

**सोलन (यशपाल कपूर)।** पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई ने नशा तस्करों के खिलाफ ब?ी कार्रवाई करते हुए सलोग?ा क्षेत्र से दो युवकों को हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी एक लग्जरी कार का इस्तेमाल कर नशे की सप्लाई करने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6.02 ग्राम चिट्टा बरामद कर वाहन को जब्त कर लिया है। पक? गए आरोपियों की पहचान जितेश उर्फ मुन्ना (28) निवासी क्लीन सोलन और नीरज (31) निवासी गांव ढलयाना, सलोग?ा के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और पहले भी कई वारदातों में शामिल रहे हैं। मुख्य आरोपी जितेश उर्फ मुन्ना के खिलाफ पहले से 3 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें पुलिस थाना सदर सोलन और बालूगंज शिमला में एनडीपीएस एक्ट (मादक पदार्थ अधिनियम) के तहत एक-एक मामला, जबकि सोलन में ही सोने के आभूषण चोरी करने का एक मामला शामिल है। वहीं, दूसरे आरोपी नीरज के खिलाफ भी पुलिस थाना सदर सोलन में दो मामले दर्ज पाए गए हैं, जिनमें एक वाहन दुर्घटना और दूसरा लोहे का सामान चोरी करने से संबंधित है। पुलिस अब रिमांड के दौरान यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि वे यह नशा कहां से लाए थे और उनके नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं।

### 8 जनवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित

**सोलन (यशपाल कपूर)।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 08 जनवरी, 2026 को 11 के.वी. रवौण फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता सोलन ने दी। सहायक अभियंता ने कहा कि 08 जनवरी, 2026 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक डुंगा मो?, ग्रीनवेली, देहूँघाट बाजार, आयुर्वैदिक अस्पताल, एल.आई.सी. ऑफिस, हाउसिंग बोर्ड फेस 1 और 2, एस.सी.ई.आर.टी रवौण, वशिष्ठ कॉलोनी और उसके आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था मोदी सरकार के एक दशक के संरचनात्मक सुधारों, नीतिगत स्थिरता व दीर्घकालिक सोच का परिणाम : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों के चलते आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते एक दशक में किए गए संरचनात्मक सुधारों, नीतिगत स्थिरता और दीर्घकालिक सोच के कारण भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप एक दशक पहले भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दीर्घकालिक नीतिगत परिवर्तन की मजबूत नींव रखी गई थी। बीते दस वर्षों की सशक्त आर्थिक यात्रा का स्वाभाविक परिणाम है कि भारत आज वैश्विक मंच पर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी, युद्ध, आपूर्ति संकट और उच्च महंगाई जैसे दबावों से जूझ रही है, वहीं मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल इन चुनौतियों से सुरक्षित है, बल्कि उन्हें अवसर में बदलने की क्षमता भी प्रदर्शित कर रहा है। आर्थिक सुधारों, संस्थागत मजबूती और राष्ट्रीय आत्मविश्वास के विस्तार ने आने वाले वर्षों की दिशा को भी स्पष्ट किया है। विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि 2026 में भारत दुनिया की सबसे तेज़ रफ्तार से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह स्थिति किसी एक फैसले या वैश्विक परिस्थिति का परिणाम नहीं, बल्कि योजनाबद्ध, अनुशासित और दीर्घकालिक आर्थिक नीतियों का सुपरिणाम है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों के चलते भारत का ग्रोथ आउटलुक लगातार उत्साहजनक बना हुआ है। वैश्विक और घरेलू संस्थानों ने मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर अपने आकलनों में सुधार किया है। प्रमुख क्षेत्रों में गति को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी विकास अनुमान 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत विकास का अनुमान लगाया है। मूडीज के अनुसार भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली जी-20 अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2025 के लिए विकास अनुमान 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत किया है। ओईसीडी ने 2025 में 6.7 प्रतिशत और 2026 में 6.2 प्रतिशत विकास का पूर्वानुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। एशियाई विकास बैंक ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया है, जबकि फिच ने मजबूत उपभोक्ता मांग के चलते वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास अनुमान 7.4 प्रतिशत तक बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत ञ्च2047 का संकल्प एक दूरदर्शी विकास-दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें आर्थिक मजबूती, सामाजिक न्याय, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व चारों स्तंभ समान रूप से शामिल हैं।

# ऊना में पशु मित्र के 36 पद भरे जाएंगे आवेदन 5 फरवरी तक होंगे आमंत्रित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** ऊना जिला के पशु चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों को भरने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा मल्टी टास्क वर्कर (पशु मित्र) के 36 पदों को अंशकालिक आधार पर भरा जाएगा।

पशुपालन विभाग ऊना के उप निदेशक वीरेंद्र सिंह पटियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित पशु मित्रों की सेवाएं प्रतिदिन 4 घंटे रहेंगी तथा प्रतिमाह 5 हजार रुपये मानदेय प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ दो स्वयं पता लिखे हुए लिफाफे संलग्न कर संबंधित उप-मंडल के पशु चिकित्सा अस्पताल में स्थित वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में 5 फरवरी सायं 4 बजे तक जमा करवा सकते हैं।




उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त होने वाले अथवा अपूर्ण पाए गए आवेदन पत्रों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र प्राप्त होने में किसी भी प्रकार की देरी के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

उप निदेशक ने बताया कि पशु मित्र पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https://hpagrisnet.gov.in पर उपलब्ध है। उन्होंने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे भर्ती से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

# अवाह देवी-चंडीगढ़ बस सेवा का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर 6 जनवरी।** विधायक सुरेश कुमार ने मंगलवार को अवाह देवी में अवाह देवी से चंडीग? के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की नई बस सेवा का शुभारंभ किया तथा अवाह देवी कस्बे के सौंदर्यीकरण कार्य एवं सर्कुलर रोड के उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया।



इस अवसर पर ब?ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि अवाह देवी से चंडीग? के लिए आरंभ की गई एचआरटीसी की नई बस सेवा से क्षेत्र के हजारों लोगों को सुविधा होगी। यह बस अवाह देवी से बस्सी और लदरौर होकर चंडीग? पहुंचेगी। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम जनता को चंडीग? तक के सफर के लिए अब सीधा एवं सुलभ विकल्प मिलेगा। सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए परिवहन सेवाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अवाह देवी के सौंदर्यीकरण और सर्कुलर रोड के उन्नयन के लिए नाबार्ड के माध्यम से 2.40 करो? रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे यहां यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी तथा श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध होंगी और यह कस्बा एक बड़े धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया, कांग?ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पार्टी के अन्य नेता, लोक निर्माण विभाग और एचआरटीसी के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।


## राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

Email: principal.gacpaprola@gmail.com Website: www.paprolaayurved.org

### नियुक्ति सूचना

राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पपरोला जिला कांगड़ा में हाउस फिजिशियन के 10 पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित आवेदन प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाइट www.paprolaayurved.org पर उपलब्ध है अथवा कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

**रिक्त पदों का विवरण**

पंचकर्म विभाग - 2 पद (महाविद्यालय)
शल्य तंत्र विभाग - 2 पद (आयुर्वेदिक चिकित्सालय)
बाल रोग विभाग - 1 पद (आयुर्वेदिक चिकित्सालय)
प्रसूति तंत्र विभाग - 1 पद (आयुर्वेदिक चिकित्सालय)
काय चिकित्सा विभाग - 2 पद (आयुर्वेदिक चिकित्सालय)
शालाक्य तंत्र विभाग - 2 पद (आयुर्वेदिक चिकित्सालय)

**योग्यता**

अभ्यर्थी का B.A.M.S. परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, हिमाचल प्रदेश (शिमला) से पंजीकृत होना चाहिए।
अभ्यर्थी मूल रूप से हिमाचली होना चाहिए।
पपरोला महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 20-01-2026, सायं 4:00 बजे तक
साक्षात्कार की तिथि : 27-01-2026, प्रातः 11:00 बजे
स्थान : प्रधानाचार्य कार्यालय, राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पपरोला

**सेवा शर्तें**

हाउस फिजिशियन की अवधि में चयनित अभ्यर्थी का आचरण अनुशासित होना आवश्यक है।
मानदेय : 12,600/- रुपये प्रति माह
चिकित्सालय में दिन-रात की आपातकालीन ड्यूटी अनिवार्य होगी।
पपरोला या बैजनाथ से बाहर रहने की अनुमति नहीं होगी।
साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
प्रतीक्षा सूची आवेदन की तिथि से 6 माह तक मान्य रहेगी।
नियुक्ति प्रारंभ में 6 माह के लिए होगी, जिसे संतोषजनक कार्य पर आगे बढ़ाया जा सकता है।
रिक्तियों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

(प्रो. विजय चौधरी)
प्रधानाचार्य
राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय
पपरोला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

## चुनावी मैदान में पुराने धुरंधरों पर हैं टिकी निगाहें, चहेतों के लिए लगेगी दिल्ली दौड़

# लोस-विस नतीजों के समीकरणों को भुनाने में जुटी भाजपा-कांग्रेस

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नगर निगम के चुनावी रण में उतरने से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने अपने होमवर्क करने में जुट गई हैं। अब की बार होने वाली नगर निगम चुनावी परीक्षा सभी दलों के पसीने छुड़ा सकती है। इस बीच पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजों के समीकरणों को भी खंगाला जा रहा है। क्योंकि इन दोनों चुनावों की रणनीति को नगर निगम चुनाव में फिट करने की कोशिश भी जोरों पर है। अब की बार भी भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर है। तभी पार्टियों को अपने पुराने धुरंधरों को याद आई है। खासतौर पर भाजपा और कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं, पुराने टिकटार्थियों और चुनाव में पराजित होने वाले हितैषियों को फील्ड में उतार कर ग्राउंड रिपोर्ट का जायजा लेने में जुट गई हैं। उधर, ऐसी अटकलें हैं कि कांग्रेस और भाजपा पुराने चेहरों पर दांव लगा सकती हैं। दोनों पार्टियों की टीम बी नई पारी के लिए टीम ए को तैयार करेंगी, जो चुनाव में पार्टी का फेस होंगी। इससे पहले ये टीम लोगों की नब्ज टटोल कर पार्टी हाईकमान को इत्तला देंगी। यह इस लिए भी जरूरी है ताकि रण को जीतने में पुराने रिश्तों को तवज्जो देकर टीम ए को मजबूती के साथ हॉट सीट तक पहुंचाया जा सके। उधर, सुनने में यह भी आ रहा है कि पंचकूला के 20 वार्डों में से हर वार्ड के अंतर्गत 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारने को तैयार हैं। बकायदा, अपने आवेदन लेकर पार्टी ऑफिस में दस्तक देने लगे हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा मौजूदा पार्षदों को फिर से अपनी किस्तम आजमाने के लिए मैदान में उतार सकते हैं। इसमें दो पार्षद रिजर्व वार्ड से आते हैं।




### लोकसभा-विधानसभा चुनाव में करीबी जीत-हार

नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां पुराने रिकार्ड खंगालने में जटी हैं। पार्टियों के नेता वर्ष 2019 में विधानसभा और 2014 में लोकसभा चुनाव के नतीजों के उतार-चढ़ाव के गणित को समझने में ज्यादा वक्त लगा रहे हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा सीट पर बीजेपी के ज्ञान चंद गुप्?ता ने जीत हासिल की। उन्?हें 61537 वोट मिले। उनकी कांग्रेस के चंद्र मोहन से कड़ी चुनावी टक्?कर हुई। चंद्र मोहन को 55904 वोट मिले थे। वहीं विधानसभा चुनाव 2024 में पंचकूला सीट पर राजनीतिक समीकरण बिल्कुल बदल गए। भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर देखने को मिली। कांटे की टक्कर में कांग्रेस उम्मीदवार चंद्र मोहन को जीत मिली। वह उम्मीदवार ज्ञानचंद गुप्ता से 1976 मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। दोनों पार्टियों में दो चुनावों में करीबी हार-जीत का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव 2024 में अंबाला हॉट सीट रही। भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला देखने को मिला था। कांग्रेस के सांसद वरूण चौधरी 663657 मतों के साथ विजयी रहे जबकि निकट प्रतिद्वंदी भाजपा की बंतो कटारिया को 614621 मत पड़े थे। वरूण चौधरी ने 49036 वोटों से बढ़त बनाई थी।

### कमेटियां फाइनल नहीं

पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में नगर निगमों के महापौर पद पर बीसी-बी के लिए आरक्षण के लिए राजनीतिक पार्टियों में भागदौड़ शुरू हो गई है। फिलहाल, रेवाड़ी नगर परिषद समेत तीनों नगर निगम की कमेटियां अगले सप्ताह फाइनल होंगी। इसके बाद ही ड्रा निकाला जाएगा। धोरूहेड़ा, रोहतक की सांपला नगर पालिका और हिसार की उकलाना नगर पालिका की कमेटियों का गठन कर दिया गया है।




### वार्ड के रिजर्वेशन का ड्रा आज

नगर नियम कमिश्नर के ऑफिस में कल यानी 7 जनवरी को तीन वार्डों के लिए ड्रा किया जाएगा। नगर निगम के वार्ड 7 वार्ड 16 आ वार्ड 17 के लिए यह ड्रा होना है। इसके अलावा चार वार्ड महिला बीसी उम्मीदवार के लिए आरक्षित किए जाने हैं, उसका ड्रा भी कल हो जाएगा। उसके बाद क्लियर हो जाएगा कि कौन सा वार्ड जनरल केटेगरी का है कौन सा महिला का और क सा आरक्षित किस कैटेगरी के लिए किया गया है।

### चुनावी अटकलें तेज, 22 को स्थिति होगी साफ

पंचकूला नगर निगम की वार्डबंदी फाइनल होने के बाद पार्षदों के साथ प्रशासन के साथ बुधवार को मीटिंग होनी जा रही है। कितने वार्ड अनुसूचित और कितने महिला वार्ड आरक्षित होंगे, इस पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इसके बाद 22 जनवरी को मेयर रिजर्वेशन को होने वाले ड्रा ऑफ लाट के बाद चुनाव कभी भी करवाए जा सकते हैं। इस बीच अटकलें लगाई जा रही हैं कि चुनाव अप्रैल में हो सकते हैं। कुछ का कहना है चुनाव फरवरी में भी हो सकते हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद आचार संहिता लगानी होती है, इसके लिए कम से कम दो महीने का समय होना चाहिए।



# साध्वी रत्न श्री संचिता जी के आठ आयम्बिल सम्पूर्ण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** परम पूज्य परम श्रद्धेय शासन दीपीका महासाध्वी श्री शिमला जी महाराज की सुशिष्या स्वर्ण संयम आराधिका सरलात्मा महासाध्वी श्री वीणा जी महाराज आदि ठाणा -6 के पावन सान्निध्य में आज श्री महावीर जैन भवन कपूरथला चौक जालंधर में परम विदुषी आगम ज्ञाता कोकिल कंठी साध्वी रत्ना श्री संचिता जी महाराज के आठ आयम्बिल सम्पूर्ण होने पर विशेष मंगलपाठ का आयोजन किया गया।

मार्गदर्शक समाज रत्न विमल प्रकाश जैन, अध्यक्ष राहुल जैन, धार्मिक प्रमुख विशाल जैन व गणमान्य श्रावक श्राविकाएं, परम सेवा भावी डॉ मोहित जैन पटियाला का विशेष रूप से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद किया गया।

तपस्वी रत्ना श्री संचिता जी महाराज के अठाई तप का हार्दिक सुख साता पूछते हुए उनके तप का अनुमोदन किया गया।

# मनीमाजरा में स्वास्थ्य, शिक्षा व नागरिक सुविधाओं का प्रशासक ने किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य सचिव चंडीगढ़ प्रशासन एच. राजेश प्रसाद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मनीमाजरा क्षेत्र का दौरा कर स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण का उद्देश्य नागरिकों को मिल रही सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना और आवश्यक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना रहा।

प्रशासक का सिविल अस्पताल मनीमाजरा में स्थानीय पार्षद ने स्वागत किया। इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें रजिस्ट्रेशन व भुगतान काउंटर, इमरजेंसी ओपीडी और आपातकालीन वार्ड की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। प्रशासक ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके उपचार और स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सर्जरी ओपीडी, ऑर्थोपेडिक ओपीडी, लेबर रूम, बच्चों के वार्ड, फोटोथेरेपी यूनिट और स्त्री रोग वार्ड का भी निरीक्षण किया। यहां मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल आगंतुकों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं पर फीडबैक लिया गया। डॉक्टरों ने ओपीडी संचालन और आभा से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी भी दी।

प्रशासक ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सिविल अस्पताल मनीमाजरा क्षेत्र के निवासियों की स्वास्थ्य जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे केवल निरीक्षण के लिए नहीं, बल्कि सार्वजनिक ढांचे को बेहतर बनाने के लिए किए जाते हैं।

इसके बाद प्रशासक ने गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, मनीमाजरा का दौरा किया, जहां शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी ने उनका स्वागत किया। प्रशासक ने स्मार्ट क्लासरूम में छात्रों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और प्रगति के बारे में जाना। शिक्षकों ने बालवाटिका (प्री-प्राइमरी) में अपनाई जा रही गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति की जानकारी दी।



## हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में हुई भारी धांधली की जांच सीबीआई से कराई जाए : ओपी सिहाग

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 6 जनवरी।** जननायक जनता पार्टी पंचकूला के पदाधिकारियों ने जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग एवं युवा जजपा जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी की अगुआई में पिछले दिनों हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में हुई भारी धांधली की जांच सी बी आई से कराने हेतू उपायुक्त पंचकूला सतपाल शर्मा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल हरियाणा के नाम उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इस बारे चर्चा करते हुए जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि एच बी एस ई के चेयरमैन पवन शर्मा द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के परिणामों में गलत तरीके से अयोग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया है तथा बहुत सारे पात्र उम्मीदवारों को छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में बोर्ड के अध्यक्ष ने बहुत बड़ी धांधली की है तथा प्रदेश के हज़ारों उम्मीदवारों/छात्रो के हितों के साथ खिलवाड़ किया है।इस अवसर पर जजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार लगातर प्रदेश के होनहार युवाओ के हितों पर कुठाराघात कर रही है प्रदेश में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के द्वारा उच्च पदों पर बाहरी उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है या प्रदेश के होनहार उम्मीदवारों को जानबूझकर कर फेल करके विभिन्न विभागों में पदों को रिक्त ही रखा जा रहा है।

## गुरुद्वारा श्री कलगीधर दरबार साहिब में स्वास्थ्य शिविर

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** कालका विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा आज ग्राम मानकपुर (पिंजौर) स्थित गुरुद्वारा श्री कलगीधर दरबार साहिब में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विधायक जी ने सर्वप्रथम गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाकर मत्था टेका तथा संगत का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों एवं ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद किया। ग्रामवासियों ने विधायक जी का स्वागत करते हुए कहा कि वे उनकी सरल कार्यशैली, सहज व्यवहार और जनसेवा के प्रति समर्पण से अत्यंत प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास एवं समाजहित से जुड़े निरंतर प्रयासों के लिए विधायक जी का आभार भी व्यक्त किया। इस पावन स्थल पर महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के कॉर्पोरेट अफेयर्स के सलाहकार भारतेंदु शांडिल्य ने आज चंडीगढ़ के चीफ सेक्रेटरी एच. राजेश प्रसाद से उनके ऑफिस में मुलाकात की। मीटिंग के दौरान, शांडिल्य ने आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप की कंपनी चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड द्वारा चंडीगढ़ में बिजली डिस्ट्रीब्यूशन को मज़बूत और बेहतर बनाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताया। बातचीत में कई दूसरे मुद्दों पर भी चर्चा हुई और यह बातचीत बहुत ही सकारात्मक माहौल में हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### कश्मीरी छात्र प्रतिनिधिमंडल ने किया हरियाणा साहित्य अकादमी का दौरा



**पंचकूला।** हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हरियाणा दर्शन यात्रा मे कश्मीर से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा साहित्य अकादमी का भ्रमण किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा साहित्य अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री से भेंट कर उनके साथ सार्थक एवं प्रेरणादायी संवाद किया। डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कश्मीरी छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए हरियाणा की समृद्ध ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संवाद किसी भी समस्या के समाधान की सर्वोत्तम प्रक्रिया है और युवाओं को अपने स्वयं के अनुभवों के आधार पर निर्णय लेने चाहिए, न कि केवल दूसरों की बातों में आकर। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि यही देश की वास्तविक आवश्यकता है।

### रिलायंस फाउंडेशन के 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' में भारत के क्रिकेट दिग्गजों के साथ शामिल हुए संजय टंडन

**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) के फाउंडर प्रेसिडेंट और बीसीसीआई (डब्ल्यूपीएल) की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य संजय टंडन ने सोमवार शाम मुंबई में आयोजित 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' के दूसरे संस्करण में



शिरकत की। यह आयोजन रिलायंस फाउंडेशन द्वारा भारत की विश्व चैंपियन क्रिकेट टीमों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया। इस विशेष शाम में भारतीय क्रिकेट और खेल जगत की कई प्रमुख हस्तियां एक मंच पर एकत्रित हुईं। कार्यक्रम के दौरान तीन विश्व चैंपियन टीमों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान दीपिका टीसी, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर शामिल रहीं।

### एमसीएम की छात्राओं ने फॉरेंसिक विज्ञान का भ्रमण किया



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल), चंडीगढ़ के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान फॉरेंसिक विज्ञान की दुनिया से समृद्ध एवं ज्ञानवर्धक परिचय प्राप्त किया। यह भ्रमण प्रयोगशाला के रेजिंग डे के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसे कॉलेज की एनएसएस इकाइयों एवं वाडा क्लब द्वारा संयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को न्याय की स्थापना में फॉरेंसिक विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराना था।

# हाईवे पर हथियार तस्कर गिरफ्तार, जैपनीज पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद, सप्लायर की तलाश तेज

आरोपी आदतन, पहले से दर्ज हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट जैसे 6 मामले

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हाइवे रॉबर्स के बाद डिटेक्टिव स्टाफ ने हाइवे पर जैपनीज पिस्टल लिए खड़े एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध पिस्टल के साथ पिंजौर-मढ़ावाला हाईवे पर गांव जट्टामाजरी के समीप खड़ा है।

सूचना के आधार पर इंचार्ज मनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान सतीश कुमार उर्फ टीटी (34), निवासी गांव माजरा महताब, जिला पंचकूला के रूप में हुई।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल (मेड इन जापान) तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी हथियार रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1बी) ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई गुरमेज सिंह द्वारा की जा रही है।

**आरोपी आदतन अपराधी 2 दिन के रिमांड पर :** डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास तथा आपसी झगड़ों से संबंधित कुल छह मामले थाना पिंजौर एवं कालका में दर्ज हैं। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

इस दौरान मुख्य हथियार सप्लायर, गिरोह में संलिप्त अन्य व्यक्तियों तथा यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी उक्त हथियारों की सप्लाई करने वाला था अथवा किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।



श्री अग्रवाल सभा लाडवा की महिला विंग की पदाधिकारियों द्वारा महिला पत्रकार श्रीमति अनिल गोयल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को लेकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## डिजिटल परिवर्तन पर केंद्रित नेशनल सेमिनार आयोजित

**पंचकूला, (अप्रस)।** पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन्स- कम्युनिकेशन, संस्कृति और समाज पर अंतर्विषयक दृष्टिकोण पर एक दिवसीय राष्ट्रीय बहुविषयक सेमिनार का आयोजन आगामी 29 जनवरी को किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा प्रायोजित है। संगोष्ठी का उद्देश्य डिजिटल युग में संचार, संस्कृति, समाज, राजनीति, मीडिया और तकनीक के बदलते स्वरूप पर गंभीर अकादमिक विमर्श को बढ़ावा देना है। देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, मीडिया पेशेवरों और विद्यार्थियों को इस सेमिनार में सक्रिय सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शैलजा छाबड़ा ने कहा कि डिजिटल युग में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समकालीन सामाजिक और तकनीकी परिवर्तनों पर अकादमिक संवाद को आगे बढ़ाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

## उपमंडल अधिकारी ने सुनी समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

**रायपुररानी (सोनू)** उपमंडल अधिकारी नागरिक नारायणगढ़ शिवजीत भारती ने उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

शिविर में विभिन्न गांवों और शहर क्षेत्र से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य जनता की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि जिन शिकायतों का समाधान तुरंत संभव है, उन्हें मौके पर ही निपटाया जाए और जिन मामलों में जांच की आवश्यकता है, उनमें निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बता दें कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फैले अतिक्रमण के निरीक्षण पर अचानक निकले डीसी, अफसरों में हड़कंप

अवैध रेहड़ी फड़ी वालों को दी दो टूक हिदायत, अवैध अतिक्रमण नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** शहर में फैले अतिक्रमण का जायजा लेने के लिए डीसी सतपाल शर्मा मंगलवार को अचानक रवाना हुए। उनके साथ नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और पीएमडीए के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से डीसी शहर के विभिन्न स्थानों पर गए। सेक्टर-7 स्थित मार्केट में निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और करते हुए निगम के अधिकारियों को सभी शौचालयों की मरम्मत और साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला और पुरूष शौचालयों में प्रतिदिन साफ सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि मार्केट में आने वाले लोगों को स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध हो।

**अवैध स्टाल लगा कर समान बेचते दिखे लोग :** मार्केट परिसर का भी डीसी ने निरीक्षण किया और पाया कि मार्केट में स्थित दुकानों के सामने लोग अवैध रूप से अस्थाई स्टॉल लगाकर सामान बेच रहे थे। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को प्राथमिकता के आधार पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह दुकानों के सामने स्टॉल लगाने से मार्केट में आवाजाही अवरूद्ध होती है और लोगों को अनावश्यक कठनाईयों का सामना करना पडता है।

**इंदिरा कॉलोनी से लेकर लेबर चैक तक निरीक्षण :** इससे पहले उपायुक्त ने इंदिरा कॉलोनी से लेकर लेबर चैक सेक्टर-16 का निरीक्षण किया और वहां अतिक्रमण पाए जाने पर पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को तुरंत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचकूला में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सरपंच संवाद कार्यक्रम में विधायक कादियान का भरोसा, हर गांव तक पहुंचेगा विकास

सरपंच संवाद कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान का सकारात्मक संदेश

सरपंच संवाद में विधायक कादियान बोले- गांवों का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता

अर्थ प्रकाश/सुरेंद्र कुमार



**गन्नौर, 6 जनवरी।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित सरपंच संवाद कार्यक्रम में गन्नौर ब्लॉक की अधिकांश पंचायतों के सरपंच और प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान ने सरपंचों से सीधा संवाद कर गांवों से जुड़ी समस्याओं और विकास प्रस्तावों पर चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरूआत में सरपंच एसोसिएशन की ओर से विधायक कादियान का पगड़ी और बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद एसोसिएशन ने गांवों की प्राथमिक जरूरतों को लेकर लिखित मांग पत्र सौंपा। विधायक कादियान ने सरपंचों को आश्वस्त किया कि सभी गांवों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।विधायक ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है और गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सरपंच मेहर सिंह एवं उपप्रधान सरपंच मंजीत कुमार ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### हर सरपंच को मिलेगा सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ

उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर सरपंच को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा और विकास कार्यों में पारदर्शिता रखी जाएगी। अधिकारियों को भी पंचायत स्तर के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेंद्र कादियान ने सरपंचों के साथ लंच कर अनौपचारिक संवाद भी किया, जिससे आपसी विश्वास और तालमेल और मजबूत हुआ।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती रहेगी आम आदमी पार्टी: रणवीर छिक्कारा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 6 जनवरी।** आम आदमी पार्टी द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में आज जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पुतला दहन किया गया।यह विरोध प्रदर्शन आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा और प्रत्याशी चयन कमेटी के चेयरमैन विमल किशोर के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए आरोप लगाया कि सरकार इस जघन्य हत्याकांड में आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है।जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलती, आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

उन्होंने यह भी मांग की कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिले।इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के जिला सचिव विकास दहिया युवा के जिलाध्यक्ष अंकुश त्यागी लोकसभा सचिव राजेश सरोहा जिला उपाध्यक्ष नरेश कौशिक खरखौदा हलाध्यक्ष सुनील दहिया रामबीर सिंह राहुल शर्मा आमेन अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शेर मोहम्मद, अजय टोंक, सतीश कुमार, विनोद शर्मा, विजय सेतिया, गगनशर्मा सार्थक सुरेश चावला, सोनीपत शहर हलका अध्यक्ष योगेश पाल, आदि कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा ने अंकित मल्होत्रा को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण जिला सहसंयोजक नियुक्त किया

जिला सहसंयोजक नियुक्त होने पर अंकित मल्होत्रा का फूलमालाओं पहनाकर स्वागत करते शहर के लोग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गन्नौर, 6 जनवरी।** पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने अंकित मल्होत्रा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी । अंकित मल्होत्रा लंबे समय से सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। पूर्व पार्षद के रूप में उन्होंने जनहित से जुड़े अनेक कार्य किए हैं। इसी को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा आजीविका के नए साधन विकसित करना है। जिला सहसंयोजक नियुक्त होने पर अंकित मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज एवं गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। मिशन के तहत ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर हरीश वाधवा,पूर्व पार्षद हरीश मदान,प्रवेश मदान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे क्लाइंट यानी मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच नरवाना के निर्देश पर, यह पब्लिकेशन जारी किया जा रहा है कि धर्म सिंह कॉलोनी, नरवाना में स्थित 150 वर्ग गज की प्रॉपर्टी, प्रॉपर्टी ID नंबर 30T8DEW5, जिसका ओरिजिनल सेल डीड नंबर 665, तारीख 10.05.2013 SRO ऑफिस नरवाना में रजिस्टर्ड था, वह श्रीमती शीला पत्नी राजबीर पुत्र भाले राम निवासी गांव लोवा जिला जींद से बस स्टॉप लोवन जिला जींद में यात्रा के दौरान खो गया/गुम हो गया है। खोई हुई प्रॉपर्टी की रिपोर्ट एप्लीकेशन नंबर 132300312600013 श्रीमती शीला पत्नी राजबीर पुत्र भाले राम निवासी गांव लोवन जिला जींद द्वारा हरियाणा पुलिस सिटीजन सर्विसेज के पोर्टल पर दर्ज कराई गई है। अगर किसी व्यक्ति को ऊपर बताया गया टाइटल डीड मिलता है, तो कृपया उसे नीचे दिए गए पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट से वापस भेज दें या नीचे दिए गए व्यक्ति को टेलीफोन पर सूचित करें। यदि किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्थान का बिक्री, विनिमय, उपहार, गिरवी या किसी अन्य कारण से इस संबंध में कोई दावा/हित या कोई आपत्ति है, तो कृपया प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर संबंधित दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति/दावे की लिखित सूचना नीचे दिए गए व्यक्ति को दें। यदि मुझे निर्धारित दिनों के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उसके बाद कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही मेरे क्लाइंट पर बाध्यकारी होगा।

नवीन कुमार चोपड़ा एडवोकेट,
सिविल कोर्ट, नरवाना
जिला जींद (हरियाणा)
मोबाइल नं. 9416247500

AP-7060

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Ajay Civil Judge Jr. Div. Chandigarh**
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case Information is available on http://ecourts.gov.in
**T.M FOODS**
**Vs.**
**JASMER SINGH**
FOR RECOVERY OF SUM
CNR No. CHCH02-003371-2024
Next Date:-24-02-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
JASMER SINGH:
PLOT NO. 454 SECTOR
25 WEST CHANDIGARH-160015
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 24-02-2026 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 23-12-2025.

**Civil Judes Jr Div. Chandigah**

AP-7057

grtr mhll erlA ivkls AQirtl, p~f Bvn, sktr-**62,** As.e.As.ngr[ (jnqk scn)



imqk Alstl IBpqrl

isgl ivf fiehl n: 461843 imql 31-10-2025 rhl ibnkr vl sicq klq igA h ik As.sl.AP n: 33. Pj-7, sktr 61, As.e.As ngr d 25 pqlsq ih-s d mlk Surinder Kumar Mehan S/o S.R. Mehan R/o # 2889, Phase 7, SAS Nagar dl mq imql 23-03-2019 f h gel h[ blrj kr Dllvl, imaspl kslr, vrf n: 9, As.e.As ngr vl imqk Altl d kfnl vrs hT ilK Ansr qsdlk klq ge hn:-
1. rj mhn pqnl
2. silnl milk p-qrl
3. pj mhn p-qrl
akq vrsl vl As.sl.AP n: 33, Pj-7, sktr 61, As.e.As ngr d 25 pqlsq ih-s dl mlklAq vrsl d srtliPkt d ADr q Apx nm q trlsPr krn lel ies dPqr ivK Aplel klq h Aq ieh ks hx ieh ks imlK APsr gmfw, As.e.As ngr d dPqr iv-c ivcr ADln h[ies lel akq plt dl mlklAq akq kfnl vrsl d nm q trSPr krn q pihl sicq klq jdh h ik imqk Altl d kfnl vrsl sbDl iks f ieqrj hv ql ies ivigApn dl imql q 15 idnl d Adr-Adr Apx ieqrj imlK APsr gmfw, As.e.As ngr ps ilKql rp iv-c d skd h[inSicq imql Aq sml ql bAd ppq he ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg[ blrj kr Dllvl,imaspl kslr, vrf n: 9, As.e.As ngr vl ifklAr klq imqk Altl d kfnl vrsl d ADr q As.sl.AP n: 33, Pj-7, sktr 61, As.e.As ngr d 25 pqlsq ih-s dl mlklAq lBpqrlA d nm q qbdll kr id-ql jvgl[
imlK APsr(h)
gmfw, As.e.As ngr

AP-7058

**सार्वजनिक सूचना**

सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष
शहरी सम्पदा का नाम, पंचकूला

विषयः अलाटी स्वर्गीय कर्नल स्मित्तर सिंह (रिटायर्ड) पुत्र सरदार चंनन सिंह की वसीयत सहित मृत्यु होने पर निर्मित मकान नं. 48-पी, सैक्टर 12, अर्बन एस्टेट, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्वर्गीय कर्नल स्मित्तर सिंह (रिटायर्ड) जो कि रिकार्ड के अनुसार उक्त प्रॉपर्टी के अलाटी थे, की दिनांक 27.04.2024 को मृत्यु हो गयी थी तथा (1) ईश्वर प्रीत कौर, (2) कर्नल परमवीर सिंह (रिटायर्ड) व (3) डॉक्टर शमशेर सिंह के पक्ष में पंजीकृत वसीयत है। पंजीकृत वसीयत नं.43, बही नं.3, दिनांक 10.05.1996, पंचकूला।

(i) श्रीमती ईश्वर प्रीत कौर पत्नी स्वर्गीय कर्नल स्मित्तर सिंह (रिटायर्ड), (ii) कर्नल परमवीर सिंह (रिटायर्ड) पुत्र स्वर्गीय कर्नल स्मित्तर सिंह (रिटायर्ड) दोनो निवासी गांव टिवाना, म्हरू, पटियाला, पंजाब एवं (iii) डॉक्टर शमशेर सिंह पुत्र स्वर्गीय कर्नल स्मित्तर सिंह (रिटायर्ड) निवासी मकान नं. 1194, एस.एस.टी. नगर, पटियाला, ने उक्त वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में उक्त प्रॉपर्टी के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा (i) श्रीमती ईश्वर प्रीत कौर, (ii) कर्नल परमवीर सिंह (रिटायर्ड), (iii) डॉक्टर शमशेर सिंह के नाम पर पुनः अलाटमेंट के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी एचएसवीपी, पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति को एचएसवीपी नीति अनुसार सम्पदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जायेगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

कानूनी वारिसः (1) ईश्वर प्रीत कौर, (2) कर्नल परमवीर सिंह (रिटायर्ड) व (3) डॉक्टर शमशेर सिंह
सम्पदा अधिकारी की ओर से।

AP-7054

**नगरपालिका सफीदों ।**

**सूचना**

नगरपालिका सफीदों ने पालिका क्षेत्र सफीदों का कुड़ा-कर्कट डालने व कुड़ा प्रोसैस करने के लिए प्लांट लगाने हेतू लगभग 2 एकड़ जमीन शहर, बस्ती से लगभग 2-3 किलोमीटर की दूरी पर हो व जमीन / भूमि में कुडा कर्कट डालने के लिए पर्याप्त मात्रा में सड़क या पक्का रास्ता हो, तथा किसान स्वयं 02 एकड़ जमीन / भूमि की 8-10 फुट की उंचाई की दिवार सिमेंट इत्यादि की बनाकर देगा। उस किसान की 02 एकड़ जमीन / भूमि नगरपालिका सफीदों ठेका / किराया अथवा लीज पर प्रति वर्ष के हिसाब से अगले 05-10 वर्षों के लिए लेना चाहती है। अत: उपरोक्त शर्तों को मध्य नजर रखते हुए जो भी किसान अपनी 02 जमीन एकड़ जमीन ठेका / किराये अथवा लीज पर अगले 05-10 वर्षो के लिए देना चाहता है, वह किसान अपनी 02 एकड जमीन की जमाबन्दी, इन्तकाल रजिस्टरी, नक्शा, रास्ता की फोटो प्रति दो दिन के अन्दर - अन्दर, सचिव, नगरपालिका सफीदों कार्यालय मे, कुटेशन के साथ जमा करवाए ।

सचिव,
नगरपालिका सफीदों ।

AP-7074

**PUBLIC NOTICE**

SUB: Transfer of ownership in respect of PLOT NO 636A SECTOR 15 PART 1 HUDA Urban Estate 1 Gurugram Haryana, consequent upon the intestate death OF OWNER LATE SMT BALA SANGAL W/O LATE SH GRISH PRASAD SANGAL R/O H NO 636A SECTOR 15 PART 1 GURGAON AS PER RECORD DIED ON 16/04/2024.
LATE SMT BALA SANGAL W/O LATE SH GRISH PRASAD SANGAL R/O H NO 636A SECTOR 15 PART 1 GURGAON AS PER RECORD DIED ON 16/04/2024 AND LEAVING BEHIND FOLLOWING LEGAL HEIRS (1) SANJAY SANGAL (SON) (2) VIPUL KUMAR SANGAL (SON) ALL R/O H NO 636A SECTOR 15 PART 1 GURGAON 122001
(1) SANJAY SANGAL S/O LATE SH GRISH PRASAD SANGAL R/O H NO 636A SECTOR 15 PART 1 GURGAON 122001 intends to apply for transfer of the said in their favour through legal heirs and requests for re-allotment in the name.
If any person is having objection to the above transfer of the said plot, he/she can submit objections to The Estate Officer-1, HUDA, Sector-14, Gurugram along with supporting documents, within 30 days of publication of this notice, otherwise the Estate Officer may sanction mutation of the property as per HUDA policy and may not entertain subsequent claim if any.

LEGAL HERIS
on behalf of Estate Officer -1

AP-7050

**द सुपर को-ऑप हाउस बिल्डिंग फर्स्ट (I) सोसाइटी लिमिटेड।**
**प्लॉट नंबर 4 सेक्टर 49-C, चंडीगढ़। रजिस्टर्ड नंबर 676 तारीख 05-05-2004**
**(पंजाब कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ एक्ट 1961 के तहत रजिस्टर्ड)**

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री कुलदीप चंद शर्मा पुत्र श्री सुख देव शर्मा की 05.12.2020 को मृत्यु के बाद, निम्नलिखित व्यक्ति ने नॉमिनेशन और रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर नीचे बताए गए शेयर/फ्लैट का मालिकाना हक अपने नाम ट्रांसफर करने के लिए आवेदन किया है।

| क्र.सं. | फ्लैट के मालिक का नाम | नॉमिनी/ट्रांसफर करने वाले का नाम | फ्लैट नंबर | कैट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कुलदीप चंद, शर्मा फ्लैट नंबर 2200, (दूसरी मंजिल), सेक्टर-49-सी, चंडीगढ़. | श्रीमती कांता शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री कुलदीप चंद शर्मा निवासी फ्लैट नं 2200, सैक्टर-49/सी, चंडीगढ़ | 2200, दूसरी मंजिल, सैक्टर-49 /सी, चंडीगढ़ | बी |

अगर ऊपर बताए गए फ्लैट की ओनरशिप ट्रांसफर पर किसी को कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से 30 दिनों के अंदर नीचे साइन करने वाले व्यक्ति को लिखित में आपत्ति दर्ज करा सकता है, साथ ही ज़रूरी दस्तावेज़ भी जमा करें, नहीं तो फ्लैट की ओनरशिप उसी हिसाब से ट्रांसफर कर दी जाएगी और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रेसिडेंट

AP-7058

**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**
**आज ही बुक करें**
**PH. : 0172-2638515, 98883-03520**
**Email : arthparkashadvt29@gmail.com**

**सार्वजनिक सूचना**

मैं असीम खुराना पुत्र स्वर्गीय मनमोहन खुराना निवासी मकान नं 2672, सैक्टर -40/सी चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग बेटे का नाम हिमांक से बदलकर हिमांक खुराना कर लिया है। हिमांक और हिमांक खुराना एक ही नाम है।

एपी-7051

मैं, सोनिया मदान, पत्नी सुधीर कुमार मदान, निवासी 39/16, नेहरू गार्डन कॉलोनी, गली नंबर 2, कैथल, हरियाणा, ने अपना नाम 'सोनिया मदान' से बदलकर 'सोनिया' कर लिया है, जो भविष्य में सभी प्रयोजनों हेतु मान्य होगा।

एपी-7152

ml XDw isG p-qr Sl drSn isG p-qr krm cd vlsl ipf gqrw, qihsll q izlw pTwnkt dw rihx vlw h[ ieh ik ml Kvt nbr 4/4, 7/7, 21/21, 45/44 imn rkbw vikAw ipf gqrw h:b nbr 204 mqwibk jmlbdl sl 2020-2021 dw mlk hl[ ieh ik akq rkb d irkwrf iv-c mrw nwm XDw isG p-qr drSn isG p-qr krm cd dl bjwe jD isG p-qr drSn isG p-qr krm cd h igAw h j k glq h[ ieh ik akq rkbw irkwrf iv-c mrl mrw nwm jD isG ql XDw isG drj klqw jwv[

AP-7048

I, Sudesh Kumari W/o Sh. Rajinder Kumar R/o #380/2, Pipliwala Town, Manimajra, Chandigarh have changed my name from Sudesh Kumari to Sudesh.

AP-7053

मैं, वीना कुमारी पुत्री मनोहर लाल निवासी ए-2, नील नगर नीलोखेड़ी, जिला करनाल (हरियाणा) ने अपना नाम वीना कुमारी से बदलकर काजल सचदेवा रख लिया है।

एपी-7055

मैं, ईश कुमार जुनेजा, पुत्र लाल चंद जुनेजा, निवासी मकान संख्या 1129-पी, वीटा बूथ के पास, सेक्टर 24, हुडा, पानीपत-132103, हरियाणा, ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम ईश कुमार से बदलकर ईश कुमार जुनेजा रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों हेतु ईश कुमार जुनेजा के नाम से जाना पहचाना जाये।

एपी-7056

I Ram Saran Morya S/O Ram Naresh, R/O House No. 1434, Block -C, Janta Colony, Naya Gaon S.A.S Nagar(Mohali), Punjab-160103, Have changed my name From Ram Saran Morya to Ram saran.

I Rupa devi W/O Ram Saran, R/O House No. 1434, Block-C, Janta Colony, Naya Gaon, S.A.S Nagar(Mohali), Punjab-160103, Have changed my name from Rupa devi to Roopa

AP-7058

I hitherto known as MEENA DEVI Wife of RAJESH KUMAR Resident of H. No. 168A, Ward No. 1, Indri, Tehsil Indri, Distt. Karnal, Haryana-132041 (India) have changed my name and shall hereafter be known as MEENA.

मैं, देवी पत्नी राम बीर निवासी मकान नंबर 4/12ए, गांव बाहरी, कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि मैने अपना नाम देवी से बदलकर निशा देवी रख लिया है।

मैं, सुनील कुमार पुत्र नराता राम निवासी 52, गांव मोरथला (107), पोस्ट ऑफिस दुधला, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136156 ब्यान करता हूँ कि मैने अपने नाबालिक पुत्र का नाम ईशान से बदल कर सैंडी शोलडे रख लिया है।

मैं, पवन कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी 783, मुंदडी, कैथल, हरियाणा -136042 ब्यान करता हूँ कि मैने अपने नाबालिक पुत्र का नाम बेबी वन ऑफ़ पिंकी देवी से बदलकर रितेश कुमार रख लिया है।

एपी-7062

मैं आरज़ू पुत्री अब्बास फतेहेपुर ढोला वीटीसी फतेहपुर ढोला डाकघर झरवान जिला नकुड सहारानपुर उत्तर प्रदेश। शपथकर्ता मुस्लिम धर्म से संबंध रखती है और हिंदू धर्म को अच्छी तरह से समझती हैं, दिनांक 06/01/2026 को मुस्लिम धर्म को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया है। मुझ पर मेरे माता-पिता किसी और सदस्य का कोई दबाव नहीं है, आज से मुझे हिंदू धर्म में माना जाये।

एपी-7064

मैं अनीता पत्नी अनिल कुमार वासी 1124-ए, सैक्टर-24 बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर अनीता से नीतू रखा हैं

मैं Meenakshi Dhun पत्नी अजित कुमार वासी मकान नं जी-18, वार्ड नं-03, हॉस्पिटल एरिया, नीलोखेड़ी करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Minakshi Devi से Meenakshi Dhun रखा हैं

मैं अजित कुमार पुत्र ओम प्रकाश वासी मकान नं जी-18, वार्ड नं-03, हॉस्पिटल एरिया, नीलोखेड़ी करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अजित कुमार वर्मा से अजित कुमार रखा हैं

मैं Kusum देवी पत्नी राजिंदर कुमार वासी गांव Brahman माजरा डाक जाम्बा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Kusum देवी से Kusam देवी रखा हैं

मैं मुनीश कुमार मेहता पुत्र भगवान दास मेहता वासी 25/जी , एस.सी.सी. एरिया, नीलोखेड़ी, जिला करनाल, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर मुनीश मेहता रखा हैं

मैं सलिन्दर कुमार पुत्र बनारसी दास वासी 104-पी, सैक्टर 26, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर सलिन्दर कुमार सैणी रखा हैं

मैं कवलजीत कौर पत्नी अंग्रेज सिंह वासी गांव Luthera, तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर कवलजीत और उपनाम कौर रखा हैं

मैं उमेद सांगवान पुत्र इंदर सिंह वासी गांव सिधान जिला भिवानी ने अपना नाम बदलकर उमेद सिंह रखा हैं

मैं अमन सिंघल पुत्र पवन कुमार सिंघल वासी मकान नं.206 प्रेम नगर हिसार ने अपना नाम बदलकर अमन सिंगल रखा हैं

मैं पूजा सिंघल पत्नी अमन सिंगल वासी मकान नं.206 प्रेम नगर हिसार ने अपना नाम बदलकर पूजा सिंगल रखा हैं

मैं अमन सिंगल पुत्र पवन कुमार सिंघल वासी मकान नं.206 प्रेम नगर हिसार ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर क्यारा से क्यारा सिंगल रखा हैं

मैं संदीप रावत पुत्र धीरज सिंह वासी मकान नं.30, गली नं.16, बंसत विहार, करनाल ने अपना नाम बदलकर संदीप से संदीप रावत रखा हैं

मैं पाटीदार कपिलकुमार नारायण पुत्र नारायण रुखादूजी पाटीदार वासी फ्लैट नं.1356 13th फ्लोर मंगलम टावर एस बी पी हाउसिंग पार्क डेरा बस्सी एस ए एस नगर ने अपना नाम बदलकर कपिल नारायण पाटीदार रखा हैं

मैं पवन कुमार पुत्र किशोरी लाल वासी मकान नं.71/27, सुभाष नगर, रोहतक रोड, जींद ने अपना नाम बदलकर पवन कुमार बंसल रखा हैं

मैं सरस्वती Pariyar पत्नी टिका राम ओली वासी मकान नं. 17, सैक्टर 41-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सरस्वती ओली रखा हैं

मैं कु. नीतू पत्नी सुनील गोयल वासी मकान नं 613 सैक्टर 14 हिसार हरियाणा-125001 ने अपना नाम बदलकर कु. नीतू से नीतू गोयल रखा हैं, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

मैं अतुल कुमार शर्मा पुत्र दिनेश कुमार शर्मा वासी शर्मा रविन हॉस्पिटल नजदीक Budhala संत मंदिर ऋषि नगर हिसार हरियाणा-125001. ने अपना नाम बदलकर अतुल कुमार शर्मा से अतुल शर्मा रखा हैं, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

मैं Ranjna बाला पत्नी वेद प्रकाश कक्कड़ वासी मकान नं 187/20 रूप नगर कॉलोनी, नजदीक निरंकारी भवन हांसी हरियाणा-125033. ने अपना नाम बदलकर Ranjna बाला से Ranjana बाला रखा हैं, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

मैं अंजू रानी पत्नी विजय कुमार वासी मकान नं.इ-1/22, फर्स्ट फ्लोर, Eldeco एस्टेट वन , सैक्टर-3, पानीपत ने अपना नाम बदलकर अंजू बाला रखा हैं

मैं नितिका पत्नी करुण सहगल वासी मकान नं.130/131, सैक्टर-बी, डिफेन्स कॉलोनी, अम्बाला कैंट ने अपना नाम बदलकर नितिका सहगल रखा हैं

एपी-7066

I, Miss Annu Kumari D/o No. 14800267M, Rank NK(TS), Name Randhir Singh R/o VPO Beri Khera Tehsil Pillu Khera Distt. Jind, Haryana Pin Code 126113, declare that my name was earlier Miss Annu Kumari and D.O.B is 19-01-1998 in my father service records, which I have now changed to Annu D.O.B is 16-08-1999.

AP-7067

मैं, जसविंदर जीत कौर पत्नी सर्विस नंबर 095286 के, रैंक लीडिंग सीमैन सुखिंदर सिंह , मकान नंबर 3418, सेक्टर 38-डी, चंडीगढ़, पिन कोड- 160036, ने अपना नाम जसविंदर जीत कौर से बदलकर जसविंदरजीत कौर ढिल्लों रख लिया है और मेरी सही जन्मतिथि 18.05.1951 है। दिनांक 06.01.2026 को एफिडेविट के माध्यम से नोटरी चंडीगढ़ के समक्ष रख लिया है।

एपी-7068

मैं, Raju Nanadi पुत्र Ramu Nanadi निवासी # 1484 पुरानी एनएसी, मनीमाजरा, चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम Swati Nanadi से बदलकर Swati रख लिया है।

एपी-7070

मैं, कंचन/कंचन खुराना पत्नी राहुल खुराना निवासी मकान नं. 1230, सैक्टर 16-17, हिसार, हरियाणा घोषणा करती हूँ कि मुझे कंचन और कंचन खुराना दो नामों से जाना जाता है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही यानि एक ही व्यक्ति के हैं। अब भविष्य में मुझे कंचन के नाम से जाना जाए।

एपी-7071

मैं वैभव पुत्र कवलदीप सिंह निवासी # 12, नई गोविन्द विहार, नज़दीक फर्नीचर मार्किट, बलटाना, एस ए एस नगर (मोहाली) ने अपना नाम बदलकर वैभव ढिल्लों रख लिया है

मैं कवलदीप सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी #12, नई गोविन्द विहार, नज़दीक फर्नीचर मार्किट, बलटाना, एस ए एस नगर ( मोहाली ) ने अपना नाम बदलकर कवलदीप सिंह ढिल्लों रख लिया है।

एपी-7072

मैं, दीप्ति वान्नेरे, पत्नी जयंत विनायक वान्नेरे, निवासी फ्लैट नंबर ए-603, जीएच-1, बीएमडी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी सेक्टर-23, पंचकुला, हरियाणा-134109, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम दीप्ति वान्नेरे से बदलकर दीप्ति जयंत वान्नेरे कर लिया है।

मैं, सैन्य संख्याः 14943263वाई, रैंकः नायक, नाम- चौहान मुकेश कुमार अमुलख भाई वर्तमान में यूनिटः 24 मैक इन्फैंट्री, सी/ओ 56 एपीओ जैसलमेर, राजस्थान में तैनात हूं स्थायी पताः ग्रामः लाठीदड, पोस्टः लाठीदड, जिलाः भावनगर, राज्यः गुजरात, पिन-364710, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी पुत्री का नाम प्राची से बदलकर चौहान प्राची मुकेशकुमार कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219731, दिनांकः 06/01/2026

मैं, सैन्य संख्याः 14943263वाई, रैंकः नायक नाम- चौहान मुकेश कुमार अमुलख भाई, वर्तमान में यूनिटः 24 मैक इन्फैंट्री, सी/ओ 56 एपीओ, जैसलमेर, राजस्थान में तैनात हुं स्थायी पताः ग्रामः लाठीदड, पोस्टः लाठीदड, जिलाः भावनगर, राज्यः गुजरात, पिन-364710, घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी पुत्री का नाम प्रियांशी से बदलकर चौहान प्रियांशी मुकेशकुमार कर लिया है। शपथ पत्र संख्याः 11एए 219732, दिनांकः 06/01/2026

I, AROCKIASAMY MS is Father of Army No: 16118125X Rank: Spr Name- James Thiruvasagam A Presently Residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from AROCKIASAMY MS to AROCKIYASAMY

मैं, कटिझा, सैन्य संख्याः जेसी 424792एक्स, रैंकः नायब/सूबेदार नाम- अब्दुल जलील सीके की माता हूं जो वर्तमान में यूनिटः 27 मैक इन्फैंट्री, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पताः ग्रामः विराजपेट, पोस्टः विराजपेट, तहसीलः विराजपेट, जिलाः कोडगु, राज्यः कर्नाटक, पिन 571218 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम कटिझा से बदलकर खदीजा सी के कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 19/09/1951 से 16/04/1950 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्याः 11एए 219733, दिनांकः 06/01/2026

एपी-7073

मैं ओम प्रकाश (आधार नं. 3492 3339 2648) पुत्र जयलाल ढुल निवासी मकान नं. 2248 अर्बन एस्टेट, जींद-126102 (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मैंने अपना नाम ओमप्रकाश से बदलकर ओमप्रकाश ढुल रख लिया है।

एपी-7074

मैं, प्रेरणा चोपड़ा पत्नी तुषार शर्मा, निवासी 268/, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, NH-22, कालका, पोस्ट ऑफिस- कालका, जिलाः पंचकूला, हरियाणा - 133302, ने अपना नाम प्रेरणा चोपड़ा से बदलकर प्रेरणा शर्मा कर लिया है।

एपी-7075

मैं, मनोज कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश, निवासी #119, सेक्टर -4, हुडा, नारायणगढ़, तहसील नारायणगढ़, जिला अंबाला, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरी नाबालिग बेटी का नाम Hatal Khurana से बदलकर Hetal Khurana कर दिया गया है।

एपी-7076

**बेदखली सूचना**

मैं सतीश कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 2171/1 PWT मनीमाजरा चंडीगढ़ अपने बेटे सन्नी भल्ला और उसकी पत्नी सोनिया को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ . क्योंकि यह दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है . जो कोई भी इनसे लेन- देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।

एपी-7063

हम, रोशन लाल पुत्र श्री बलजीत राम और कृष्णा पत्नी रोशन लाल, दोनों निवासी मकान नंबर 1790, फेज-ढ्ढ, रामदरबार, चंडीगढ़, सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र मुकेश कुमार तथा उसकी पत्नी अंजू हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। वे हमारा सम्मान नहीं करते तथा हमारे साथ गाली-गलौच, धमकी देना और झगड़ा करते हैं। अतः हम उन्हें अपनी समस्त चल व अचल संपत्तियो से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा है। उनके किसी भी कार्य अथवा गतिविधि के लिए हम या हमारे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

एपी-7068

हम, गजे सिंह पुत्र श्री रामदिया व नीता पत्नी गजे सिंह निवासी गांव स्टौण्डी, जिला करनाल करनाल बयान करते है कि हमारी पुत्री रीतू हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। हम उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करते है। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य की स्वयं जिम्मेदार होगी।

एपी-7069

मैं रघबीर सिंह पुत्र मनफूल सिंह निवासी गांव पीपलथा तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं मेरी पुत्रवधू मेनका पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह पुत्र रघबीर सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने - सुनने से बाहर हैं व मन मानी करती हैं मैं उसे अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य मैं कोई भी उसे लेनदेन करता है वह स्वंय जिम्मेवार होगा।

एपी-7074

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।


**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# एक्शन मोड में विजिलेंस: राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमुख ने संभाला पदभार

अरशिन्दर चावला बोले भ्रष्टाचारियों पर खौफ, ईमानदारों को हौसला

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमुख अरशिन्दर सिंह चावला ने पदभार संभालते ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को जमीन पर उतारने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए हैं। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश के सभी रेंज के पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित कर ब्यूरो की प्राथमिकताओं, कार्यप्रणाली और भविष्य की रणनीति को लेकर स्पष्ट, कड़े और समयबद्ध दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे अभियानों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजना पर भी गहन मंथन किया गया।



## कुख्यात रिश्वतखोरों की सूची तैयार करने के निर्देश

श्री चावला ने कहा कि प्रत्येक जिले में कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी होते हैं जिनकी छवि सर्वविदित रूप से भ्रष्ट होती है और जो बिना रिश्वत के सरकारी कार्य करने से साफ इनकार करते हैं। ऐसे बदनाम और खुलेआम व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों की पहचान कर उनकी विस्तृत, सत्यापित और अपडेटेड सूची तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन मामलों में प्राथमिकता तय कर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ब्यूरो प्रमुख ने सख्त लहजे में कहा कि भ्रष्टाचारियों को किसी भी प्रकार की गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए—आज नहीं तो कल, उन्हें कानून के शिकंजे में आना ही होगा, और हर संभव प्रयास यह होना चाहिए कि उन्हें रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाए।

## तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर

ब्यूरो प्रमुख ने सभी रेंज के पुलिस अधीक्षकों को भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में आधुनिक तकनीक के अधिकतम और सुनियोजित उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में सभी अधिकारियों का 'टेक-सेवी' होना अनिवार्य है। आधुनिक तकनीकी उपकरण न केवल ट्रैप मामलों को मजबूत और साक्ष्य-संपन्न बनाते हैं, बल्कि न्यायालय में मामलों की प्रभावी पैरवी और त्वरित निपटारे में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि तकनीक को अपनी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनाते हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस अभियान को और अधिक धारदार बनाया जाए।

## भ्रष्टाचार पर निर्णायक प्रहार की स्पष्ट रणनीति

बैठक के दौरान भ्रष्टाचारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध प्रभावी, त्वरित और कानूनी रूप से मजबूत कार्रवाई को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। श्री चावला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ब्यूरो की कार्यप्रणाली इतनी सशक्त, पारदर्शी और विश्वसनीय होनी चाहिए कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत लेने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर हो जाए। उन्होंने कहा कि विजिलेंस ब्यूरो का प्रभाव और भय भ्रष्टाचारियों के मन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होना चाहिए, ताकि सरकारी कार्यों के बदले रिश्वत लेने जैसी जघन्य प्रवृत्तियों पर स्थायी रोक लग सके और प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास मजबूत हो।

## खौफ ऐसा हो कि ईमानदारी को मिले बढ़ावा

ब्यूरो प्रमुख ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं, बल्कि व्यवस्था को शुद्ध करना है। इसके लिए भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मन में कानून का ऐसा खौफ पैदा किया जाना चाहिए, जिससे ईमानदार अधिकारियों का मनोबल बढ़े और वे बिना किसी दबाव या भय के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि रिश्वतखोरी में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध सुनियोजित, गोपनीय और तकनीकी रूप से सुदृढ़ ट्रैप योजनाएं तैयार की जाएं, ताकि कार्रवाई शत-प्रतिशत सफल हो और किसी भी स्तर पर चूक या लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे।

## ईमानदार अधिकारियों को संरक्षण और सम्मान

बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद हैं जो पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। श्री चावला ने निर्देश दिए कि ऐसे अधिकारियों से निरंतर संवाद बनाए रखा जाए, उन्हें प्रशासनिक संरक्षण प्रदान किया जाए तथा समय-समय पर उनके उत्कृष्ट कार्यों को सार्वजनिक रूप से सराहा और पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने कहा कि ईमानदार अधिकारियों को सम्मान और प्रोत्साहन देना भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को और अधिक प्रभावी बनाता है।

# प्रॉपर्टी कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनी काटने के साथ-साथ पानी व सिवरेज कनेक्शन लेने में भी करते हैं मनमर्जी

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 6 जनवरी।** शहर में हर जगह बिना किसी भी विभाग के( एन ओ सी) नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट परमिशन के बिना अवैध कॉलोनीकाटने का काम धड़ल्ले से कॉलोनाइजर द्वारा किया जा रहा है शहर में भी बिना किसी योजना कार अधिकारी की मान्यता से कहीं तो एक एकड़ में तो कहीं कुछ एकड़ में मनमर्जी से अवैध कालोनियां काटकर सरेआम धड़ल्ले से बेची जा रही हैं हर जगह कृषि भूमि में अवैध कटाव और कॉलोनाइजर द्वारा मिट्टी भराव का कार्य जोरो पर चल रहा है उनमें कॉलोनाइजरों द्वारा पीने के पानी व सिवरेज का कनेक्शन भी विभाग के मंजूरी के बिना अपनी मनमर्जी से नगर परिषद द्वारा बनाई गई गलियां तक तोड़कर कनेक्शन लेते कॉलोनाइजर देखे जा सकते हैं।यह सब देख कर संबंधित अधिकारियों का मूक दर्शक बने चुप रहना भी अंदेशा दे रहा है बड़े भ्रष्टाचार का योजनाकार विभाग के अधिकारी भी कई कई महीनो में एक बार सिर्फ अवैध कॉलोनीयों के कॉलोनाइजरों को पीला पंजा लिए सिर्फ कॉलोनी का रास्ता अवरुद्ध करते देखे जा सकते हैं शहर में रेजिडेंशियल एरिया में भी हर जगह बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनती देखी जा सकती हैं रेजिडेंशियल एरिया में प्रॉपर्टी डीलर दुकाने व बड़े-बड़े गोदाम बनाने का काम बिना किसी भी सरकारी अधिकारी की परमिशन के बना रहे हैं नगर परिषद अधिकारी तो सिर्फ बंद कमरों में ठेकेदारों के साथ बैठ कर सांठ गांठ करते देखे जा सकते हैं और ठेकेदार व कॉलोनाइजर अपनी मनमर्जी से भी अवैध काम करते देखे जा सकते हैं लोगों का यह भी कहना है कि सरकार का तीसरी बार लगातार सत्ता में आने का धन्यवाद सरकार में जो मंत्री लोगो के काम को करके दे रहै है वह यह अधिकारी अपनी मनमर्जी से कार्य करने का काम कर रहे है। यह अधिकारी ही सरकार को बदनाम करने में लगे हुए हैं।

# ठंड में लापरवाही पड़ सकती है भारी, छाती रोग विशेषज्ञ ने किया सतर्क

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 6 जनवरी।** क्षेत्र में बढ़ती ठंड के साथ सर्दी से जुड़ी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। अस्पतालों में खांसी, सांस फूलने, सीने में जकड़न और एलर्जी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव चावला ने चेतावनी दी है कि ठंड के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर और जानलेवा साबित हो सकती है।

डॉ. गौरव चावला ने बताया कि ठंडी और सूखी हवा फेफड़ों को नुकसान पहुंचाती है, जिससे अस्थमा, सीओपीडी, ब्रोंकाइटिस और एलर्जी के मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। ठंड में श्वसन नलिकाएं सिकुड़ने से सांस लेने में दिक्कत, घरघराहट और लगातार खांसी की समस्या होती है। साथ ही इस मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे वायरल संक्रमण और निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों में।

उन्होंने कहा कि छाती रोगियों को सुबह और देर शाम की ठंडी हवा से बचना चाहिए और बिना मुंह-नाक ढके बाहर नहीं निकलना चाहिए। डॉक्टर की सलाह के बिना दवाएं या इनहेलर बंद करना खतरनाक हो सकता है।

नाक और मुंह ढककर रखें, दवाएं नियमित लें, भाप लें, धूम्रपान व प्रदूषण से दूर रहें और ठंडे पानी से न नहाएं।

डॉ. चावला ने बताया कि ठंड में हृदय रोगियों और बुजुर्गों को भी विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। यदि तेज बुखार, सांस लेने में अधिक परेशानी या सीने में दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# ब्लाइंड मर्डर केस सुलझाने पर चार पुलिसकर्मी सम्मानित

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 6 जनवरी।** कृष्णा गार्डन कॉलोनी में श्रमिक की हत्या की ब्लाइंड वारदात को सुलझाने पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने थाना शहर प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश, एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई नवरत्न और हवलदार प्रमोद को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने चारों पुलिसकर्मियों की तत्परता, सूझबूझ और मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य पुलिस बल का मनोबल बढ़ाते हैं और आमजन में विश्वास मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह थाना चांदनी बाग क्षेत्र की कृष्णा गार्डन कॉलोनी स्थित क्वार्टर कॉलोनी के एक कमरे में श्रमिक का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर महिपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। मौके से खून से सना छोटा गैस सिलेंडर बरामद हुआ था, जबकि कमरे का दरवाजा बंद मिला।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के गांव देईडीहा निवासी मनीष कुमार गुप्ता के रूप में हुई, जो सेक्टर-29 स्थित एक फैक्टरी में लोडिंग का काम करता था। जांच के दौरान थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश व उनकी टीम ने तत्पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विनयदीप उर्फ कन्हैया निवासी अजलोटा, मथुरा (यूपी) को गिरफ्तार कर थाना चांदनी बाग पुलिस के हवाले कर दिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह और मृतक एक ही फैक्टरी में काम करते थे और किराये पर अलग-अलग कमरे में रहते थे। किसी पुराने विवाद के चलते उसने 4 जनवरी की रात सोते समय गैस सिलेंडर से वार कर मनीष की हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के पिता मुन्ना लाल की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## नए साल में माता की भक्ति के भजन गूंजे



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** सैक्टर 7 की राधे राधे महिला सखी समूह ने नव वर्ष के आगमन पर माता की चौकी का पूर्ण भक्तिभाव व धूमधाम से आयोजन किया।श्री प्रेम चंद्र व श्रीमति कुसुम अग्रवाल सत्संग के मुख्य यजमान रहे।करनाल की मेयर श्रीमति रेनू बाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि व निगम पार्षद श्रीमति सुजाता अरोडा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। सत्संग में श्री संजीव बजाज, श्रीमति लवली अरोडा, मीनाक्षी जैन, रीना, महक, सुमन, स्वाती, भारती, परवीन, ममता, नीलम, संगीता, दीपा, सुषमा, पिंकी, सुरभि, स्नेह, स्नेहा जैन व अनायसा गोयल आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव को जन्मदिन पर किया याद

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** ब्राइट फ्यूचर अकादमी की ओर से देश को प्रथम बार क्रिकेट विश्व कप दिलाने वाले खिलाड़ी कपिल देव को उनके जन्मदिन के अवसर पर याद किया गया। इस अवसर पर अकादमी के कोच अमित चौहान ने बताया कि कपिल देव का जन्म 6 जनवरी, 1959 को हरियाणा में हुआ था। कपिल देव ने 1975 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में प्रवेश किया। भारत के प्रथम क्रिकेट विश्व कप विजेता दल के कप्तान एवं सफलतम हरफनमौला खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1978 में पाकिस्तान में प्रथम टेस्ट मैच खेला। कपिल देव गेंद को सही दिशा देने में माहिर थे। कपिल अपनी प्रभावशाली मध्यम गति की गेंदबाजी और बल्लेबाजी से विश्व के सफलतम हरफनमौला (ऑलराउंडर) बने। कपिल देव इंग्लैंड के क्रिकेट खिलाड़ी इयान बॉथम के बाद विश्व के ऐसे दूसरे ऑलराउंडर हैं, जिन्होंने 83 मैचों में 300 विकेट लेकर तथा 3000 से अधिक रन बनाकर दोहरी सफलता प्राप्त की है। कपिल देव ने 20 वर्ष की उम्र में ही एक हज़ार बनाने तथा 100 विकेट लेने का नया कीर्तिमान स्थापित किया था। यह कीर्तिमान केवल एक साल और 109 दिन में ही बना है। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम को 1983 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में विश्व विजेता बनाने का श्रेय कपिल देव को है। विश्व कप में उनके द्वारा बनाये गये 175 रनों की ऐतिहासिक पारी क्रिकेट जगत् में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई। कपिल देव का खेल और उनके आँकड़े इस बात का प्रमाण हैं। वे विस्डेन द्वारा 2002 में सदी के भारतीय क्रिकेटर चुने गये। वे 10 माह के लिये भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशिक्षक भी रहे।

### धूमधाम से मनाया सेठ मुकंद लाल का जन्मोत्सव



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में मुकंद ग्रुप के संस्थापक सेठ मुकंद लाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुकंद संस्थान के संस्थापक की प्रतिमा पर कॉलेज के निर्देशक डॉ. एसके गर्ग के नेतृत्व में कर्मचारियों व छात्रों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर निर्देशक डॉ. एसके गर्ग ने बच्चों को मुकंद लाल के जीवन काल और समाजिक कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर क्लब द्वारा मुकंद हेरिटेज पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर कर भाग लिया और इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक



**नारायणगढ़ (अप्रस)।** 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम शिवजीत भारती ने उपमंडल नारायणगढ़ के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह समारोह नई अनाज मंडी, नारायणगढ़ में आयोजित किया जाएगा। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य प्रस्तुतियों की रिहर्सल 22 और 23 जनवरी को करवाई जाएगी, जबकि 23 जनवरी को फाइनल रिहर्सल समारोह स्थल पर होगी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व समय पर पूरा करने, रिहर्सल और मुख्य समारोह के दौरान समय पर उपस्थित रहने तथा आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद एसडीएम शिवजीत भारती ने अधिकारियों के साथ नई अनाज मंडी का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, बिजली, जनस्वास्थ्य, कृषि, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना में मिलेगी 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने पर आकर्षक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के अंतर्गत हरियाणा प्रदेश के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस प्रकार लाभार्थियों को कुल 1.10 लाख रुपये की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से बिजली बिल में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। ऊर्जा विभाग द्वारा मार्च 2027 तक प्रदेश में 2 लाख 20 हजार रूफ टॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिले के पात्र उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि वे इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित बिजली कार्यालय या अधिकृत पोर्टल से संपर्क करें।

# कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री कोर्स का पहला बैच शुरू

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 6 जनवरी।** युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री सर्टिफिकेट कोर्स का पहला बैच औपचारिक रूप से शुरू हो गया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा वीएलसीसी के सहयोग से संचालित इस दो माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 युवतियों को व्यावसायिक कौशल प्रदान किया जाएगा।

इस कोर्स के तहत प्रतिदिन दो घंटे की नियमित कक्षाएं आयोजित होंगी, जिनमें हेयर, स्किन और मेकअप से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवतियों को रोजगार व स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

नवीन जिन्दल फाउंडेशन से डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि कोर्स की कुल फीस का 65 प्रतिशत हिस्सा फाउंडेशन छात्रवृत्ति के रूप में वहन कर रहा है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियां भी इस अवसर का लाभ उठा सकें। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।


कोर्स पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रोफेशनल हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री किट प्रदान की जाएगी, जिससे वे प्रशिक्षण के तुरंत बाद अपने कौशल के माध्यम से रोजगार की शुरुआत कर सकेंगी। यह पहल क्षेत्र की बेटियों के सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का छठा दिन

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर मंगलवार को लगातार छठे दिन भी जारी रहा। शिविर के छठे दिन के शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रिंसिपल इंदिरा देवी ने किया। शिविर में थाना रादौर के प्रभारी आनंद प्रकाश ने बच्चों को नशे से संबंधित बुराइयों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नारको डिपार्टमेंट के सब इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ने बच्चों को नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति नशा करता है, वह अपना जीवन तो बर्बाद करता ही है, साथ ही साथ समाज में भी इसके बुरे परिणाम होते हैं। वहीं सेशन कोर्ट से आए कृष्ण कुमार ने भी नशे से दूर रहने के बारे में अपने विचार रखें। इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश ने बच्चों को नशे की बुराई के बारे में बताया व इससे से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर सरपंच चमरोडी चंद्राराम ने बच्चों को नशे से दूर रहने के बारे में बताया व उन्हें समझाया।

# सैंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल, कुरुक्षेत्र की नन्ही चैंपियन समायरा ने रचा स्वर्णिम इतिहास

अर्थप्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 6 जनवरी।** सैंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि विद्यालय की कक्षा तीसरी की होनहार छात्रा समायरा ने अपनी असाधारण खेल प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। समायरा ने ऑल इंडिया ओपन ताइक्कांडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर एक नई मिसाल कायम की है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। इतनी कम उम्र में समायरा ने सब-जूनियर गर्ल्स वर्ग (24-26 किलोग्राम भार श्रेणी) में भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। समायरा की इस शानदार उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि उनके माता-पिता और प्रशिक्षकों में भी हर्ष का वातावरण है। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह एवं समस्त स्टाफ ने ने समायरा को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि समायरा भविष्य में भी इसी लगन और उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर और भी बड़ी सफलताएँ हासिल करेंगी तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

# लम्बित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रशासन कर रहा गंभीरता पूर्वक कार्य: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 6 जनवरी।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को प्रदेश भर के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा से संबंधित लंबित मध्यस्थता मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन, लंबित मामलों की स्थिति तथा निर्धारित समय-सीमा में निर्णय सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2020 तक के सभी लंबित मामलों का निपटारा 28 फरवरी 2026 तक किया जाना अनिवार्य है, जबकि अन्य वर्षों के मामलों के लिए भी निश्चित समय- सीमा तय की गई है।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि जिले में लंबित सभी मध्यस्थता मामलों के समाधान के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि जो भी 123 प्रकरण लंबित हैं, उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं ताकि माननीय न्यायालय के आदेशों का पूर्णतः पालन हो सके।

उपायुक्त डॉ. दहिया ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन नियमित समीक्षा, समयबद्ध सुनवाई और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मामलों का समाधान करेगा, जिससे भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवादों में प्रभावित पक्षों को शीघ्र न्याय मिल सके। बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का विस्तृत विवरण निर्धारित प्रारूप में समय पर भेजें, ताकि राज्य स्तर पर निगरानी और प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।



# मासिक जन्माष्टमी व्रत 10 जनवरी को, श्रीकृष्ण भक्ति, व्रत और आध्यात्मिक साधना का विशेष दिन



ज्योतिष अमन राजन



हिंदू धर्म में भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु, योगेश्वर और करुणा के सागर के रूप में पूजा जाता है। वे न केवल द्वापर युग के महानायक हैं, बल्कि आज भी करोड़ों भक्तों के आराध्य देव हैं। भाद्रपद मास की कृष्ण जन्माष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य दिवस माना जाता है, जिसे पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हर माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मासिक कृष्ण जन्माष्टमी भी मनाई जाती है, जिसका धार्मिक, आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष महत्व है।

**मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का धार्मिक महत्व:** मासिक कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित एक पावन तिथि है। शास्त्रों के अनुसार, जो भक्त नियमित रूप से इस व्रत का पालन करता है, उस पर श्रीकृष्ण की विशेष कृपा बनी रहती है। यह व्रत जीवन में आ रहे कष्टों, मानसिक तनाव और पारिवारिक समस्याओं को दूर करने में सहायक माना गया है। मान्यता है कि इस दिन श्रीकृष्ण की पूजा करने से भक्त के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं अपने भक्तों की पुकार सुनते हैं और सच्चे मन से की गई आराधना को स्वीकार करते हैं। मासिक जन्माष्टमी का व्रत उन लोगों के लिए विशेष फलदायी माना जाता है जो संतान सुख की कामना करते हैं या जिनके जीवन में लगातार बाधाएं आ रही हों।

**मासिक कृष्ण जन्माष्टमी व्रत की मान्यताएं:** ऐसी मान्यता है कि जो महिलाएं इस व्रत को श्रद्धा से करती हैं, उन्हें संतान की दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिलता है। वहीं पुरुषों के लिए यह व्रत कार्यक्षेत्र में सफलता, मान-सम्मान और आर्थिक स्थिरता प्रदान करने वाला माना गया है। यह व्रत दाम्पत्य जीवन में मधुरता लाने और आपसी कलह को समाप्त करने में भी सहायक माना जाता है।

**पूजा विधि और व्रत का नियम:** मासिक कृष्ण जन्माष्टमी के दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ पीले या सफेद वस्त्र धारण करें। इसके बाद घर के मंदिर को साफ कर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। मूर्ति का पंचामृत से अभिषेक करें, जिसमें दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल शामिल होता है। इसके बाद भगवान को नए वस्त्र, पीतांबर, फूल, फल, माखन-मिश्री और तुलसी दल अर्पित करें।

पूजा के दौरान 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' या 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे' मंत्र का जाप करें। श्रीकृष्ण की आरती करें और भोग अर्पित करें। दिनभर व्रत रखकर भगवान का स्मरण करें। कुछ भक्त निर्जला व्रत रखते हैं, जबकि कुछ फलाहार या सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं।

**रात्रि पूजन का विशेष महत्व:** मासिक कृष्ण जन्माष्टमी में रात्रि पूजा का विशेष महत्व होता है। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का स्मरण करते हुए भजन-कीर्तन, कथा और संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि रात्रि जागरण करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं। अगले दिन अष्टमी तिथि की समाप्ति के बाद व्रत का पारण किया जाता है।

**ज्योतिषीय दृष्टि से मासिक कृष्ण जन्माष्टमी:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत चंद्र दोष, मानसिक अशांति और ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। चूंकि भगवान श्रीकृष्ण चंद्रवंश से जुड़े माने जाते हैं, इसलिए इस दिन चंद्रमा से संबंधित दोष शांत होते हैं। यह व्रत मन को स्थिरता प्रदान करता है और व्यक्ति के निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करता है।

**श्रीकृष्ण की भक्ति का आध्यात्मिक पक्ष:** मासिक कृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और भक्ति का मार्ग भी है। श्रीकृष्ण ने गीता में कर्म, भक्ति और ज्ञान का जो मार्ग बताया है, यह पर्व उसी का स्मरण कराता है। इस दिन भक्त अपने भीतर के अहंकार, क्रोध और लोभ को त्याग कर प्रभु के चरणों में समर्पण की भावना विकसित करते हैं।

**समाज और परिवार में प्रभाव:** नियमित रूप से मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाने से परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। घर का वातावरण शांत और सौहार्दपूर्ण बना रहता है। बच्चों में संस्कारों का विकास होता है और वे धर्म व संस्कृति से जुड़ते हैं। सामूहिक रूप से मंदिरों में होने वाले भजन-कीर्तन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

मासिक कृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा, भक्ति और आत्मिक शांति का पर्व है। यह व्रत भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। जो भक्त नियमित रूप से इस व्रत को करता है, उसके जीवन में श्रीकृष्ण की कृपा सदैव बनी रहती है। जीवन की कठिन परिस्थितियों में यह पर्व आशा, धैर्य और सकारात्मकता का संचार करता है। इसलिए मासिक कृष्ण जन्माष्टमी को केवल एक तिथि न मानकर इसे भक्ति और आत्मिक उन्नति का माध्यम बनाना चाहिए।





## नोकरियां यहां देखें

बिहार सर्विस कमीशन (BTSC) द्वारा विज्ञापित जूनियर इंजीनियर के
कुल पदः 3407
आवेदन की अंतिम तिथिः 12 जनवरी, 2026
पात्रताः इंजीनियरिंग डिप्लोमा
आयु सीमाः 18 से 37 वर्ष
करें आवेदनः www.btsc.bihar.gov.in

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) द्वारा विज्ञापित स्पेशल टीचर के
कुल पदः 3451
आवेदन की अंतिम तिथिः 13 जनवरी, 2026
पात्रताः डिप्लोमा / यूजी
आयु सीमाः 21 से 40 वर्ष
करें आवेदनः jssc.jharkhand.gov.in

झारखंड कर्मचारी आयोग द्वारा विज्ञापित स्पेशल टीचर के
कुल पदः 3451
आवेदन की अंतिम तिथिः 13 जनवरी, 2026
योग्यताः डिप्लोमा , यूजी
आयु सीमाः 21से 40 साल
करें आवेदनः jssc.jharkhand.gov.in

उत्तर प्रदेश पुलिस (UPPBPB) में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-A के
कुल पदः 1352
आवेदन की अंतिम तिथिः 15 जनवरी, 2026
पात्रताः 12वीं + कंप्यूटर डिप्लोमा
आयु सीमाः 18 से 28 वर्ष
करें आवेदनः www.uppbpb.gov.in

कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) में मैनेजमेंट ट्रेनी के
कुल पदः 125
आवेदन की अंतिम तिथिः 15 जनवरी, 2026
पात्रताः CA / CMA
आयु सीमाः अधिकतम 28 वर्ष
करें आवेदनः www.coalindia.in

मेट्रो रेलवे कोलकाता में अप्रेंटिस के
कुल पदः 128
आवेदन की अंतिम तिथिः 22 जनवरी, 2026
योग्यताः दसवीं, आईटीआई
आयु सीमाः अधिकतम 24 साल
करें आवेदनः mtp.indianrailways.gov.in

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें

# कुंडली में बुध दोष दूर करने के लिए बुधवार को करें ये आसान उपाय



माघ माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि बुधवार को पड़ रही है। इस दिन सूर्य धनु राशि में और चंद्रमा सिंह राशि में रहेंगे।

द्रिक पंचांग के अनुसार, अभिजीत मुहूर्त नहीं है और राहुकाल का समय दोपहर 12 बजकर 27 मिनट से शुरू होकर 1 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। इस तिथि पर कोई विशेष त्योहार नहीं है, लेकिन आप वार के हिसाब से बुधवार का व्रत रख सकते हैं। अगर किसी की कुंडली में बुध कमजोर है, तो वे भी इस दिन कुछ विशेष उपाय कर सकते हैं।

पुराणों और ज्योतिष के अनुसार, बुधवार का दिन मुख्य रूप से भगवान गणेश और बुध ग्रह को समर्पित है, जो बुद्धि, व्यापार और संचार के देवता माने जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन गणेश पूजा, मूंग दाल दान, हरे वस्त्र पहनना और वाणी पर नियंत्रण रखना शुभ माना जाता है, और जिनकी कुंडली में ग्रह दोष है, वे हो सके तो, पश्चिम दिशा की यात्रा से बचना चाहिए। यह दिन नई शुरुआत, पढ़ाई और व्यापारिक सौदों के लिए शुभ होता है, जिससे सौभाग्य और समृद्धि मिलती है।

इस तिथि पर विशेष पूजा करने के लिए जातक ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्य कर्म स्नान आदि करके मंदिर या पूजा स्थल को साफ करें। एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर पूजन सामग्री रखें, फिर ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) की ओर मुख करके आसन पर बैठें।

इसके बाद श्री गणेश को दूर्वा और पीले पुष्प अर्पित करें, साथ ही बुध देव को हरे रंग के वस्त्र चढ़ाएं। पूजा के दौरान श्री गणेश और बुध देव के 'ॐ वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥' मंत्रों का जाप करें। फिर व्रत कथा सुनें और उनकी पूजा करें। अंत में, श्री गणेश को हलवा का भोग लगाएं और फिर श्री गणेश व बुध देव की आरती करें। उसके बाद आरती का आचमन करें।

पूजा समाप्त होने पर भोग को प्रसाद के रूप में सभी में बांट दें। शाम के समय फलाहार से व्रत का पारण करें।

## बस कुछ ही दिनों में खत्म हो रहा है खरमास, जानिए फिर कर सकेंगे कौन-कौन से शुभ काम?

बस कुछ ही दिनों में खरमास खत्म होने वाला है और उसके साथ ही फिर से नए और मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे। अगर आप सोच रहे हैं कि खरमास क्या होता है और इसके खत्म होने के बाद कौन-कौन से काम कर सकते हैं, तो इसे ऐसे समझें।

खरमास साल में दो बार आता है। पहली बार जब सूर्य धनु राशि में और दूसरी बार जब सूर्य मीन राशि में होते हैं। पिछले महीने, यानी 16 दिसंबर 2025 से सूर्य देव धनु राशि में हैं। इस समय ज्यादातर लोग शादी, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, नए व्यापार या बड़े निवेश जैसे शुभ काम टाल देते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि धनु और मीन राशि गुरु बृहस्पति की होती हैं। जब सूर्य इन राशियों में होते हैं, तो उनका शुभ प्रभाव कम हो जाता है और इस अवधि में किए गए कामों का पूरा फल नहीं मिलता।

लेकिन अच्छी बात ये है कि 14 जनवरी 2026 को खरमास का समापन होने वाला है। इस दिन भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे और साथ ही मकर संक्रांति का पावन पर्व भी मनाया जाएगा। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही शुभ और मांगलिक काम फिर से शुरू हो जाएंगे।

सबसे पहले, गृह प्रवेश और नए घर की खरीद-बिक्री का समय शुभ है। अगर आप लंबे समय से घर की प्लानिंग कर रहे थे, तो अब घर में प्रवेश कर सकते हैं। दूसरा, मुंडन, नामकरण या किसी बच्चे से जुड़े धार्मिक कार्य अब आसानी से कर सकते हैं। पुराने दिनों में टाले गए ये कार्य अब शुभ फल देंगे। तीसरा, व्यापार और नौकरी से जुड़े निर्णय भी लिए जा सकते हैं। नए बिजनेस की शुरुआत, निवेश, ऑफिस या दुकान खोलना, इन सब से जुड़े निर्णय लेने का सही समय है। चौथा, धार्मिक कार्य और पूजा-पाठ अब और भी लाभकारी होंगे। घर में हवन, पूजा, मंदिर में दान या नए भगवान की मूर्ति स्थापना, सबकुछ अब कर सकते हैं।

एक बात ध्यान रहे, शादी और सगाई के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। शुक्र ग्रह अभी अस्त है और ये ग्रह विवाह, प्रेम और दांपत्य सुख से जुड़े होते हैं। शुक्र का उदय 1 फरवरी 2026 को होगा। तब से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे।

## पंचांग

**बुधवार, जनवरी 7, 2026**

सूर्योदय 07:21 ए एम सूर्यास्त 05:37 पी एम चन्द्रोदय 09:56 पी एम चन्द्रास्त 10:12 ए एम शक सम्वत 1947 विश्वावसु विक्रम सम्वत 2082 कालयुक्त गुजराती सम्वत 2082 पिङ्गल अमान्त महीना पौष पूर्णिमान्त महीना माघ वार बुधवार पक्ष कृष्ण पक्ष तिथि पञ्चमी - 06:33 ए एम, जनवरी 08 तक नक्षत्र मघा - 11:56 ए एम तक योग आयुष्मान् - 06:34 पी एम तक करण कौलव - 06:36 पी एम तक द्वितीय करण तैतिल - 06:33 ए एम, जनवरी 08 तक प्रविष्टे/गते 23 सूर्य राशि धनु चन्द्र राशि सिंह राहुकाल 12:29 पी एम से 01:46 पी एम गुलिक काल 11:12 ए एम से 12:29 पी एम यमगण्ड 08:38 ए एम से 09:55 ए एम अभिजित मुहूर्त कोई नहीं दुर्मुहूर्त 12:09 पी एम से 12:50 पी एम अमृत काल 09:34 ए एम से 11:09 ए एम अमृत काल 05:53 ए एम, जनवरी 08 से 07:31 ए एम, जनवरी 08 वर्ज्य 08:05 पी एम से 09:43 पी एम

## भविष्य फल



**मेषः** आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी और बाहर आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आप आज कामों को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन फिर भी आपको किसी से बातचीत करते समय वाणी की सौम्यता को नहीं खोना है।

**वृषः** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा और आप अपनी कार्य कुशलता से आज कार्यक्षेत्र में लोगों का दिल जीतेंगे।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर उचित मार्गदर्शन मिलेगा और यदि आप राजनीति में हाथ आजमाने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होने में कुछ समस्या आ सकती है। मामा पक्ष आज आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**सिंहः** आज आपको अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। विदेशों से आयात निर्यात कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ समय बिताएंगे।

**कन्याः** आज का दिन आपके मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**तुलाः** आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नये कपड़े, मोबाइल, लैपटॉप आदि की खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान करेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके अटके हुए काम पूरे होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए तकनीकी क्षेत्रों में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने में कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और विद्यार्थियों को अध्यापकों का भी पूरा साथ मिलेगा।

**मकरः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आप किसी काम को करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको काम को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी।

**कुंभः** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

**मीनः** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका योजनाओं पर अच्छा खासा खर्चा होगा और आपकी किसी बात को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप कुछ मनचाहे खर्च करेंगे, जो आपको समस्या देंगे।

# इंसान खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही चला जाता है



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आज संसार में हम देख रहे हैं कि इन्सान जिस दौड़ में दौड़ रहा है, उससे उसके पल्ले कुछ नहीं पड़ रहा है। वह एक मिथ्या को ही विशेषता देता चला जा रहा है जिस कारण उसका यह जन्म व्यर्थ ही बीत जाता है। वह खाली हाथ आता है और खाली हाथ ही चला जाता है। इसकी यह दौड़ रुकती ही नहीं है। कहा भी ऐसे ही गया है-

माया मरे न मन मरे मर मर गये शरीर। आशा तृष्णा न मरे कह गये दास कबीर।

यह दौड़ समाप्त होने वाली नहीं है। इन्सान जिसे शाश्वत मानकर चलता है वह क्षणभंगुर होती है। जिसका अस्तित्व मानता है वह कायम-दायम रहने वाली नहीं होती और जो कायम-दायम रहने वाली सत्ता है, उसे यह अपनाता नहीं। बचपन से लेकर आखिरी स्वासों तक जिस माया को इन्सान विशेषता देता है, उसके लिए तो कहा गया है कि-

माया जेहड़ी रंग बिरंगी तेरा जी परचांदी ए। पक्की गल्ल समझ ले मेरी एह आंदी ते जांदी ए।

इन्सान दिन-रात यह पढ़ भी रहा है, फिर भी एक सपने को ही साकार मानकर चल रहा है। सन्तजन-महापुरुष इसे जागृति प्रदान करते हैं, इसे अहसास दिलाते हैं कि ए दौड़ दौड़ने वाले इन्सान, जरा रुक और सोच कि यह दौड़ तुझे कहां ले जा रही है? तेरी मंजिले-मकसूद क्या है? तुझे कहां पहुँचना है? यह मनुष्य जन्म जो बहुत अमोलक है, जिस देही को फरिश्ते भी तरसते हैं यह जन्म क्या तुझे यही माया की दौड़ दौड़ने के लिए मिला है?

क्या तू परछाईयां का पीछा करने तक ही सीमित रहेगा? महापुरुष इसे अहसास दिलाना चाहते हैं कि-

किथे तैंडे मापड़े जिन्हां ते जम्मियाँ।

वे समझाते हैं कि जिन्होंने तुझे जन्म दिया है वे अब कही नजर नहीं आ रहे। देखते-देखते तेरी आँखों से ओझल हो गये हैं। बड़े-बड़े राजा-महाराजा इसी दौड़ में भागते हुए मर-खप गये। वे बहुत शासन चलाने वाले, तलवारों का सहारा लेने वाले, जुल्मो-सितम का सहारा लेकर कत्लो-गारत करने वाले आज कहाँ हैं? आज कोई दिखाई नहीं देता। इसलिए महापुरुष कहते हैं कि तू भी तो वही चाल चल रहा है, बस पैमाने (मापदण्ड) और मयार (स्तर) बदलता रहता है। इसी चाल को चलने के कारण यह अपनी जन्दिगी बर्बाद करता है तथा संसार में अपना आना बेकार करता है। इस देही का, इस जन्म का मोल नहीं डालता। जिस कारण अपयश प्राप्त करता है। वास्तव में यह मानव जन्म नामधन की प्राप्ति के लिए ही मिला है। इस प्राप्ति के बिना किया हुआ हर कार्य व्यर्थ है। भोजन, निद्रा, रहने का साधन, पहनने का साधन (आदि) तो और शरीरों में भी मिल जाता है। पशु-पक्षियों में भी मिल जाता है। कहा भी है-

निद्रा, भोजन भोग भय, एह पशु पुरुख समान। ज्ञान अधिक इक नरन में ज्ञान बिना पशु जान।

महापुरुषों ने समझाने के लिए और लिखा है-

जे दाज विहुनी जायेगी तो किसे मूल न भायेगी।

शोहर (पति) के घर जाना है तो अपना दाज साथ लेकर जाना है। दाज के बिना तू किसी को भाने वाली नही है। परम्परा के अनुसार जब लड़की अपने पति के घर जाती है तो अपना दाज भी ले जाती है, क्योंकि दाज स्त्री धन माना जाता है इसलिए उसका अपना महत्व है।

इसी प्रकार सन्त को दाज हरि नाम है। इस नाम को तूने धारण करना है। यह समझ कौन देता है ङ्क ÷कुछ लै फकीरां दी मत कुड़े÷ यह इंसान ज्ञानीजनों की, फकीरों की मति ही नहीं ले रहा। यह समझ लेने से ही यह आत्मा पिया को भा सकती है।

बुल्लेखाह कहते है कि ङ्क

बुल्लेशाह कर अपने आवे चूड़ा बीड़ा सभ सुहावे।

जे गुण होवे तां गल लावे, नहीं ऐसें अखीं रत कुड़े।

# सावित्री बाई फुले की जयंती पर राष्ट्र स्तरीय भव्य समारोह आयोजित

**एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं स्पीडवे बिल्डर्स रहे आयोजक**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 6 जनवरी।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा स्पीडवे बिल्डर्स प्राइवेट लिमटेड के विशेष सहयोग से सावित्री बाई फुले को समर्पित नैशनल एंपावर्ड वूमेन अवॉर्ड एवं नैशनल आइकॉन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन नैशनल चीफ सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट फिल्म व टीवी अभिनेत्री उपासना सिंह एवं फिल्म अभिनेता शहजाद खान ने शिरकत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटरनेशनल चेयरपर्सन वूमेन सैल प्रज्ञा ने की। इस अवसर पर वीवीआईपी गेस्ट के रूप में गुरजीत सिंह, राजू खान, पिंकी देवी, मुस्कान नारंग, नेहा, सुखबीर सिंह, डॉ वूप्पू संजीवा राव, तजिंदर आहूजा, सतीश कुमार प्रजापत, नजाकत चौधरी, कोमीरी वेंकटेश ने शिरकत की। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्पीडवे बिल्डर्स के डायरेक्टर सुखबीर सिंह का जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। सम्मानित होने वाली महान शख्सियतों को ट्रॉफी प्रदान की गई। नैशनल एंपावर्ड वूमेन अवॉर्ड से डॉ मृणाल ईनामदार, असपिया बीबी, पौलमी चटर्जी, डॉ डिंपी, मंजू कुरैशी, डॉ मीनाक्षी डी, माहिया, कंवलजीत कौर, सिमरनजीत कौर, रेनम कुमारी, गुरप्रीत कौर, राजेश रानी, बलजीत कौर, दविंदर कौर, कविता मल्होत्रा, मैबम इबेचा, रचना तलवार, अंजू, ज्योति, निशा, नेहा को सम्मानित किया गया। नैशनल आइकॉन अवॉर्ड से महेंद्र सिंह, रतिराम भारती, पवन शर्मा, गौरव गाबा, सुखवंत सिंह, डॉ नंदीपति राजा शेखर रेड्डी, अतुल, सुरेन्द्र कुमार सहगल, सतीश मल्होत्रा, ईश्वर चंद्र धीमान, सज्जाद अहमद मीर, डॉ मुजम्मिल खान, केवल कृष्ण शर्मा, नेत्रपाल सिंह, अरशद अली गोरिया, मुकेश कुमार, अंकुश गुप्ता, अंकित तितोरिया , विनोद कामरा, चरणजीत सिंह, मनोज, हरप्रीत सिंह अरोड़ा, संजीव, नवीन गोयल, पवन, सतनाम, अमनदीप, जोगिंद्र सिंह, कुलपूनीत सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सावित्री बाई फुले के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला गया ओर देश को दिए हुए उनके योगदान को नमन किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने सभी का स्वागत किया।

# आभूषणो से बढाया सौंदर्य स्थायी नही होता: मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक



आभूषणों से बढ़ाया गया सौंदर्य अस्थायी होता है, क्योंकि वे बाहरी श्रृंगार हैं जो समय, देखभाल और फैशन के साथ बदल सकते हैं; असली और स्थायी सौंदर्य आंतरिक गुणों जैसे आत्मविश्वास, सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य से आता है, जिसे आभूषण केवल निखारते हैं, बनाते नहीं। हालाँकि, अच्छे आभूषण अपनी चमक और महत्व के कारण लंबे समय तक चलते हैं और भावनात्मक जुड़ाव व सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन सकते हैं। ।। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा आभूषणो से बढाया सौंदर्य स्थायी नही होता, सदा साथ नही देता किंतु मधुर वाणी का श्रृंगार सारे संसार को अपनी और खींच सकता है और यही साथ रहता है। अपव्यय किसी भी दृष्टि से उपयोगी नही होता अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने से होता है। बोलने का उद्‌दश्य है अपनी बात औरों तक पहुंचाना, किंतु यदि वहां पर पहुंचाने के लिए हमारे पास माध्यम गलत है। उत्तेजना भरे है, शिथिल है, तथा उलझन भरे है तो है हम अपने आस पास एक अस्वस्थ वातावरण तैयार कर लेते है, जीवन की मिठास जो वाणी मे बहती रहती है वह नीम मे परिणम हो जाती है। यह बात स्पष्ट है कि मूर्ख का दिल जुबान पर होता है और विद्धान की जुंबा दिल पर। पहली श्रेणी के व्यक्ति रसना की करामात से सर्वथा अनजान होते है।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा बोलना व्यवहार निभाने का हेतु इससे इंद्रियो को विश्राम मिलता है। विचारो की उत्तेजना घटती है। अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने में नही है । बोलने का उद्देश्य है अपनी बातें ओरों तक पहूँचाना, किन्तु अगर माध्यम गलत है, उतेजना भरे हैं, शिथिल हैं और उलझन भरे हैं तो अपने आसपास एक अस्वस्थ वातावरण पैदा हो जाता है । जीवन की मिठास जो वाणी में बहती है वह नीम जेसी कडवाहट में परिणत हो जाती है आदमी को कभी भी बिना पूछे नहीं बोलने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को बोलने में विवेक रखने का प्रयास करना चाहिए। जब तक कहीं पूछा न जाए आदमी को अपने ज्ञान को उजागर करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। आदमी से जब कुछ पूछा जाए तो आदमी को झूठ नहीं सत्य बोलने का प्रयास करना चाहिए। सत्य बोलना कठिन हो सकता है, किन्तु आदमी को सत्य बोलने का प्रयास करना चाहिए।

इस दौरान अतुल मुनि जी ने फरमाया कि आवेश मे बोलना बोलने वाला अपने शब्दो को मिट्टी के मोल जहां तहां फेंकता है। आवेश मे बोलने का मतलब है कि महीनो बंद गटर के ढक्कन को एक साथ खोलने का। समय पर मौन करने वाला और कम बोलने वाला व्यक्ति ही संसार मे कुछ करके दिखला सकता है।




# मलोया एआरएचसी योजना: 14.85 करोड़ बकाया, डिफॉल्टर आवंटियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति की बैठक, आवंटन रद्द व बेदखली के निर्देश**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मलोया में संचालित वहनीय किराया आवास परिसर (एआरएचसी) योजना में बड़े पैमाने पर बकाया सामने आया है। चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित अंतर-विभागीय राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक में बताया गया कि योजना के तहत आवंटित फ्लैटों से कुल रुपये 14.85 करोड़ की राशि बकाया है।

बैठक में महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला भी उपस्थित रहीं। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) के सचिव ने जानकारी दी कि वर्ष 2020 में मलोया में 1,707 फ्लैट 25 वर्षों की अवधि के लिए आवंटित किए गए थे। इसके अलावा वर्ष 2022 में 285 फ्लैट लाभार्थियों को पांच वर्षों के लिए दिए गए।

मुख्य सचिव ने बकाया राशि की शीघ्र वसूली के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि डिफॉल्टर आवंटियों के खिलाफ आवंटन निरस्तीकरण और बेदखली की कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने सीएचबी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए।



बैठक में वित्त सचिव दीपरवा लाकरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीएचबी प्रदीप कुमार, सचिव सीएचबी अखिल कुमार, मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में चाकू किए बरामद



**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में चाकू रखने के मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान मौली गांव के रहने वाले रवि और मौली जागरा के रहने वाले विशाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मौली जागरा पुलिस सोमवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने शक के आधार एर पर उक्त आरोपियों को रोककर पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली तो पुलिस को उनके कब्जे से दो अलग अलग चाकू बरामद हुए। पुलिस ने मामले मामले में कारवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# गणतंत्र दिवस को लेकर यूटी पुलिस अलर्ट मोड में

## आईएसबीटी की घेराबंदी की, सर्चिंग में मिला डमी बम यह पुलिस की मॉक ड्रिल थी

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** गणत्रता दिवस को मध्यनजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चौकस रखा जा रहा है।जहां इसी क्रम में मंगलवार को चंडीग? में मॉक ड्रिल की गई। यह मॉक ड्रिल यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के दौरान आयोजित की।इस मॉक ड्रिल में सुरक्षा और एक्शन की प्रभावी तैयारी जांचने के लिए शहर के आईएसबीटी सेक्टर-43 स्थित डीपू नंबर 4 के बाहर की गई।यहां पुलिस को एक बस में कोई संदिग्ध चीज होने की सूचना मिली। जहां सूचना मिलते ही चंडीग? पुलिस की काउंटर टीमें और चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन की दूसरी इमरजेंसी सर्विसेज़ तुरंत हरकत में आ गईं।

बम की सूचना पर ऑपरेशन सेल के कमांडो तुरंत ही एक्टिव मोड में थे।और उन्होंने मौके पर पहुंचकर कुछ ही देर में आसपास के एरिया को पूरी तरह से खाली कराते हुए घेराबंदी कर ली। इसके बाद ऑपरेशन सेल, बम डिटेक्शन स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया। जहां सर्चिंग के दौरान खड़ी सीटीयू की बस में डमी बम को सफलतापूर्वक बरामद किया गया। डमी बम बरामद होने के बाद आईएसबीटी के अंदर-बाहर परिसर के चप्पे-चप्पे पर पूरी तलाशी ली। लेकिन कोई और संदिग्ध चीज़ नहीं मिली।

वहीं बम मिलने के बाद की कार्रवाई की प्रक्रिया को अपनाते हुए मौके से मिले डमी बम को सैंड बैग ट्रक में चंडीगढ़ पुलिस की पायलट और एस्कॉर्ट पीसीआर गाड़ियों के साथ पुलिस लाइन्स, सेक्टर-26, चंडीगढ़ के खुले मैदान में सुरक्षित रूप से ले जाया गया ताकि उसे डिफ्यूज किया जा सके। पुलिस ने बताया कि चंडीगढ़ के सिक्योरिटी सिनोरियो को ध्यान में रखते हुए आईएसबीटी में इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना पर हम त्वरित एक्शन ले सकें।

बता दें कि आरबीआई में बम की सूचना मिलते ही ऑपरेशन सेल, डॉग स्क्वॉड टीम, बम स्क्वॉड टीम के साथ-साथ पीसीआर गाड़ियां सरकारी अस्पताल-16 से एम्बुलेंस, सेक्टर-26 पुलिस हॉस्पिटल से एम्बुलेंस, डायल-112, फायर ब्रिगेड की गाड़ी, सिविल डिफेंस की टीम, मोबाइल फोरेंसिक टीम, के अलावा सैक्टर 43 आईएसबीटी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर आशा देवी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रही। चंडीगढ़ पुलिस के अनुसार ऐसी मॉक ड्रिल किसी भी आपात स्थिति में त्वरित, प्रभावी और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए बेहद आवश्यक है।

# जनगणना–2027 के लिए हुई बैठक, डीसी ने दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 6 जनवरी।** डीसी सतपाल शर्मा ने आज जिला सचिवालय के सभागार में जनगणना 2027 को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि भारत के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में जनगणना 2027 हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है।

जनगणना कार्य निदेशालय हरियाणा से धीरज कुमार जौहर ने देश में होने वाली पहली डिजिटल जनगणना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जनगणना 2027 से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

बैठक में जनगणना निगरानी और प्रबंधन प्रणाली (सीएमएमएस) पोर्टल द्वारा जनगणना कार्य की प्रगति व प्रबंधन के कार्य का विवरण, स्व-गणना संबंधित पोर्टल की जानकारी, 31 दिसंबर 2025 तक क्षेत्राधिकार परिवर्तनों को अंतिम रूप देना, सीमाओं को स्थिर करने की अधिसूचना जारी करना, फील्ड पदाधिकारियों की नियुक्ति व झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों की पहचान और विशेष प्रभारों का विवरण और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित नोडल अधिकारी एवं चार्ज अधिकारियों को उक्त बिंदुओं व भारत की जनगणना को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगामी जनगणना 2027 के लिए जनगणना कार्य निदेशालय हरियाणा को पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

# पाइपलाइन बदलने के कार्य के कारण चंडीगढ़ में पानी की आपूर्ति रहेगी प्रभावित

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ ने आम जनता को सूचित किया है कि 1000 मिमी व्यास की क्षतिग्रस्त पीएससी पाइपलाइन को एमएस पाइपलाइन से बदलने के आवश्यक कार्य के कारण 07 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक 24 घंटे के लिए पानी की आपूर्ति बंद/प्रभावित रहेगी। यह कार्य वॉटर वर्क्स सेक्टर-39 से वॉटर वर्क्स सेक्टर-52 और सेक्टर-32 तक स्वच्छ जल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। शटडाउन की अवधि के दौरान वॉटर वर्क्स सेक्टर-52 से पानी की पंपिंग पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि वॉटर वर्क्स सेक्टर-32 से आंशिक जल आपूर्ति की जाएगी। इसके चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति के समय पर निम्नलिखित प्रभाव पड़ेगा–

**07 जनवरी 2026** सुबह : सामान्य पानी की आपूर्ति रहेगी।
**शाम :** सेक्टर 44, 45, 48 से 56, 61 और 63 में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। सेक्टर 20 (सी एवं डी), सेक्टर 21 (सी एवं डी), सेक्टर 31 से 34, सेक्टर 44 से 47, इंडस्ट्रियल एरिया फेज–I एवं फेज–II तथा रामदरबार में कम दबाव पर पानी की आपूर्ति होगी (शाम 6:00 बजे से रात 8:00 बजे तक)।
**08 जनवरी 2026** सुबह : सेक्टर 44, 45, 48 से 56, 61 और 63 में सामान्य आपूर्ति (सुबह 5:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक)। चंडीगढ़ के शेष क्षेत्रों में सामान्य आपूर्ति (सुबह 3:30 बजे से सुबह 9:00 बजे तक)।
शाम : सेक्टर 44 से 56, 61 और 63, सेक्टर 20 (सी एवं डी), सेक्टर 21 (सी एवं डी), सेक्टर 31 से 34, इंडस्ट्रियल एरिया फेज–I एवं फेज–II तथा रामदरबार में सामान्य आपूर्ति (शाम 6:00 बजे से रात 8:30 बजे तक)। शहर के अन्य सभी क्षेत्रों में सामान्य आपूर्ति (शाम 5:00 बजे से रात 9:00 बजे तक)। नगर निगम चंडीगढ़ ने सभी निवासियों से अनुरोध किया है कि वे पहले से पर्याप्त मात्रा में पानी संग्रहित कर लें तथा इस आवश्यक रखरखाव कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिए सहयोग प्रदान करें।

# चेक बाउंस मामले में 14 वर्षों से फरार भगौड़ा काबू


अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 6 जनवरी।** पंचकूला पुलिस द्वारा फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। पंचकूला पुलिस ने एक लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो बीते 14 वर्षों से पुलिस और अदालत को चकमा दे रहा था। पंचकूला पुलिस की पीओ स्टाफ इन्चार्ज निरीक्षक विरेन्द्र नैन के नेतृत्व में गठित टीम ने 14 साल से फरार चल रहे भगौड़े गुप्त सूचना के आधार पर 5 जनवरी को पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलाब, निवासी मोहाली के रूप में हुई है, जिसे वर्ष 2011 में चेक बाउंस के एक मामले में अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किया गया था। आरोपी बार-बार कोर्ट और पुलिस की नोटिस के बावजूद न्यायिक प्रक्रिया में शामिल नहीं हुआ और लंबे समय तक फरार रहकर कानून से बचता रहा। पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान देश के अलग-अलग राज्यों में छापेमारी कर अब तक 291 भगौड़ों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वहीं, वर्ष 2024 में भी पुलिस द्वारा 209 भगौड़ों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा विकसित भारत 'जी राम जी कानून' : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 'विकसित भारतङ्कजी राम जी कानून, 2025' कानून की खूबियां बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत के कायाकल्प की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन को मजबूत करने के उद्देश्य से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 पारित किया गया है, जो देश के ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को इस कानून से सर्वाधिक लाभ होगा। रोजगार की नई गारंटी के साथ इसे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

लोकभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए योगी ने कहा कि जिन लोगों ने लंबे समय तक देश के संसाधनों पर डकैती डाली, गरीबों को भूख और युवाओं को बेरोजगारी व पलायन के लिए मजबूर किया, वे आज पारदर्शी सुधारों का समर्थन करने से इसलिए बच रहे हैं, क्योंकि तब जनता उनसे सवाल करेगी कि जब उन्हें मौका मिला था, तब उन्होंने यह काम क्यों नहीं किया। कांग्रेस और उसका इंडी गठबंधन इस महत्वपूर्ण अधिनियम पर सवाल खड़े कर रहा है, जबकि देशहित, श्रमिकों, किसानों और गांवों के विकास के लिए उठाए गए इस कदम का स्वागत होना चाहिए था। प्रधानमंत्री और एनडीए के प्रति आभार जताने के बजाय वे अपने पुराने, भ्रष्टाचार-प्रेरित मॉडल का बचाव कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वीबीङ्कजी राम जी एक्ट, 2025 की मूल भावना पारदर्शी प्रक्रिया, रोजगार की अधिकतम गारंटी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर आधारित है। यही अधिनियम विकसित भारत-2047 के विजन की मजबूत आधारशिला बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब राज्य विकसित होंगे और राज्य तभी विकसित होंगे जब गांव विकसित होंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर किसान आत्मनिर्भर बनेगा, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून इसलिए जरूरी था क्योंकि मनरेगा के दौरान अधूरी व अस्थायी परिसंपत्तियां बनीं, फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी हाजिरी और भुगतान में कटौती जैसी शिकायतें हर जनपद से सामने आईं। समाजवादी पार्टी की सरकार के समय मनरेगा में घोटाला हुआ था जिसकी सीबीआई जाँच चली। कमजोर सोशल ऑडिट, शिकायत निवारण की खामियां, प्रशासनिक अक्षमताएं और मजदूरी में देरी लगातार बनी रहीं। खेती के मौसम में किसानों को मजदूर नहीं मिलते थे और श्रमिकों को समय पर काम व भुगतान की गारंटी नहीं मिल पाती थी। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। साप्ताहिक भुगतान होगा और देरी पर मुआवजा व अतिरिक्त ब्याज दिया जाएगा। समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता अब कानूनी अधिकार बन गया है। खेती के मौसम में मजदूरों की कमी न हो, इसके लिए राज्यों को बुवाई और कटाई के समय 60 दिन तक कार्य स्थगित करने का अधिकार दिया गया है।

### बंद होगा गड्ढा खोदने और पाटने का खेल

उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत पंचायतें स्थायी परिसंपत्तियां बना सकेंगी। ग्राम पंचायतें चार प्राथमिक श्रेणियों में कार्य तय करेंगी। जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चेक डैम, ग्रामीण सड़कें, नालियां, आजीविका से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर, खेल मैदान, ओपन जिम, बाजार और मंडियों का निर्माण किया जा सकेगा। आपदा प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कार्य भी इसी के तहत होंगे। उन्होंने ने बताया कि इस अधिनियम में टेक्नोलॉजी को कानूनी अधिकार के रूप में शामिल किया गया है। बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैगिंग, सैटेलाइट इमेजरी, रियल टाइम मोबाइल ऐप मॉनिटरिंग और डीबीटी के माध्यम से सीधा भुगतान होगा। फर्जी नामों पर भुगतान का खेल पूरी तरह बंद होगा। पहले जो लोग गड्ढा खोदते थे और उसे पाटते थे, उनका यह खेल बंद होगा। उन्होंने बताया कि कानून में छह माह में अनिवार्य सोशल ऑडिट, डिजिटल और समयबद्ध शिकायत निवारण, जिला लोकपाल और मानकों के अनुरूप ऑडिट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केंद्रङ्कराज्य की साझेदारी 60ः40 रहेगी और कार्य पूरी तरह मांग आधारित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई योजना से राज्यों को मनरेगा की तुलना में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त संसाधन मिल सकते हैं। जिन राज्यों में श्रमिकों की संख्या अधिक है, वहां अधिक कार्य मिलेगा। रोजगार अब केवल राहत नहीं, बल्कि विकास और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनेगा।



# जाट सेवा संघ के खिलाफ साजिश रचने वालों को करेंगे बेनकाब : गंगाराम

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**दिल्ली, 6 जनवरी।** जाट सेवा संघ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक चेयरमैन गंगाराम श्योराण की अध्यक्षता में ट्रस्ट के पंजीकृत कार्यालय बी 21, राजधानी पार्क,नांगलोई दिल्ली में सम्पन्न हुई,जिसमें 17 ट्रस्टियों ने भाग लिया और तीन ट्रस्टियों ने कम्युनिकेशन के माध्यम से हर एजेंडे पर सहमति प्रदान की। दूसरी बैठक जो ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह ने बुलाई थी,वह बैठक असंवैधानिक थी,,जिसमें पूर्व चेयरमैन और दो ट्रस्टी ही पहुंचे,वे बैठक का कोरम भी पूरा नहीं कर सके।चेयरमैन गंगाराम श्योराण ने कहा कि रणधीर सिंह या महेंद्र सिंह द्वारा जाट सेवा संघ ट्रस्ट की बैठक बुलाने का कोई औचित्य नहीं है,न वे इसके लिए अधिकृत है,,क्योंकि मुख्य बैठक ट्रस्ट के पंजीकृत कार्यालय पर ही बुलाई गई थी। क्योंकि पूर्व चेयरमैन ने बाहुबलियों का सहारा लेकर वाद विवाद किया,और खुद ही सामाजिक कार्य को आपस में निपटाने की बजाए कोर्ट चले गए और आरोप ट्रस्ट के मुख्य साथियों पर लगा रहे है,जो गलत है। बैठक के दौरान ट्रस्ट से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से जाट सेवा संघ के मुकदमे से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा हुई।

# बलटाना में नशे के खिलाफ कार्रवाई, डोप टेस्ट में युवक पॉजिटिव

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** बलटाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार आज सब-इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह (प्रभारी, पुलिस चौकी बलटाना), हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह व पीएचजी मनिंदर सिंह के साथ निजी वाहन में बलटाना के फर्नीचर मार्केट क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मंगत राम (उम्र करीब 33 वर्ष) निवासी हरमिलाप नगर फेज-2, बलटाना, पीर बाबा रोड स्थित ÷खुशबू ब्यूटी पार्लर÷ के सामने खड़ा है और नशे का आदी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिये के आधार पर युवक को काबू किया गया। सब-इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने आरोपी को अपना नाम, पद व पोस्टिंग बताकर एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत उसके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। मौके पर निजी गवाह शामिल करने का प्रयास किया गया, लेकिन राहगीरों ने असमर्थता जताई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

इसके बाद पुलिस टीम आरोपी को सिविल अस्पताल, फेज-6, मोहाली ले गई, जहां डोप टेस्ट कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार डोप टेस्ट पॉजिटिव पाया गया, जिसमें मॉर्फिन, बुप्रेनुरफिन, ट्रामाडोल और बेंजोडायजेपाइन की पुष्टि हुई। डोप टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर आरोपी मंगत राम के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27 व 61/85 के तहत मामला दर्ज कर उसे ज़ीरकपुर पुलिस स्टेशन भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

# प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे दी जानकारी

**फतेहाबाद, 6 जनवरी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मंगलवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए नशा मुक्ति कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से नशामुक्ति टीम इंचार्ज उप निरीक्षक सुंदर मुसाफिर ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बारे अनेक जानकारियां दी और युवाओं को स्वयं नशा ना करने व अपने आस-पड़ोस में भी किसी को नशा ना करने बारे जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को नशे से दूर रहने के तरीके भी बताए कि कैसे स्वयं व परिवार को नशे से दूर रखें। मादक पदार्थों का उत्पादन करने वाले तथा इसकी तस्करी करने वाले लोगों को इस कार्य को छोडने की अपील की कि हम किस प्रकार नशा को छोड़कर एक नए जीवन की शुरूआत कर सकते हैं।

# श्रद्धा, मनोरंजन व रोजगार का संगम है गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**गोरखपुर।** मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने और इससे पखवारा पूर्व शुरू होकर माह भर से अधिक समय तक चलने वाला खिच?ी मेला श्रद्धा, मनोरंजन और रोजगार का संगम है। पूरी प्रकृति को ऊर्जस्वित करने वाले सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिच?ी च?ाने की अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है।

गोरखनाथ मंदिर में खिच?ी के रूप में च?ाए जाने वाला अन्न वर्षभर जरूरतमंदों में वितरित किया जाता है। मंदिर के अन्न क्षेत्र में कभी भी कोई जरूरतमंद पहुंचा, खाली हाथ नहीं लौटा। ठीक वैसे ही, जैसे बाबा गोरखनाथ को खिच?ी च?ाकर मन्नत मांगने वाला कभी निराश नहीं होता। मंदिर में खिच?ी का यह पर्व इस वर्ष 15 जनवरी को मनेगा। गोरखनाथ मंदिर में खिच?ी च?ाने की परंपरा त्रेतायुगीन मानी जाती है। मान्यता है कि तत्समय आदियोगी गुरु गोरखनाथ एक बार हिमाचल प्रदेश के कांग?ा जिले में स्थित मां ज्वाला देवी के दरबार मे पहुंचे। मां ने उनके भोजन का प्रबंध किया। कई प्रकार के व्यंजन देख बाबा ने कहा कि वह तो योगी हैं और भिक्षा में प्राप्त चीजों को ही भोजन रूप में ग्रहण करते हैं। उन्होंने मां ज्वाला देवी से पानी गर्म करने का अनुरोध किया और स्वयं भिक्षाटन को निकल गए। भिक्षा मांगते हुए वह गोरखपुर आ पहुंचे और राप्ती और रोहिन के तट पर जंगलों में बसे इस स्थान पर धूनी रमाकर साधनालीन हो गए। उनका तेज देख लोग उनके खप्पर में अन्न (चावल, दाल) दान करते रहे। मकर संक्रांति का पर्व आने पर यह परंपरा खिच?ी पर्व के रूप में परिवर्तित हो गई। तब से बाबा गोरखनाथ को खिच?ी च?ाने का क्रम हर मकर संक्रांति पर अहर्निश जारी है। कहा जाता है कि उधर ज्वाला देवी के दरबार मे बाबा की खिच?ी पकाने के लिए आज भी पानी उबल रहा है।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथ पंथ की विशिष्ट परंपरानुसार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिच?ी च?ाकर समूचे जनमानस की सुख समृद्धि की मंगलकामना करते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार तथा देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी लाखों की तादाद में श्रद्धालु शिवावतारी बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी च?ाते हैं।

मकर संक्रांति के दिन भोर में सबसे पहले गोरक्षपीठ की तरफ से पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खिच?ी च?ाकर बाबा को भोग अर्पित करते हैं। तत्पश्चात नेपाल राजपरिवार की ओर से आई खिच?ी बाबा को च?ाई जाती है। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाते हैं और जनसामान्य की आस्था खिच?ी के रूप में निवेदित होनी शुरू हो जाती है। खिच?ी महापर्व को लेकर मंदिर व मेला परिसर सज धजकर तैयार है। प्रशासन के साथ ही मंदिर प्रबंधन की तरफ से श्रद्धालुओं के ठहरने और अन्य सुविधाओं का पूरा इंत?ाम किया गया है। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी खुद भी अब तक तीन बार खिच?ी मेला की तैयारियों की समीक्षा कर चुके हैं।

गोरखनाथ मंदिर सामाजिक समरसता का ऐसा केंद्र है जहां जाति, पंथ, महजब की बे?ियां टूटती नजर आती हैं। इसके परिसर में क्या हिंदू, क्या मुसलमान, सबकी दुकानें हैं। यानी बिना भेदभाव सबकी रोजी रोटी का इंतजाम है। यही नहीं, मंदिर परिसर में लगने वाला खिच?ी मेला भी जाति-धर्म के बंटवारे से इतर हजारों लोगों की आजीविका का माध्यम बनता है। मंदिर परिसर में नियमित रोजगार करने वालों से लेकर मेला में दुकान लगाने वालों तक, ब?ी भागीदारी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की होती है। उन्होंने कभी कोई भेदभाव महसूस नहीं किया बल्कि अपनेपन के भाव से विभोर होते रहते हैं। मेले में खरीदारी से लेकर मनोरंजन के साधनों तक का भरपूर इंतजाम हैं।

# नगर परिषद जीरकपुर की लापरवाही से सड़क जाम, जनता परेशान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** नगर परिषद ज़ीरकपुर की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। मंगलवार देर शाम करीब 6ः00 बजे नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा कोहिनूर ढाबे के सामने नगर परिषद की सड़क के किनारे खड्डे भरने का कार्य शुरू कर दिया गया। यह समय शहर का सबसे व्यस्त समय माना जाता है, जिसके चलते पटियाला लाइट प्वाइंट से लेकर कोहिनूर ढाबे तक लंबा जाम लग गया। शाम के व्यस्त समय में बिना किसी ट्रैफिक प्लानिंग के किए गए इस कार्य से आम राहगीरों और दफ्तर से लौट रहे कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की गंभीर स्थिति यह रही कि ट्रैफिक पुलिस के अभाव में राहगीरों को खुद ही सड़क पर उतरकर यातायात नियंत्रित करना पड़ा।

**प्लंबर से लिया जा रहा राज मिस्त्री का काम :**

इतना ही नहीं, लोगों का आरोप है कि नगर परिषद ज़ीरकपुर द्वारा प्लंबर से राजमिस्त्री का काम करवाया जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना तकनीकी विशेषज्ञों के इस तरह के कार्य भविष्य में बड़े हादसों को न्योता दे सकते हैं। नगर परिषद की इस कार्यप्रणाली ने एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया है।

लोगों ने मांग की है कि ऐसे कार्यो के लिए समय निर्धारित किया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पहले से ठोस योजना बनाई जाए, ताकि आम जनता को बेवजह परेशानी न झेलनी पड़े। इसके बाद खबर लिखने के समय नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी का पक्ष जानने के लिए शाम 7ः36 पर फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

राहगीरों ने नगर परिषद पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या खड्डे भरने के लिए नगर परिषद को यही समय मिला था? यदि कार्य करना ही था तो रात के समय या ट्रैफिक कम होने के दौरान क्यों नहीं किया गया।

# विधायक विनोद भयाना 24 को जेसीआई चौक पर 105 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का करेंगे ध्वजारोहण

**हांसी (दिनकर गावड़ी)।** राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 24 जनवरी को हांसी के जेसीआई चौक पर 105 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का भव्य ध्वजारोहण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर ध्वजारोहण करेंगे।

यह कार्यक्रम जेसीआई हांसी स्टार संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शहर में एक विशाल और अनुशासित तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा लाल सड़क से आरंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों से होती हुई जेसीआई चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

# मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के आगमन को लेकर हांसी न्यायिक परिसर में तैयारियां तेज

**बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापडिया ने लिया प्रबंधों का जायजा**

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के हांसी स्थित न्यायिक परिसर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। न्यायिक परिसर भवन के सामने विशाल मंच तैयार किया जा रहा है, वहीं पूरे परिसर को भव्य रूप देने के लिए सजावट के कार्य भी किया जाएगा।

मंगलवार को बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापडिया ने वकीलों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रही तैयारियों का जायजा लिया और प्रबंधों को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिए।

बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापडिया ने बताया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के हांसी आगमन पर उनका भव्य और शानदार स्वागत किया जाएगा। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि जिला सचिवालय परिसर की मुख्य सड़क से सटे गेट को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा, वहीं प्रवेश द्वार से लेकर न्यायिक परिसर भवन तक फूलों की सुंदर सजावट की जाएगी।

पवन रापडिया ने आगे बताया कि मुख्य न्यायाधीश के हांसी आगमन को लेकर सभी न्यायाधीशों तथा बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है। यह कार्यक्रम न केवल हांसी के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि सभी प्रबंध समय रहते पूरे कर लिए जाएंगे और कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं यादगार बनाने में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# लूट की वारदात मामले में, दो आरोपी गिरफ्तार वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 06 जनवरी।** विशेष अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने लूट की एक गंभीर वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि प्रार्थी जसविंद्र सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, निवासी हिजरावां कलां, जिला फतेहाबाद, पेशे से पिक-अप चालक, ने चौकी गुरुनानकपुरा में शिकायत दी कि दिनांक 04.01.2026 की रात्रि लगभग 10ः00 से 10ः30 बजे वह अपनी पिक-अप गाड़ी ॥क्र61ष्ठ-0422 में तूड़ा लोड कर अपने गांव से महेंद्रगढ़ की ओर जा रहा था। जब वह रतिया पुल बाइपास सर्विस रोड, हिसार-सिरसा रोड के समीप पहुंचा, तो एक काली मोटरसाइकिल ॥क्र22-7184 पर सवार तीन युवकों ने उसकी गाड़ी के आगे मोटरसाइकिल लगाकर उसे रोक लिया।

आरोप है कि तीनों युवकों में से एक ने अपने हाथ में लोहे का कापा (धारदार हथियार) लेकर प्रार्थी के गले पर लगा दिया, जबकि दूसरे आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर पैसे व कीमती सामान मांगा।

डर के कारण प्रार्थी ने अपना पर्स दे दिया, जिसमें से लगभग ?2500/- की नकदी लूट ली गई। शिकायत के आधार पर मुकदमा नंबर 08 दिनांक 05.01.2026, धारा 309(4) बीएनएस के तहत थाना शहर फतेहाबाद में दर्ज किया गया।

# कूड़ा उठाने वालों की मनमानी और वसूली करने से परेशान नागरिकों ने जताया रोष

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** ढकोली क्षेत्र के वसंत विहार स्थित वार्ड नंबर 13 में कूड़ा उठाने की बदहाल व्यवस्था और कूड़ा उठाने वाले कर्मियों द्वारा की जा रही मनमानी वसूली के खिलाफ स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और नगर परिषद ज़ीरकपुर के खिलाफ जमकर रोष जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि वर्ष 2003 में जब क्षेत्र में कूड़ा उठाने की व्यवस्था शुरू हुई थी, तब प्रति घर मात्र 10 रुपये शुल्क लिया जाता था। इसके बाद कूड़ा उठाने वाला हर साल बिना किसी नियम या सरकारी आदेश के मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ाता चला गया। आज हालात यह हैं कि कूड़ा उठाने का मासिक शुल्क 300 रुपये तक पहुंच चुका है, जो आम लोगों की जेब पर सीधा बोझ डाल रहा है।लोगों के अनुसार, पिछले साल तक कूड़ा उठाने वाला ग्राउंड फ्लोर के मकानों से 150 रुपये, फर्स्ट फ्लोर से 200 रुपये, सेकंड फ्लोर से 250 रुपये और थर्ड फ्लोर से 300 रुपये वसूल रहा था। हैरानी की बात यह है कि इतनी भारी रकम वसूलने के बावजूद कूड़ा नियमित रूप से नहीं उठाया जाता। कई बार तो कूड़ा उठाने वाला कई-कई दिनों तक इलाके में दिखाई ही नहीं देता।

स्थानीय महिलाओं ने बताया कि कूड़ा उठाने वाला महीने की 1 से 10 तारीख तक तो नियमित रूप से आता है और सभी घरों से पैसे वसूल लेता है, लेकिन इसके बाद अचानक गायब हो जाता है। नतीजतन, घरों में कई दिनों तक कूड़ा जमा रहता है। इससे न केवल बदबू फैलती है, बल्कि मच्छर-मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ जाता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा बना रहता है।

निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि ज़ीरकपुर की सफाई व्यवस्था आसपास के शहरों पंचकूला और चंडीगढ़ के मुकाबले कहीं अधिक खराब है। वहां नगर परिषद द्वारा ÷डोर टू डोर÷ कूड़ा संग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे रोजाना कूड़ा उठाया जाता है और लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। इसके विपरीत ज़ीरकपुर में न तो नियमित कूड़ा उठता है और न ही शुल्क की कोई तय दर है।

प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से मांग की कि ज़ीरकपुर में भी जल्द से जल्द डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था लागू की जाए, ताकि कूड़ा उठाने वालों की मनमानी वसूली पर रोक लग सके और इलाके में साफ-सफाई बनी रहे। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

इस मौके पर दलबीर सिंह, दविंदर कौर, संतोष कुमार, अंजना, संज्ञा, स्वर्णा और सारिका सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने निजी अस्पतालों को मुख्यमंत्री सेहत योजना में शामिल होने का दिया न्योता; प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों ने गहरी रुचि दिखाई

पंजाब सरकार प्रति परिवार 10 लाख रुपये तक का मानक, पहुंचयोग्य एवं नकदी रहित स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध: डॉ. बलबीर सिंह

कहा- इस योजना के तहत अग्रणी निजी अस्पतालों के जुड़ने से व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी



**बैठक में मैक्स, फोर्टिस, शाल्बी एवं लिवासा अस्पताल समेत अन्य उच्च-स्तरीय निजी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया**

इस बैठक में मैक्स, फोर्टिस, शाल्बी एवं लिवासा अस्पताल समेत अन्य उच्च-स्तरीय निजी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया। इन अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने इस योजना में शामिल होने के लिए गहरी रुचि दिखाई तथा एक सहयोगी एवं जन-केंद्रित स्वास्थ्य देखभाल मॉडल तैयार करने के लिए राज्य सरकार की सक्रिय पहल की सराहना की। इस वार्ता सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह एवं राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के सी.ई.ओ. संयम अग्रवाल ने इन अस्पतालों के प्रतिनिधियों द्वारा उपचार पैकेजों, सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया एवं कैशलेस इंटरफेस के तकनीकी पहलुओं बारे उठाए गए विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच के अनुरूप पंजाब सरकार द्वारा जल्द लागू की जाने वाली 10 लाख रुपये की नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा पहल के विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज प्रमुख निजी अस्पतालों को मुख्यमंत्री सेहत योजना (एम.एम.एस.वाई.) के तहत सूचीबद्ध होकर पंजाब के लोगों को व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने संबंधी पंजाब सरकार के इस नेक प्रयास में शामिल होने का न्योता दिया।

स्वास्थ्य मंत्री, जिनके साथ प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमार राहुल तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एस.एच.ए.) संयम अग्रवाल भी मौजूद थे, यहां राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के कार्यालय में प्रमुख निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने प्रदेश के हर परिवार को मानक एवं नकदी रहित स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने संबंधी पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। एम.एम.एस.वाई. के तहत प्रति परिवार 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम आदमी के कंधों से चिकित्सा उपचार के वित्तीय बोझ को दूर करना है।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य एक मजबूत स्वास्थ्य देखभाल इकोसिस्टम स्थापित करना है ताकि पंजाब का कोई भी निवासी धन की कमी के कारण उपचार से वंचित न रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सिहत योजना इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है और इसकी सफलता के लिए निजी अस्पतालों की सक्रिय भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। इस बात पर जोर देते हुए कि निजी अस्पताल एम.एम.एस.वाई. के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण साझेदार हैं, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों से मिल रहा उत्साहजनक प्रतिक्रिया पंजाब भर में इस योजना की पहुंच को और मजबूत करेगा। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि इस योजना को पारदर्शिता एवं कार्य-कुशलता के नजरिए से पूरी सोच-विचार के बाद तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका लाभ जमीनी स्तर पर पंजाब के हर निवासी तक पहुंचे।

उन्होंने अस्पतालों से अपील की कि वे इस योजना के तहत सूचीबद्ध होने संबंधी औपचारिक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पंजाब के निवासियों को जल्द से जल्द इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो सके।

# शहर में चोरियों की भरमार, धार्मिक जगहों को बनाया जा रहा निशाना

पुलिस स्टेशन और डी एस पी ऑफिस के पास दुर्गा मंदिर में चोरी से पुलिस पर सवालिया निशान

चोरों ने किले में पीर बाबा के धार्मिक स्थान से भी चोरी की

अर्थ प्रकाश/दर्शन शर्मा

**मूनक, 6 जनवरी।** इलाके में चोरियों की भरमार है। पिछले कुछ दिनों से धार्मिक जगहों को निशाना बनाया जा रहा है। बीती रात पुलिस स्टेशन और डीएस पी ऑफिस के पास दुर्गा मंदिर में हुई चोरी ने पुलिस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने फिल्मी स्टाइल से पहले छत पर चढ़कर ऊपर बनी लोहे की ग्रिल तोड़ी और फिर रस्सी से लटककर मंदिर में घुस गए। उन्होंने दरवाजा तोड़ा और कैश चुरा लिया। जानकारी देते हुए पंडित भूषण शर्मा ने बताया कि वह हर दिन की तरह सुबह करीब साढे पांच बजे मंदिर आए थे। उन्होंने बाहरी ताला और कैंची वाला गेट खोला और मंदिर में गए। जब उन्होंने देखा कि मां बिखरा पड़ा था और वह गले तोड़े हुए थे ।तो वह डर गए और कमेटी के सदस्यों और भक्तों को बताया। इसी बीच मूनक थाने में सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि करीब छह से सात हजार रुपये कैश चोरी होने की आशंका है। आज रात चोरों ने किले में पीर बाबा के धार्मिक स्थान से भी चोरी करके यह साबित कर दिया कि उन्हें किसी का डर नहीं है। उस जगह पर सेवा करने वाले मलकीत सिंह राव ने बताया कि कल रात सी सी टी वी कैमरे की फुटेज के मुताबिक, दो लोग सुबह करीब 3 बजे आए और उन तीनों गलों से पांच से सात हजार चुरा लिए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पुलिस को चोरी की जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आज भी जानकारी दी गई है। इसके अलावा जाखल रोड पर जैन समाधां में भी चोरी का मामला सामने आया था। इसके अलावा पुराने बस स्टैंड में सागर अरोड़ा की कन्फेक्शनरी की दुकान में चोरी हुए कुछ दिन हो गए हैं। मूनक इलाके की बात करें तो शहर और आसपास के इलाकों में लगातार मोटर और तार चोरी हो रहे हैं। एसएचओ मूनक गुरमीत सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इन चोरियों का कोई सुराग लगा पाती है या यह फाइल भी ÷हम कोशिश कर रहे हैं÷ वाली फाइल के नंबर के साथ बंद हो जाएगी।



दुर्गा मंदिर के पुजारी भूषण शर्मा चोरी की जानकारी देते हुए।

# हमांयुपुर-तसींबली की अनदेखी कर रही पंजाब सरकार: एनके शर्मा

गुरुओं की चरण छोह प्राप्त गांव को नहीं मिला अनुदान

अर्थ प्रकाश/चौहान



**लालड़ू, 6 जनवरी।** शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने पंजाब सरकार पर ऐतिहासिक गांव हमांयुपुर-तसींबली की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार विकास कार्यों में भेदभाव कर रही है।

एनके शर्मा ने यहां शिरोमणि अकाली दल के ब्लाक समिति सदस्य गुरजीत सिंह हमांयुपुर द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित अखंड पाठ के भोग के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। एनके शर्मा ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा नौवीं तथा दसवीं पातशाही में शीश निवाने के बाद कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गुरुओं के चरणा छोह प्राप्त गुरुद्वारा साहिबानों वाले गांवों को विशेष अनुदान दिया जा रहा है लेकिन सरकार ने हमांयुपुर-तसींबली की अनदेखी की है।

यहां सिखों के नौवें तथा दसवें गुरुओं ने अपने चरण डाले हैं। शर्मा ने कहा कि मौजूदा सरकार विकास के मामले में जहां भेदभाव कर रही है, वहीं पंजाब में आपसी भाईचारा खत्म किया जा रहा है। मौजूदा सरकार ने लोगों को एक-दूसरे से लड़वाने के अलावा दूसरे कोई काम नहीं किया। आज हालात ये हैं कि लोगों से बोलने की आजादी छीनी जा रही है। ब्लाक समिति सदस्य गुरजीत सिंह ने कहा कि इलाके के लोगों ने इस चुनाव में सच्चाई का साथ दिया है। पंजाब सरकार की धक्केशाही के बावजूद लोगों ने अकाली दल की नीतियों पर मोहर लगाई है। इस अवसर पर अकाली नेता हरकेश सिंह मोहड़ी, मनजीत सिंह मलकपुर, रणजीत सिंह राणा, गुरजीत सिंह, मुख्तयार सिंह, लेखराज शर्मा, परविंद्र सिंह जौला, बृजेश राणा, अजैब सिंह अंटाला समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# दो गांवों के चिप वाले स्मार्ट मीटर संगठन के दबाव में उतारकर वापस किए गए

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 जनवरी को लुधियाना के ष्ठष्ट ऑफिस के घेराव में शामिल होने का ऐलान

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 6 जनवरी।** सिधवां बेट ब्लॉक के सलेमपुरा और भामल गांवों के लोगों के हटाए गए स्मार्ट मीटर को स्ष्ठह्र सिधवां बेट ने लेने से मना कर दिया। इसी के चलते आज भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा के जिला वाइस प्रेसिडेंट हाकम सिंह भट्टियां की लीडरशिप में सिधवां बेट, जगराओं, हंबरां ब्लॉक के किसानों और मजदूरों ने जगराओं पावरकॉम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कुलवंत सिंह को उनके ऑफिस में घेर लिया। इस समय हुए बड़े विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा के जिला फाइनेंस सेक्रेटरी तरसेम सिंह बसुवाल, ब्लॉक प्रेसिडेंट सिधवां बेट जगजीत सिंह कलेर, असिस्टेंट सेक्रेटरी जसविंदर सिंह भामल, ब्लॉक सेक्रेटरी जगराओं ब्लॉक रछपाल सिंह डल्ला ने कहा कि राज्य भर में आम घरों में चिप वाले स्मार्ट मीटर लगाकर सरकार बड़ी संख्या में लोगों को बिजली इस्तेमाल करने के हक से दूर करना चाहती है। आने वाले बजट सेशन में मोदी सरकार इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2025 पास करके पूरा बिजली डिपार्टमेंट बड़े कॉर्पोरेट्स को सौंपना चाहती है। इसके चलते बिजली की सारी छूट खत्म हो जाएंगी। खेती के मोटरों पर स्मार्ट मीटर लगेंगे, बिल पहले देने होंगे। कॉर्पोरेट्स को अपनी मर्ज़ी से बिजली के रेट बढ़ाने की छूट होगी। बिजली देश के विकास की जगह मुनाफे का धंधा बन जाएगी। इस समय बोलते हुए रूरल वर्कर्स यूनियन (मशाल) के नेता मदन सिंह, किसान नेता बेअंत सिंह बनिएवाल, निर्मल सिंह भमीपुरा, हरदेव सिंह अखाड़ा, मनजिंदर सिंह सलेमपुरा ने कहा कि असल में अधिकारियों ने एमएनआरईजीए स्कीम खत्म करके मजदूर वर्ग से निवाला छीन लिया है और अब इलेक्ट्रिसिटी एक्ट लाकर ये कॉर्पोरेट्स गरीबों को अंधेरे और गर्मी में मारेंगे। इस समय सदर थाना जगराओं के पुलिस ऑफिसर की मौजूदगी में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर डिवीजन पावरकॉम जगराओं को उनके ऑफिस में पुलिस की मौजूदगी में चालीस घरेलू मीटर वापस किए गए और पुराने मीटर लगाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में चिप मीटर हटाने और वापस करने की मुहिम ज़ोर पकड़ रही है। उन्होंने यूनाइटेड किसान मोर्चा की लीडरशिप से इस मुद्दे पर साफ़ स्टैंड लेने की रिक्वेस्ट की है। यूनाइटेड किसान मोर्चा पहले ही इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के खिलाफ़ पूरे देश में लड़ाई का आह्वान कर चुका है। इस समय, किसान नेता तेजा सिंह लक्खा, हरजिंदर सिंह डांगियां, बेअंत सिंह देहरका, चमकौर सिंह चचराड़ी, पिरतपाल सिंह भमीपुरा ने सभी किसानों से यूनाइटेड किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 जनवरी को लुधियाना के डीसी ऑफ़िस पर होने वाले बड़े संयुक्त विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि इस समय इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, सीड एक्ट, वर्ल्ड ट्रेड एग्रीमेंट, एमएनआरईजीए स्कीम, लेबर कोड की वापसी के लिए मज़बूत आवाज़ उठाई जाएगी। आज के विरोध प्रदर्शन में एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें वेनेज़ुएला के प्रेसिडेंट की किडनैपिंग और यूएस द्वारा प्राकृतिक संसाधनों पर कब्ज़ा करने को साम्राज्यवादी लूट बताया गया और प्रेसिडेंट और उनकी पत्नी को रिहा करने की मांग की गई। प्रस्ताव में ज़ोर देकर कहा गया कि यूएस साम्राज्य दुनिया के लोगों का साझा दुश्मन है और इससे भी मिलकर लड़ना चाहिए।

**जिला लेवल पर 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन का सफल आयोजन**

# चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना क्लोजिंग सेरेमनी में चीफ गेस्ट के तौर पर हुईं शामिल

कैंपेन के दौरान, गांवों और शहरों के लोगों, स्कूल, कॉलेज के स्टूडेंट्स, ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर में भर्ती युवाओं और जेल के कैदियों को ड्रग्स के बुरे असर के बारे में जागरूक किया गया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल




डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना मैडम हरप्रीत कौर रंधावा डिस्ट्रिक्ट लेवल क्लोजिंग सेरेमनी में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुईं।

**लुधियाना, 06 जनवरी।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना ने 06 दिसंबर, 2025 से 06 जनवरी, 2026 तक 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन का सफल आयोजन किया। चेयरपर्सन, माननीय चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना मैडम हरप्रीत कौर रंधावा ने बताया कि मेंबर सेक्रेटरी, पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी के निर्देशों के अनुसार, यह एक महीने की ड्राइव चलाई गई, जिसमें लुधियाना जिले के सब-डिवीजन समेत अलग-अलग गांवों के लोगों, स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स, ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर में भर्ती युवाओं, जेल के कैदियों आदि को ड्रग्स के बुरे असर के बारे में जागरूक किया गया और ड्रग्स से दूर रहने के लिए मोटिवेट किया गया। इसके अलावा, लुधियाना जिले की खास जगहों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सरकारी बिल्डिंग्स, स्लम एरिया, शॉपिंग मॉल आदि पर ड्रग्स के बुरे असर के बारे में जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए।

इस मौके पर सीजेएम-कम-सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना श्रीमती सुमित सभरवाल ने जानकारी शेयर की और बताया कि माननीय चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना के गाइडेंस में, डिस्ट्रिक्ट लुधियाना में 06 दिसंबर से 06 जनवरी तक 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन चलाया गया और आज डिस्ट्रिक्ट लेवल क्लोजिंग सेरेमनी ऑर्गनाइज़ की गई।

इस मौके पर पैनल वकील, पैरा लीगल वॉलंटियर, लॉ के छात्र और दूसरे जाने-माने लोग भी मौजूद थे। लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी के सेक्रेटरी ने इस ड्राइव को सफल बनाने में मदद करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

# बंद हुए रास्तों का सर्वे पूरा, मंगलवार को रिपोर्ट के बाद बात करेंगे प्रशासनिक अधिकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 6 जनवरी।** एक्सप्रेस हाईवे के लिए एक्वायर की गई जमीन से बंद रास्तों का एनएचएआई की तरफ से किया जा रहा सर्वे पूरा हो गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद जिला प्रशासन किसानों से बात करने की बात कह रहा है।

उल्लेखनीय है कि बनूड़ और डेराबस्सी के किसान सड़क बनने के कारण रास्ते, पानी की निकासी आदि बंद होने से लंबे समय से संघर्ष कर रहे है। जिसके तहत किसान रोड संघर्ष कमेटी ने 30 दिसंबर को मनौली सूरत में इकट्ठा होकर सात दिन का अल्टीमेटम दिया था। हरकत में आए प्रशासन ने किसानों से मिलकर उनकी उपरोक्त मांगें मानने का भरोसा दिलाया था। जिसके तहत सर्वे का काम शुरू किया गया था, जो पूरा हो चुका है। सभी गांवों के किसानों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई है। संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह, रतन सिंह, अवतार सिंह, दलबीर सिंह, लाला बुढनपुर, धन्ना सिंह आदि का कहना है कि उन्होंने 8 जनवरी को मनौली सूरत में एक बड़ी एकत्रता रखी है और किसान प्रशासन की तरफ देख रहे है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने बंद रास्ते नहीं खोले, तो वे सड़क निर्माण का काम रोककर पक्का धरना देने को मजबूर होंगे।

दूसरी तरफ, नेशनल हाईवे के जीएम राहुल कुमार और डीआरओ मोहाली हरमिंदर सिंह हुंदल ने कहा कि वे 6 जनवरी तक रिपोर्ट मंगाकर फैसला लेंगे और किसानों से बात करेंगे।

# डेराबस्सी पुलिस ने चोरी के तीन वाहनों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 6 जनवरी।** मुबारकपुर पुलिस ने चोरी के तीन दो पहिया वाहनों के साथ एक आरोपी को गिरफतार किया है। आरोपी की पहचान लव बख्शी पुत्र अशोक बख्शी, निवासी गांव टापरिया, तहसील रायपुर रानी, जिला पंचकूला (हरियाणा) के रूप में हुई है। मुबारकपुर पुलिस चोंकी इंचार्ज कुलवंत सिंह ने बताया कि आरोपी को बिना नंबर की मोटरसाइकिल मार्का हीरो होंडा स्प्लेंडर के साथ काबू किया गया। इसके बाद आर आरोपी की निशानदेही पर एक टीवीएस एक्टिवा और आज हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ जारी रखी है और चोरी के अन्य मामलों से संबंध की जांच की जा रही है। यह तीनों वाहन आरोपी ने अलग अलग जगह से चोरी किए थे पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है जिसमें चोरी के अन्य मामले हल होने की संभावना है।

# ज़ीरकपुर में अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 6 जनवरी।** ज़ीरकपुर क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस और एक्साइज़ विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई 04 जनवरी 2026 की रात को ज़ीरकपुर-कालका रोड पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक्साइज़ विभाग, ज़ीरकपुर के इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह पुलिस टीम के साथ शराब तस्करी रोकने के उद्देश्य से नाकाबंदी और चेकिंग कर रहे थे। उनके साथ एएसआई सतपाल सिंह और हेड कांस्टेबल हरविंदर सिंह भी मौजूद थे। इसी दौरान रात करीब 11.40 बजे एक एक्टिवा मास्ट्रो स्कूटर को शक के आधार पर रोका गया। स्कूटर चालक की पहचान जय प्रकाश मकान गोविंद विहार कॉलोनी, डेराबस्सी के रूप में हुई। जब स्कूटर की तलाशी ली गई तो उसके फुटरेस्ट पर रखे एक बड़े गत्ते के बैग और एक काले बैग से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। जांच करने पर पाया गया कि यह शराब चंडीगढ़ में बिक्री योग्य है और इसे अवैध रूप से तस्करी कर ले जाया जा रहा था।



# नशे की हालत में घूम रहा युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा, एनडीपीएस एक्ट के तहत केस

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 6 जनवरी।** ज़ीरकपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 5 जनवरी 2026 को एएसआई सुखदेव सिंह अपनी टीम के साथ पंजाब नेशनल बैंक, गांव भबात, ज़ीरकपुर के पास गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। शाम करीब 4.30 बजे पुलिस को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि जसप्रीत सिंह उर्फ काकू उर्फ गठ निवासी जैन मंदिर के पास, गांव भबात, नशीले पदार्थों का आदी है और नशे की हालत में गली में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और गुरुद्वारे के पास घूम रहे युवक को काबू किया गया। पुलिस ने युवक को उसके कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत नोटिस दिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई नशीला पदार्थ या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद पुलिस आरोपी को सिविल अस्पताल फेज-6, मोहाली लेकर पहुंची, जहां मेडिकल जांच करवाई गई। डॉक्टरों द्वारा की गई जांच में आरोपी के सैंपल में मॉर्फिन, ट्रामाडोल और बेंज़ोडायजेपीन पॉजिटिव पाए गए।

मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी जसप्रीत सिंह उर्फ काकू उर्फ गठ के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27/61/85 के तहत नशीले पदार्थों के सेवन का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# पंजाब में अमन-कानून सुरक्षित हाथों में: बलतेज पन्नू

## वलटोहा कांडः पुलिस मुठभेड़ में हत्यारे की मौत, पंजाब में नहीं चलेगी गुंडागर्दी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 6 जनवरी।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने आज वलटोहा सरपंच हत्याकांड के मुख्य आरोपी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंजाब में अमन-कानून की व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित हाथों में है और पंजाब पुलिस अपना फर्ज बखूबी निभा रही है।

वलटोहा सरपंच हत्याकांड मामले में आज तरनतारन के नजदीक पंजाब पुलिस और हत्यारों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी की मौत हो गई है।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब में अमन-कानून की व्यवस्था सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कोई भी व्यक्ति भले ही वह कितना भी ताकतवर क्यों न हो, अगर वह कानून अपने हाथों में लेगा तो पंजाब पुलिस अपना काम बखूबी करेगी।

बलतेज पन्नू ने पंजाब पुलिस की कारगुजारी की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई वाली सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है।



# एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन का मिला प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** 5 हरियाणा बटालियन एनसीसी और जिला आपदा प्रबंधन टीम (गुरुग्राम) द्वारा जसाना स्थित अरावली कॉलेज एंड मैनेजमेंट में आपदा प्रबंधन व्यवहारिक प्रशिक्षण कैंप के तहत सभी सीनियर विंग और सीनियर डिवीजन को शारीरिक प्रशिक्षण, फायरिंग अवस्था का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप की अध्यक्षता कमांडेंट कर्नल एसके कौशिक ने की।

संयुक्त टीम में आपदा प्रबंधन डिप्टी कमिश्नर (सिविल डिफेंस) सृष्टि व पीओ पूनम दहिया ने कैडेट्स को आपदा प्रबंधन की बुनियादी अवधारणाओं से अवगत कराया। तथा उपाय व तैयारी करने सहित प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इसका उद्देश्य युवाओं को आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था। कैंप में कैडेट्स को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से आपदाओं के प्रभाव, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से समझाया गया।

# शहर में 4 वाटर कूलर लगाएगा रोटरी क्लब

## रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा हॉटल पार्क क्वीन में तीसरा क्लब अंसेबली समारोह

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 6 जनवरी।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित दिल्ली बाईपास पर स्थित हॉटल पार्क क्वीन में तीसरी क्लब अंसेबली समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्लब के प्रधान विजय तायल व मुख्य अतिथि एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन, सचिव नीतिन तायल ने की।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह के मुख्य अतिथि राजेश जैन, क्लब के प्रधान विजय तायल, सचिव नीतिन तायल, सी.ए. सुशील जैन, एसिसटैंट गर्वनर विनोद कुमार जैन, अजित पाल सिंह, नरेश जैन, विनय गोयल, सुभाष तायल, राजीव जैन ने गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अंसेबली समारोह का शुभारंभ किया। इसमे सदस्यों ने क्लब की गतिविधियों को लेकर चर्चा की और अगामी समय के प्रोजेक्ट को लेकर मंथन किया इस दौरान सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किये गये जिनको लेकर काफी समय से काम किया जा रहा है। पहला शहर में विभिन्न जगहों पर 4 वाटर कूलर लगाना इससे पहले क्लब के द्वारा 8 वॉटर कूलर स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं में लगवा चुक हैं और जनता को समर्पित कर चुके है। दूसरा प्रोजेक्ट 400 साईकिल जरूरतमंद बच्चों को सर्वे करके दी जायेगी। क्लब के द्वारा हैल्थ चैकअप कैंप, रक्तदान शिविर, स्कूलों में बच्चों को ड्रैस, स्टेशनरी, जूते आदि वितरित किए जाएंगे। मंच का संचालन विनय गोयल ने किया। क्लब के सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि को फूलों के बुके, पटका व माला देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल बंसल, कुलदीप गुप्ता, गौतम जैन, अनुराग जैन, राजीव बेरीवाल, दीपक गुप्ता, निकुंज, प्रदीप जैन, विजय गुप्ता, राजेश सिंहपुनिया, डा. बालकिशन सिंगला, पंकज भालोटिया, संजय गोयल, संदीप गुप्ता, सन्नी निझावन, शीतल, प्रमोद सिंहपुरिया, प्रदीप शर्मा, कमल गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# एसडीएम राजेश कुमार ने किया एग्रीस्टैक कैंपों का किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 6 जनवरी।** उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने एग्रीस्टैक के इंप्लीमेंटेशन के तहत गांव मताना, खैराती खेड़ा, दरियापुर व हिजरावां कलां में लगाए गए कैंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंपों में उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित गांवों के सरपंचों व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने गांवों में मुनादी करवाकर किसानों को एग्रीस्टैक के तहत आईडी बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि अधिक से अधिक किसान इस पहल से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगमता से मिलेगा। इसलिए आवश्यक है कि गांव स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए और किसानों की शंकाओं का समाधान मौके पर ही किया जाए, ताकि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंच सके।

# जयराम ठाकुर सरकार में किसान, बागबानी और पशुपालन को मिला ऐतिहासिक संबल : संजीव

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से उनके निवास स्थान पर भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सूद, मीडिया संयोजक कर्ण नंदा, सह मीडिया संयोजक रमा ठाकुर, प्यार सिंह कंवर एवं सुदीप महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने जयराम ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश में भाजपा सरकार ने किसानों, बागबानी, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल का किसान खुशहाली की ओर अग्रसर हुआ। संजीव कटवाल ने बताया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश सरकार द्वारा कृषि बजट में 40.65 प्रतिशत, बागबानी बजट में 85.27 प्रतिशत तथा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के बजट में 46.30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि की गई। ÷प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना÷ के अंतर्गत प्रदेश के 9.83 लाख किसानों को ?1532.38 करोड़ की राशि प्रदान की गई, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से 4.36 लाख किसानों को खेती के लिए अल्पकालिक ऋण उपलब्ध करवाया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत कुल 1,76,510 किसानों को कवर किया गया, जिससे प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों को सुरक्षा मिली।

संजीव कटवाल ने कहा कि चाय की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी गई तथा कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के अंतर्गत एंटी हेल नेट/जाल की खरीद पर 80 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जयराम ठाकुर सरकार के कार्यकाल में हिमाचल के लाहौल-स्पीति जैसे ठंडे एवं शुष्क क्षेत्रों में पहली बार हींग की खेती की शुरुआत की गई, जो किसानों के लिए आय का नया साधन बनी।



# सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 6 जनवरी।** उपायुक्त तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में स?क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भंडारी, एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, डीएसपी राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता लो. नि. वि. कुल्लू बीएस नेगी सहित शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई के अधिकारी तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चरणबद्ध तरीके से सुधारात्मक कार्य करने तथा ऐसे स्थलों पर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आवश्यक साइन बोर्ड, चेतावनी संकेत, ट्रैफिक लाइट्स, सीसीटीवी कैमरे तथा स्पीड कंट्रोल उपाय लागू करने के निर्देश दिये, ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। बैठक में विशेष रूप से अंधे मो?ों पर हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए वहां कन्वैक्स मिरर लगाने के निर्देश दिये।

# चेतन सिंह बरागटा के नेतृत्व में सेब उत्पादकों का शिमला में जोरदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** सेब उत्पादकों ने भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की किसान-विरोधी नीतियों, सेब एमआईएस योजना में कथित भारी अनियमितताओं, किसानों के उत्पीड़न और एचपीएमसी के गंभीर कुप्रबंधन के खिलाफ एचपीएमसी मुख्यालय, शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बागवानों ने एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उद्यान कार्ड होने के बावजूद किसानों से बार-बार राजस्व दस्तावेज मांगे गए, जबकि उद्यान कार्ड में बागवानी से जुड़ा संपूर्ण डेटा पहले से उपलब्ध है। इससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों, भुगतान में देरी और मानसिक तनाव झेलना पड़ा।

सेब उत्पादकों ने एचपीएमसी पर गंभीर कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि कई क्षेत्रों में कलेक्शन सेंटर समय पर नहीं खोले गए, दैनिक लिफ्टिंग की सीमा तय कर दी गई और सड़क सुविधा होने के बावजूद ट्रक नहीं भेजे गए। इसके कारण लगभग ?20 करोड़ मूल्य के सेब सड़ने का दावा किया गया।

प्रदर्शन के दौरान पर्यावरणीय खतरे का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। आरोप है कि सड़े हुए सेबों को निर्धारित प्रक्रिया और पर्यावरणीय आकलन के बिना डंप किया गया, जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा।

एमआईएस योजना को लेकर यह भी आरोप लगाया गया कि विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित ऑनलाइन मॉड्यूल को जानबूझकर लागू नहीं किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। आज तक न तो अंतिम खरीद आंकड़े सार्वजनिक किए गए हैं और न ही वास्तविक नुकसान की जानकारी दी गई है। भाजपा नेताओं ने बताया कि एचपीएमसी की वित्तीय स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। निगम के पास लगभग 4,000 मीट्रिक टन बिना बिका सेब जूस कंसंट्रेट पड़ा है, जिसकी अनुमानित कीमत ?48 करोड़ बताई गई, जबकि एचपीएमसी पहले से ही करीब ?80 करोड़ के घाटे में चल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा तस्करी के मामले में भगोड़ा काबू

**सोलन (यशपाल कपूर)।** जिला की परवाणू पुलिस के पीओ सेल को भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ में एक ब?ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने नशा तस्करी के एक पुराने मामले में लंबे समय से अदालत से गैर-हाजिर चल रहे भगोड़े अपराधी शिवम (27) को पंजाब के राजपुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी शिवम पुत्र अरुण कुमार मूल रूप से सोलन जिला की कंडाघाट तहसील के गांव सिल्हारी का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ परवाणू थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 और 269 के तहत नया मामला दर्ज कर लिया है और उसे आज माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले की पृष्ठभूमि 10 अप्रैल 2019 से जु?ी है। उस समय परवाणू पुलिस ने शिवम को उसके दो अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 78.14 ग्राम चूरापोस्त और 1.67 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने अदालत में चालान पेश किया था। मामले के ट्रायल के दौरान अदालत ने शिवम को बार-बार पेश होने के आदेश दिए, लेकिन वह लगातार गैर-हाजिर रहा। अदालती आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय न्यायालय ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस के अनुसार, भगोड़ा घोषित होने के बाद शिवम गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। परवाणू पुलिस की पीओ सेल काफी समय से उसकी तलाश में जुटी थी। आखिरकार, गुप्त सूचना और सतत निगरानी के आधार पर पुलिस को उसके पंजाब में छिपे होने का सुराग मिला। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 जनवरी 2026 को उसे राजपुरा (पंजाब) क्षेत्र से दबोच लिया। पुलिस मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में ला रही है।

# सीएम नायब सिंह सैनी 9 जनवरी को फरीदाबाद दौरे पर, सूरजकुंड में होगा प्री-बजट मंथन

**प्री-बजट मंथन कार्यक्रम की तैयारियों का डीसी आयुष सिन्हा ने लिया जायजा**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का 09 जनवरी को फरीदाबाद जिला दौरा प्रस्तावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस में आयोजित एक दिवसीय प्री-बजट मंथन कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने आज होटल राजहंस, सूरजकुंड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया जाएगा, जबकि द्वितीय सत्र में हेल्थ केयर सेक्टर से जुड़े प्रख्यात विशेषज्ञों एवं उद्यमियों के साथ परामर्श किया जाएगा। इस मंथन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से सुझाव लेकर राज्य के आगामी बजट को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने पर चर्चा की जाएगी। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम की मिनट-टू-मिनट योजना, सुरक्षा प्रबंध, लॉजिस्टिक्स तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं और किसी भी स्तर पर कोई चूक न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सुचारू यातायात प्रबंधन तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

निरिक्षण के दौरान एडीसी सतबीर मान, सीईओ जिला परिषद शिखा, एसडीएम ब?खल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभग? मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।

# संवैधानिक पद की गरिमा को तार-तार कर रहीं वर्तमान अध्यक्षा : डेजी ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा एवं वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेज़ी ठाकुर ने महिला आयोग की मौजूदा अध्यक्षा विद्या नेगी के आचरण पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि एक संवैधानिक पद पर बैठी महिला से जिस संवेदनशीलता, निष्पक्षता और गरिमा की अपेक्षा होती है, वह वर्तमान अध्यक्षा के आचरण में पूरी तरह नदारद है। डेज़ी ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला में एक बेटी की दर्दनाक मौत, जिसका कारण रैगिंग बताया जा रहा है, पूरे प्रदेश और देश के लिए गहरा आघात है। ऐसे संवेदनशील और पीड़ादायक मामले में राजनीति करना न केवल अमानवीय है, बल्कि महिला आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान की आत्मा पर भी प्रहार है। जहां एक ओर पूरा समाज पीड़िता और उसके परिवार के दुख में सहभागी है, वहीं दूसरी ओर महिला आयोग की अध्यक्षा इस दुख को भी राजनीतिक लाभ के लिए भुनाने में लगी हुई हैं।



डेज़ी ठाकुर ने विशेष तौर पर ऑल इंडिया महिला कांग्रेस के एक्स (ङ्ग) अकाउंट से साझा की गई उस फोटो पर सवाल उठाए, जिसमें पीड़िता के परिवार से मिलने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा इस फोटो को झूठा और भ्रामक बताया जाना अत्यंत गंभीर विषय है। यदि वास्तव में संवेदना होती, तो पहले पीड़ित परिवार से मिलकर उनका दुख साझा किया जाता, न कि सोशल मीडिया पर जल्दबाज़ी में फोटो डालकर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की जाती। उन्होंने कहा कि ÷महिला आयोग कोई राजनीतिक अखाड़ा नहीं है। यह एक संवैधानिक संस्था है, जिसका उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना है, न कि कांग्रेस पार्टी के प्रचार का मंच बनना।÷ एक पूर्व महिला आयोग अध्यक्षा होने के नाते डेज़ी ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि इस पद पर रहते हुए व्यक्तिगत या दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना संवैधानिक जिम्मेदारी होती है, जिसे वर्तमान अध्यक्षा पूरी तरह भूल चुकी हैं।

### नागरिकों को किया जाएगा फसली अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों बारे जागरूक

**फतेहाबाद, 6 जनवरी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 10 से 19 जनवरी तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वॉलिंटियर (पीएलवी) का शैड्यूल जारी किया गया है। इस अवधि के दौरान पैनल अधिवक्ता व पीएलवी नागरिकों को फसली अवशेष जलाने के दुष्प्रभावों बारे भी जागरूक करेंगे। 10 जनवरी को गांव अहलीसदर में अधिवक्ता सिद्धार्थ भोला व पीएलवी गुरजीत कौर, 11 को गांव भड़ोलावाली में अधिवक्ता संजीव कुमार व पीएलवी राज बाला फसली अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगे।

# पलवल के ताइक्वांडो खिलाड़ियों का हरियाणा स्टेट स्टेयर्स यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** सोनीपत में आयोजित दो दिवसीय द्वितीय हरियाणा स्टेट स्टेयर्स यूथ ताइक्वांडो गेम्स 2025-26 में पलवल ज़िले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस प्रतियोगिता में दक्ष ने स्वर्ण पदक, ध्रुव ने कांस्य पदक, जबकि 25 किलोग्राम भार वर्ग में जसवंत ने रजत पदक हासिल किया। उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में 25 किलोग्राम भार वर्ग के खिलाड़ी जसवंत का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों को कोच ललित बेनीवाल के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। सभी खिलाड़ी एस.आर. इंटरनेशनल स्कूल से हैं और क्लब मास्टर स्पोर्ट्स क्लब, जिला पलवल का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों एवं कोच ललित बेनीवाल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंतिम सांस तक प्रदेश और देश की करते रहेंगे सेवा : जयराम ठाकुर

## जयराम ठाकुर के 61वें जन्मदिन पर भावनाओं का सैलाब, प्रदेशभर से उमड़ा स्नेह, लगा बधाइयों का तांता

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** आज प्रदेश के एवं पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के 61वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे प्रदेश में उत्साह, स्नेह और शुभकामनाओं का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। जन्मदिन पर प्रदेशभर से लोगों द्वारा बधाई देने का तांता लगा रहा। लोगों ने उन्हें जी भरकर दुआ दी और भरपूर प्रेम और भावनाएं प्रकट की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों, वर्तमान जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों एवं अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने भी जयराम ठाकुर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

हजारों की संख्या में लोग उनके आधिकारिक आवास पर पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते नजर आए। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों एवं शक्तिपीठों में उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन के लिए उनके समर्थकों एवं प्रशंसकों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना करवाई गई।

जयराम ठाकुर ने अपने जन्मदिन की शुरुआत भी पूजा-अर्चना के उपरांत बजरंगबली के प्रसिद्ध जाखू मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। जन्मदिन के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जहां विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। पारंपरिक नाटियों और लोकगीतों पर आगंतुकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की और पूरा वातावरण उल्लास से भर उठा। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेशवासियों से मिल रहे अपार प्रेम और शुभकामनाओं से वे अत्यंत अभिभूत हैं। उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह विश्वास और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि वे अपनी अंतिम सांस तक प्रदेश और देश की सेवा, तथा आमजन के हितों के लिए समर्पित रहेंगे। इस मौके पर हिमाचल सरकार के मंत्री जगत नेगी, विधायक सुखराम चौधरी, बलबीर वर्मा, विनोद कुमार, दीपराज, लोकेंद्र कुमार, रीना कश्यप, पूर्ण चंद्र ठाकुर, इंद्र सिंह गांधी, जनकराज, दलीप ठाकुर, आशीष शर्मा और पूर्व विधायक सुरेश भारद्वाज, रवि ठाकुर, नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर, लखविंदर राणा,परमजीत पम्मी, अर्जुन ठाकुर, बलदेव तोमर, हीरालाल समेत भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता आमजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## अबू सलेम ने मांगी इमरजेंसी परोल

मुंबई (एजेंसी)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को बार-बार मिल रही परोल को लेकर मचे बवाल के बीच अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम ने भी इमरजेंसी परोल की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। राम रहीम रेप और हत्या के मामले में 20 साल की जेल और उम्रकैद की दोहरी सजा काट रहा है। उसे 8 साल में 15वीं बार परोल मिली है। वहीं अबू सलेम 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट और बिल्डर की हत्या का दोषी है। गैंगस्टर अबू सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत के बाद परिवार से मिलने और अंतिम संस्कार की रस्में अदा करने के लिए इमरजेंसी परोल की मांग की है। उसने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) जाने की अनुमति मांगी गई है। सलेम के बड़े भाई अबू हाकिम अंसारी का 14 नवंबर 2025 को निधन हो गया था। सलेम ने उन्हें पिता तुल्य बताया है। अबू सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत के बाद इमरजेंसी परोल मांगी है, ताकि 40वें दिन की रस्में, कुरान ख्वानी, कब्रिस्तान पर दुआ और परिवार से मिल सके।

## महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने माफी मांगी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर अपनी टिप्पणी को लेकर उनके बेटों से माफी मांगी है। रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा कि मेरी टिप्पणी राजनीतिक मकसद से नहीं थी।अगर इससे दिवंगत नेता के बेटे की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह उनसे माफी मांगते हैं। दरअसल, रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को लातूर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपका (कार्यकर्ताओं का) उत्साह देखकर मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि विलासराव देशमुख की यादें इस शहर से मिट जाएंगी। विलासराव के बड़े बेटे और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि किसी बाहरी व्यक्ति के कहने से उनके पिता की यादें नहीं मिट सकतीं।

## मणिपुर में 3 घंटे में दो आईईडी ब्लास्ट

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर सरकार ने बिष्णुपुर जिले में लगातार दो धमाकों की घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। सोमवार को हुए इन ब्लास्ट में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए थे। ये धमाके स्थानीय स्तर पर बनाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से किए गए थे। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) और बिष्णुपुर जिले के पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने के लिए धमाके वाली जगहों का दौरा किया। घटना में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी रहा। मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से इस घर का परिवार फिलहाल केइबुल लामजाओ के एक रिलीफ कैंप में रह रहा है। पहला धमाका होने के बाद जब गांव वाले मौके पर जमा हुए, तो करीब 200 मीटर दूर पर 8-45 बजे दूसरा ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में दो लोग घायल हो गए।

## कोर्ट-ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।

## मानहानि मामले में नोटिस जारी होने पर बोले प्रियांक खरगे

### -देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है आरएसएस

बंगलूरू (एजेंसी)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मंगलवार को आरएसएस को देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बताया। प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ दायर कानूनी मामले संगठन के बारे में उनकी ओर से उठाए गए सवालों की प्रतिक्रिया हैं। प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक अखबार का लेख साझा किया, जिसमें बताया गया था कि एक आरएसएस सदस्य की ओर से दायर मानहानि की शिकायत के मामले में एक विशेष अदालत ने उन्हें और राज्य के साथी मंत्री दिनेश गुंडू राव को नोटिस जारी किया है। अपने पोस्ट में खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि संगठन अपने स्वयंसेवकों के चंदे से चलता है। इस दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों का समूह अपने कठपुतलियों का इस्तेमाल करके हमारे खिलाफ मामले दर्ज करवा रहा है, सिर्फ इसलिए कि हम आरएसएस पर जायज सवाल उठा रहे हैं। आरएसएस राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के दिए गए दान से चलता है। हालांकि, इस दावे के संबंध में कई जायज सवाल उठते हैं- ये स्वयंसेवक कौन हैं और इनकी पहचान कैसे होती है? दिए गए दान का पैमाना और स्वरूप क्या है? ये दान किन तरीकों या माध्यमों से प्राप्त होते हैं?

## सुल्तानपुर कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में जिरह पूरी, अगली सुनवाई 19 जनवरी तय

सुलतानपुर (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध चल रहे मुकदमे में मंगलवार को निर्धारित सुनवाई हुई। अदालत में परिवादी पक्ष के गवाह रामचंद्र दूबे से बचाव पक्ष द्वारा जिरह पूरी कर ली गई। परिवादी भाजपा नेता एवं कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि परिवादी के गवाह से जिरह पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद न्यायालय ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 19 जनवरी की तिथि नियत की है।

# असम में प्रियंका गांधी वाड्रा को कमान देना... सीएम सरमा के लिए एक बड़ी चुनौती मान रही कांग्रेस

### सरमा के प्रभाव वाले कांग्रेसियों का असर होगा बेअसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि असम में एक निष्क्रिय आंतरिक नेटवर्क, इस पार्टी संभावित स्लीपर सेल कहती है, वे अभी भी सक्रिय है। वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, जो कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए, अमस में कांग्रेस ढांचे के भीतर कुछ व्यक्तियों पर अपना प्रभाव बनाए हुए हैं। कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की अधिक सक्रिय भागीदारी इस प्रभाव को बेअसर करने में मददगार साबित होगी।

बीते असम विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे काफी सक्रिय रहीं, हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान वे सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आईं। तब कांग्रेस नेता भूपेश बघेल राज्य के वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का मानना ??है कि प्रियंका का सशक्त नेतृत्व, रणनीतिक स्पष्टता और कार्यकर्ताओं से जुड़ने की



क्षमता संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने और शर्मा के जाने के बाद बचे किसी भी अप्रत्यक्ष प्रभाव का मुकाबला करने में सहायक हो सकती है।

पार्टी का असम पर दुबारा ध्यान केंद्रित करना स्पष्ट राजनीतिक गणनाओं से प्रेरित है। पश्चिम बंगाल, जहाँ कांग्रेस का कोई मजबूत संगठनात्मक आधार नहीं है, या तमिलनाडु, जहाँ वह एक कनिष्ठ सहयोगी बनी हुई है, के विपरीत, पार्टी नेताओं के अनुसार, असम कांग्रेस को वापसी का मौका देता है। प्रियंका गांधी केरल में संगठनात्मक जिम्मेदारी भी नहीं ले सकतीं, क्योंकि आंतरिक नियमों के अनुसार नेता उन राज्यों में पद धारण नहीं कर सकते जहाँ से वे सांसद हैं, क्योंकि इससे निहित स्वार्थों की आशंका पैदा हो सकती है। इन सीमाओं को देखते हुए, असम प्रियंका गांधी के लिए कमान संभालने और राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्र के रूप में उभरा है।

कांग्रेस नेताओं का मानना है कि प्रियंका की उपस्थिति से पार्टी को एक मजबूत छवि बनाने, लगातार सुर्खियों में बने रहने और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने में मदद मिलेगी। उनकी भागीदारी से असम में सत्ता पुनः प्राप्त करने के प्रति पार्टी की गंभीरता का संकेत मिलेगा और गठबंधन सहयोगियों को भी गति मिलेगी। पिछले विधानसभा चुनावों में, महाजोत गठबंधन को 43.68 प्रतिशत वोट मिले, जबकि एनडीए को 44.51 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। एनडीए ने 75 सीटें जीतीं, जबकि महाजोत को 50 सीटें मिलीं।

## सोनिया गांधी फिर अस्पताल में भर्ती, चेस्ट फिजिशियन की देखरेख में रखा

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को फिर दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और वह बेहतर महसूस कर रही हैं। उन्हें चेस्ट फिजिशियन की देखरेख में रखा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें नियमित जांच और निगरानी के लिए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है और चिंता की कोई बात नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल के सूत्र ने बताया कि नियमित जांच के तहत उन्हें भर्ती कराया



गया है। सोनिया गांधी को खांसी की समस्या है और वह समय-समय पर, खासकर शहर में प्रदूषण के कारण जांच के लिए आती रहती हैं। सोनिया गांधी ने दिसंबर 2025 में ही अपना 79वां जन्मदिन मनाया था। सोनिया गांधी को हाल के सालों में स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है। कुछ महीने पहले, उन्हें पेट की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फरवरी में उन्हें एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, इस दौरान वह गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्पेशलिस्ट की देखरेख में रही थीं। इससे पहले 19 जून को सोनिया गांधी को पेट की बीमारी के इलाज के बाद दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। 79 साल की सीनियर नेता को 15 जून को पेट में इन्फेक्शन से जुड़ी शिकायतों के बाद भर्ती कराया गया था। 7 जून को भी कांग्रेस नेता हिमाचल प्रदेश के शिमला में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल गई थीं, उन्हें कुछ मामूली स्वास्थ्य समस्याओं के कारण रूटीन हेल्थ चेक-अप के लिए लाया गया था, यह जानकारी हिमाचल प्रदेश के सीएम के प्रिंसिपल एडवाइजर ने दी थी। सितंबर 2022 में सोनिया गांधी मेडिकल चेक-अप के लिए यूनाइटेड स्टेट्स गई थीं, यह दौरा कोविड-19 महामारी के कारण टाल दिया गया था। उस यात्रा के दौरान उनके साथ उनके बेटे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी थे।

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे ने बढ़ाई आफत, विमान सेवाएं प्रभावित, इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में एक-दो दिनों की मामूली राहत के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) मंगलवार सुबह से ही घने कोहरे और स्मॉग की एक सफेद मोटी चादर में लिपटा नजर आ रहा है। इस भीषण धुंध के कारण न केवल सड़कों पर रफ्तार धीमी हुई है, बल्कि विमान सेवाओं पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है। कम दृश्यता (विजिबिलिटी) के चलते दर्जनों उड़ानें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, जबकि कई फ्लाइट्स को ऐन वक्त पर रद्द करना पड़ा है। कोहरे की मार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में विजिबिलिटी शून्य के करीब पहुंच गई है। दिल्ली के साथ-साथ मुंबई और गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों से आने-जाने वाली विमानन सेवाएं भी इस मौसमी बदलाव की चपेट में हैं। खराब मौसम के कारण हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हजारों यात्री टर्मिनल पर फंसे हुए हैं। बिगड़ते हालात को देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना साझा की है। प्रशासन के अनुसार, एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन कैट-3 सिस्टम के तहत संचालित किए जा रहे हैं। हालांकि अराइवल और डिपार्चर की प्रक्रिया जारी है, लेकिन कम विजिबिलिटी के कारण उड़ानों में देरी या अचानक बदलाव की पूरी संभावना बनी हुई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइंस के माध्यम से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। निजी एयरलाइंस कंपनियों ने भी अपने यात्रियों को अलर्ट करना शुरू कर दिया है। इंडिगो और स्पाइसजेट सहित अन्य विमानन कंपनियों ने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों से अपील की है कि वे घर से निकलने से पहले वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करें। एयरलाइंस का कहना है कि वे यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तर भारत में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड का यह दौर अभी कुछ दिनों तक जारी रह सकता है।

# कर्नाटक सरकार में नेतृत्व संकट पर सस्पेंस बरकरार, सिद्धरमैया चाहते हैं मंत्रिमंडल विस्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस में लंबे समय से चला आ रहा नेतृत्व विवाद 2026 की शुरुआत में भी पूरी तरह समाप्त होता नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के 15 जनवरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जाकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने की संभावना है। इस प्रस्तावित बैठक को लेकर राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सिद्धारमैया मंत्रिमंडल विस्तार के प्रस्ताव पर आलाकमान की मुहर चाहते हैं ताकि वो ही पांच साल सीएम रहेंगे इसकी मैसेजिंग साफ हो जाए जबकि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस बात पर अड़े हैं कि ढाई ढाई साल सीएम के कथित फार्मूले पर आलाकमान पहले अंतिम फैसला करे। विदित हो सिद्धारमैया के बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरा होने के बाद से ही उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने दिल्ली पर लगातार दबाव बनाया हुआ है इससे कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में सबकुछ ठीक चल रहा, ऐसा नहीं कहा जा सकता।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में होने वाली बातचीत में मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा हो सकती है, वहीं नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा भी उठने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अब तक किसी औपचारिक एजेंडे की घोषणा नहीं की गई है।



कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मंत्रिमंडल में बदलाव के पक्ष में हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार चाहते हैं कि पहले पार्टी नेतृत्व के सवाल पर स्पष्ट निर्णय लिया जाए। इसी मतभेद ने पार्टी के भीतर बहस को और तेज कर दिया है। बीते कुछ महीनों में जो चर्चा केवल अंदरूनी बैठकों तक सीमित थी, वह अब सार्वजनिक मंचों पर भी दिखने लगी है। राज्य के कई हिस्सों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नेतृत्व पर स्पष्टता की मांग की है। इन प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने डीके शिवकुमार के समर्थन में नारे लगाए और उन्हें मजबूत संगठनकर्ता तथा जमीनी नेता बताया। पार्टी के अंदर यह धारणा भी मजबूत हो रही है कि डीके शिवकुमार को संगठन और कैडर के बीच व्यापक समर्थन प्राप्त है। वहीं, कई वरिष्ठ नेताओं ने यह भी कहा है कि वे केंद्रीय नेतृत्व के किसी भी फैसले का समर्थन करेंगे और अंतिम निर्णय हाईकमान का ही होगा।

सार्वजनिक तौर पर सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ही एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। दोनों नेताओं ने कहा है कि पार्टी जो भी फैसला करेगी, वे उसे स्वीकार करेंगे। संयुक्त कार्यक्रमों और बैठकों के जरिए स्थिरता का संदेश देने की कोशिश भी की जा रही है।इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा, लेकिन मध्य जनवरी से पहले किसी बड़े फैसले की संभावना कम बताई जा रही है। हाल ही में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी कुछ नेताओं ने नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा उठाया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में होने वाली आगामी बैठकें बेहद अहम होंगी। यदि केंद्रीय नेतृत्व स्पष्ट दिशा देता है तो कर्नाटक कांग्रेस फिर से शासन और विकास के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी, जो पार्टी की 2026 की व्यापक राजनीतिक रणनीति के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। फिलहाल, कर्नाटक कांग्रेस में दोनों खेमे हाईकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और पूरे राज्य की निगाहें दिल्ली पर टिकी हुई है।

# पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में 80 नए चेहरों को टिकट देने के बयान मची हलचल

### – राजा वड़िंग के बयान के बाद पार्टी के युवा नेता खुलकर समर्थन में आए

**लुधियाना (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के बीच प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने बड़ा राजनीतिक दांव चलते हुए पार्टी में नई बहस छेड़ दी है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर 80 नए चेहरों को टिकट देने के उनके बयान ने जहां युवा और महिला नेताओं में नई उम्मीद जगाई है, वहीं पार्टी के कई दिग्गज नेताओं की बेचैनी बढ़ा दी है। राजा वड़िंग के बयान के बाद पार्टी के युवा नेता खुलकर उनके समर्थन में सामने आ गए हैं। युवाओं का मानना है कि कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। सोशल मीडिया पर भी राजा वड़िंग के समर्थन में लगातार पोस्ट सामने आ रही हैं, जहां इस पहल को राहुल गांधी की सोच से जोड़कर देखा जा रहा है।



पंजाब यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहित मोहिंद्रा ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा युवाओं को राजनीति में अवसर देने की बात करते रहे हैं और अब राजा वड़िंग ने उसी सोच को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कई युवा इस वजह से राजनीति से दूरी बनाए हुए थे कि उन्हें कभी मौका नहीं मिलेगा, लेकिन इस तरह के फैसलों से युवाओं का भरोसा बढ़ेगा। मोहिंद्रा ने कहा कि जब युवा राजनीति में आएंगे और उन्हें विधायक बनने का अवसर मिलेगा, तो पंजाब की राजनीति नए विचारों और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी।

पंजाब महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुरशरण कौर रंधावा ने कहा कि पार्टी में कई पढ़ी-लिखी और मेहनती महिलाएं हैं, जिन्हें अब तक पर्याप्त अवसर नहीं मिला है। राजा वड़िंग के बयान से महिलाओं में भी उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं योग्य होंगी, उनके लिए महिला कांग्रेस टिकट की मांग करेगी।

राजा वड़िंग के बयान के बाद कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं में असंतोष देखा जा रहा है। पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज है कि कहीं यह बयान राहुल गांधी के इशारे पर तो नहीं दिया गया। हालांकि कई सीनियर नेता इस फैसले से सहमत नहीं हैं। पंजाब विधानसभा की कुल 117 सीटों में से यदि 80 सीटें नए चेहरों को दी जाती हैं, तो पुराने नेताओं के लिए केवल 37 सीटें ही बचेंगी। इनमें कांग्रेस के 15 मौजूदा विधायक शामिल हैं। इसके अलावा सांसद राजा वड़िंग, चरणजीत सिंह चन्नी और सुखजिंदर सिंह रंधावा भी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। कुल मिलाकर, राजा वड़िंग का यह बयान पंजाब कांग्रेस में नई सियासी हलचल का कारण बन गया है, जिसका असर आने वाले दिनों में पार्टी की अंदरूनी राजनीति पर साफ नजर आ सकता है।

# एसआईआर को लेकर सीएम ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट में खुद करेंगी पैरवी!

### बोलीं-प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और मनमानी से कई लोगों की हो चुकी है मौत

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्य में एसआईआर के कारण लोगों को हो रही परेशानी के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती हैं, क्योंकि उन्होंने विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग के साथ अपना टकराव और तेज कर दिया है। ममता ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम कानूनी सहायता ले रहे हैं। बहुत से लोग मारे गए हैं। लोगों को परेशान किया जा रहा है। कल जब अदालतें खुलेंगी, तो हम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट में खुद पैरवी करने की अनुमति मांगूंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी



के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हम एसआईआर के कारण हुए अमानवीय व्यवहार और इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करेंगे। यदि अनुमति मिली तो मैं भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर एक आम नागरिक के रूप में इस अमानवीय प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाऊंगी। मैं एक प्रशिक्षित वकील भी हूं। हालांकि, बनर्जी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि याचिका वह दायर करेंगी।

ममता ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को मनमाने ढंग से हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। उन्होंने दावा किया कि गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्गों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया जा रहा कि वे वैध मतदाता हैं। सीएम ने सवाल किया कि अगर कोई बीजेपी नेताओं के बूढ़े माता-पिता को पहचान साबित करने के लिए लाइन में खड़ा कर दे तो उन्हें कैसा लगेगा? जब से एसआईआर शुरू हुआ है, डर से कई लोगों की मौत हो चुकी है। बनर्जी ने बीजेपी शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया।

# भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा मजबूत: 75 प्रतिशत हिस्से में लगी नई डिजाइन वाली अभेद्य बाड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को चरम स्तर पर पहुंचा दिया गया है। विशेष रूप से सामरिक रूप से अत्यंत संवेदनशील चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने बड़े पैमाने पर कदम उठाए हैं। इस रणनीतिक गलियारे के लगभग 75 प्रतिशत इलाके में अब नई डिजाइन की सीमा बाड़ स्थापित कर दी गई है, जो घुसपैठ और तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

करीब 12 फीट ऊंची यह विशेष बाड़ तकनीक और मजबूती का बेजोड़ संगम है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे काटना या पार करना लगभग नामुमकिन है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, पुरानी बाड़ के मुकाबले इसे क्षति पहुँचाने में कई मिनटों का समय लगता है, जिससे सुरक्षा बलों को त्वरित प्रतिक्रिया देने का पर्याप्त समय मिल जाता है। चिकन नेक क्षेत्र भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संकरा गलियारा शेष भारत को उत्तर-पूर्वी राज्यों से जोड़ता है। इसकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक पूरे पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी को प्रभावित कर सकती है, यही कारण है कि यहाँ तकनीक और मानव संसाधन दोनों का समन्वय कर एक स्मार्ट बॉर्डर विकसित की जा रही है।

फिजिकल फेंसिंग के अलावा, सीमा की निगरानी के लिए अत्याधुनिक पैन-टिल्ट-जूम कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे दिन और रात के समय रीयल-टाइम लाइव फीड प्रदान करते हैं, जिससे नियंत्रण कक्ष में बैठे अधिकारी हर छोटी हलचल पर नजर रख पाते हैं। साथ ही, एरिया डोमिनेशन प्लान के तहत सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। अब सुरक्षा दल न केवल सीमा रेखा पर तैनात रहते हैं, बल्कि तस्करी की कड़ियों को तोड़ने के लिए भारतीय क्षेत्र के भीतर कई किलोमीटर तक छापेमारी कर रहे हैं। विशेष रूप से मवेशी तस्करी के उन अड्डों को निशाना बनाया जा रहा है, जहाँ सीमा पार ले जाने से पहले सामान इकट्ठा किया जाता है।

सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। सुरक्षा बल अब संदिग्ध तस्करों और बिचौलियों के परिवारों के पास जाकर उन्हें अवैध गतिविधियों के कानूनी और सामाजिक परिणामों के बारे में शिक्षित कर रहे हैं। इस जन-भागीदारी और विश्वास-निर्माण के उपायों का परिणाम यह हुआ है कि पिछले एक वर्ष में मवेशी और मानव तस्करी की घटनाओं में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन बांग्लादेशी नागरिकों को, जो अनजाने में सीमा पार कर आए थे, पूरी जांच और फिंगरप्रिंट रिकॉर्डिंग के बाद फ्लैग मीटिंग के जरिए वापस उनके देश के सीमा प्रहरियों को सौंपा गया है।

आंकड़ों की बात करें तो जनवरी 2025 से अब तक सीमा पर चलाए गए अभियानों में लगभग 8.5 करोड़ रुपये मूल्य के मवेशी, सोना, चांदी, वन्यजीव उत्पाद



और हथियार जब्त किए गए हैं। इस अवधि में कुल 440 बांग्लादेशी और 152 भारतीय नागरिकों सहित कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों का स्पष्ट संदेश है कि आने वाले समय में बाड़ के दायरे को शत-प्रतिशत तक ले जाया जाएगा और तकनीकी निगरानी को और अधिक सशक्त किया जाएगा, ताकि देश की इस लाइफलाइन की सुरक्षा में कोई सेंध न लगा सके।

# आईआरईएफ ने बजट में चावल निर्यात को बढ़ावा देने मांगा प्रोत्साहन

**- निर्यात ऋण पर 4 फीसदी ब्याज सब्सिडी और माल ढुलाई के लिए 3 फीसदी समर्थन की सिफारिश**

**नई दिल्ली।**

भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से 2026-27 के केंद्रीय बजट में निर्यातकों के लिए विशेष वित्तीय प्रोत्साहनों की मांग की है। संघ ने निर्यात ऋण पर 4 फीसदी ब्याज सब्सिडी और सड़क एवं रेल माल ढुलाई के लिए 3 फीसदी समर्थन की सिफारिश की। इसके अलावा रोडटेप के तहत शुल्क और कर माफी योजनाओं को समय पर वितरित करने का आग्रह किया गया, ताकि निर्यातकों की लागत कम हो और मूल्य प्रतिस्पर्धा मजबूत रहे। आईआरईएफ ने जल-बचत और कम उत्सर्जन वाली पद्धतियों जैसे एडब्ल्यूडी, डीएसआर लेजर लेवलिंग और ऊर्जा-कुशल मिलिंग के लिए कर और निवेश प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव रखा। ये उपाय टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ किसानों के परिणामों में सुधार करेंगे। संघ ने किसानों को प्रीमियम बासमती, जीआई/जैविक और विशेष गैर-बासमती चावल की खेती की ओर प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दबाव कम होगा और उच्च मूल्य वाली किस्मों का उत्पादन बढ़ेगा।



आईआरईएफ ने कहा कि कुछ चावल किस्मों पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क के कारण पुराने शुल्क दावों में विसंगतियां उत्पन्न हुई हैं। संघ ने इन दावों की एकमुश्त छूट की मांग की और क्षेत्रीय अधिकारियों और निर्यातकों के बीच व्याख्या की असंगतियों को दूर करने का आग्रह किया। आईआरईएफ के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारत वैश्विक चावल व्यापार में लगभग 40 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 170 से अधिक देशों को लगभग 2.01 करोड़ टन चावल निर्यात किया। निर्यात किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार और देश की आर्थिक मजबूती में योगदान देता है।

# तेल की कीमतों में गिरावट से भारत को मिलेगा बड़ा आर्थिक लाभ

**- पांच रुपए सस्ता हो सकता है पेट्रोल और डीजल**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। एसबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अगले छह महीनों में तेल की कीमतें 50 डॉलर प्रति बैरल तक गिर सकती हैं। अगर ऐसा होता है, तो इसका भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर होगा।

अमेरिकी क्रूड फिलहाल 60 डॉलर और ब्रेंट क्रूड 61 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अमेरिकी क्रूड में लगभग 14 फीसदी और ब्रेंट क्रूड में लगभग 19 फीसदी तक की गिरावट हो सकती है। एसबीआई के अनुसार, जून 2026 तक कच्चा तेल 50 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकता है। तेल की कीमतों में गिरावट भारत के लिए कई मोर्चों पर फायदेमंद हो सकता है जैसे- सीपीआई आधारित महंगाई 3.4 फीसदी से नीचे रह सकती है। ईंधन की कीमतें 5 रुपए प्रति लीटर तक घट सकती हैं। आयात बिल घटने से अरबों डॉलर की बचत होगी।

तेल में 14 फीसदी गिरावट से रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 3 फीसदी मजबूत होकर 87.5 रूपए तक जा सकता है। कम ऊर्जा लागत से जीडीपी में 0.1-0.15 फीसदी तक इजाफा संभव है।

# एलन मस्क बने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

**– नेटवर्थ 644 अरब डॉलर तक पहुंची**



**नई दिल्ली ।**

साल 2026 में भी एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की कुल संपत्ति 644 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। हालिया आंकड़ों में उनकी नेटवर्थ में 32.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे उनकी शीर्ष पोजिशन और मजबूत हुई है। दूसरे स्थान पर गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज हैं, जिनकी कुल संपत्ति 272 अरब डॉलर है और उन्हें 1.40 अरब डॉलर का लाभ हुआ है। अमेज़न के संस्थापक जेफ बेजोस तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनकी नेटवर्थ 255 अरब डॉलर है और हाल में उन्हें 5.89 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। सर्गेई ब्रिन 253 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। लैरी एलिसन पांचवें स्थान पर हैं, लेकिन उनकी संपत्ति में 2.36 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। छठे नंबर पर मार्क जुकरबर्ग हैं, जिनकी नेटवर्थ 233 अरब डॉलर हो गई है, इसमें 2.90 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। बर्नार्ड अर्नॉल्ट (207 अरब), स्टीव बॉलमर (165 अरब), जेनसन हुआंग (156 अरब) और वॉरेन बफेट (150 अरब) क्रमशः सातवें से दसवें स्थान पर हैं। भारत के सबसे अमीर मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 18वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 108 अरब डॉलर है, लेकिन हाल में इसमें 1.04 अरब डॉलर की गिरावट हुई। वहीं गौतम अडानी 20वें स्थान पर हैं, उनकी कुल संपत्ति 85.7 अरब डॉलर है और उन्हें 607 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

# भारत कोकिंग कोल का आईपीओ 1,071 करोड़ रुपए का होगा

**दिल्ली ।**

कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने बताया कि उसका आगामी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 1,071 करोड़ रुपए का होगा। इसके लिए शेयर मूल्य दायरा 21 से 23 रुपए तय किया गया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का कुल मूल्यांकन 10,700 करोड़ रुपए आंका गया है। आईपीओ में कुल 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर पेश किए जाएंगे। यह केवल विक्रय प्रस्ताव (ओएफएस) है, यानी नए शेयर जारी नहीं किए गए हैं। एंजेल यानी बड़े निवेशक 8 जनवरी को बोली लगाएंगे। आईपीओ 9 जनवरी को खुलेगा और 13 जनवरी को बंद होगा। शेयरों की सूचीबद्धता 16 जनवरी को शेयर बाजार में होगी। यह वर्ष 2026 का पहला आईपीओ है और निवेशकों को कोल इंडिया की इस इकाई में हिस्सेदारी लेने का मौका देगा।




# सोना 1.38 लाख और चांदी 2.49 लाख रुपए करीब

**- अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोना-चांदी की चमक बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत मंगलवार को तेजी के साथ हुई। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में मजबूती देखने को मिल रही है। निवेशकों की बढ़ती रुचि और वैश्विक संकेतों के चलते सोना-चांदी के भाव ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत 546 रुपये की तेजी के साथ 1,38,666 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुई। पिछला बंद भाव 1,38,120 रुपये था। इस समय सोने का यह कॉन्ट्रैक्ट 458 रुपये की तेजी के साथ 1,38,578 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,38,776 रुपये का दिन का उच्च स्तर और 1,35,451 रुपये का निचला स्तर छुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सोने ने 1,40,465 रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया था। चांदी के वायदा भावों में भी मजबूती देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी के मार्च कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत 4,295 रुपये की तेजी के साथ 2,50,450 रुपये प्रति किलो पर हुई। पिछला बंद भाव 2,46,155 रुपये था। इस समय चांदी 3,096 रुपये की तेजी के साथ 2,49,251 रुपये पर कारोबार कर रही थी। दिन के दौरान चांदी ने 2,50,723 रुपये का उच्च और 2,48,588 रुपये का निचला स्तर छुआ। पिछले साल चांदी ने 2,54,174 रुपये प्रति किलो का रिकॉर्ड उच्च स्तर बनाया था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोना-चांदी की चमक बरकरार रही। कॉमेक्स पर सोना 4,459.80 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में 17.70 डॉलर की तेजी के साथ 4,469.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। वहीं चांदी के वायदा भाव 76.53 डॉलर प्रति औंस पर खुले और खबर लिखे जाने तक 1.25 डॉलर की बढ़त के साथ 77.91 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए।



## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 14 पैसे की तेजी के साथ ही 90.16 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 90.12 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर में कमजोरी और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भारत पर शुल्क संबंधी टिप्पणियाँ, विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के कारण रुपे की तेजी पूरी तरह नहीं हो सकी। सोमवार को रुपया लगातार चौथे दिन कमजोर हुआ और 10 पैसे टूटकर 90.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और डॉलर में मजबूती इसका मुख्य कारण रहे। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी बढ़कर 98.21 पर रहा।





## नए साल में 2 नए ताप विद्युत ने बनाए नए रिकार्ड

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के दो ताप विद्युत गृहों ने नए वर्ष की शुरुआत में ही नए रिकार्ड बनाए हैं। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस वित्तीय वर्ष में जहां दूसरी बार लगातार 100 दिन तक विद्युत उदत्पादन किया, वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट ने बिना ट्रिपिंग और ज़ीरो तेल की खपत के एक कैलेंडर वर्ष पूर्ण कर लिए। यह यूनिट 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक निर्बाध रूप से संचालित रही। वर्तमान में इस यूनिट ने लगातार संचालन के 462 दिन पूर्ण कर लिए। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 4 एमपीपीजीसीएल की 11 वीं यूनिट है जिसने 100 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है।

**ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई.......**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने बिरसिंगपुर व चचाई के अर्भा यंताओं व तकनीकी कार्मिकों को इस उपलर्ब्धा हासिल करने के लिए बधाई दी है।

## भारतीय बैंकों का मुनाफा तीसरी तिमाही में बढ़ने के संकेत

**मुंबई ।** एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में बैंकों का मुनाफा सालाना आधार पर बढ़ सकता है। यह लोन ग्रोथ, अधिक फीस इनकम और कम क्रेडिट लागत के कारण संभव होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीसरी तिमाही में एनआईएम स्थिर रह सकता है। चौथी तिमाही में थोड़ा दबाव आ सकता है, लेकिन इसके बाद इसमें सुधार होने की संभावना है। बैंक ने बचत और सावधि जमा पर ब्याज दरें घटा दी हैं। बचत खातों पर असर तुरंत दिखा, जबकि सावधि जमा पर लाभ अगले तिमाही में स्पष्ट होगा। जमा लागत कम होने और असुरक्षित लोन में सामान्य स्लीपेज के कारण क्रेडिट लागत घटने की उम्मीद है। मौसमी कृषि उतार-चढ़ाव को छोड़कर अधिकांश बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता स्थिर है। तीसरी तिमाही में सुधार रुझान देखने को मिल सकते हैं। तीसरी तिमाही में बैंकों के मुनाफे में सुधार देखने को मिल सकता है। लोन ग्रोथ मजबूत है, फीस आय बढ़ी है, और क्रेडिट लागत कम होने से लाभ में सुधार संभावित है।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में एमटेक ग्रुप के पूर्व चेयरपर्सन को जमानत

**- दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त 2024 को धाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी**

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने 27,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में एमटेक ग्रुप के पूर्व चेयरपर्सन अरविंद धाम को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द किया था, जिसमें पहले धाम को जमानत देने से इनकार किया गया था। न्यायमूर्ति आराधे ने कहा कि अदालत ने धाम की अपील स्वीकार कर ली है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त 2024 को धाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने कहा था कि समय से पहले रिहाई जांच की जवाबदेही कमजोर कर सकती है। ईडी ने एमटेक ऑटो, एआरजी लिमिटेड, एसीआईएल लिमिटेड, मेटलिस्ट फोर्जिंग लिमिटेड, कास्टेक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और अरविंद धाम समेत अन्य के खिलाफ धन शोधन रोधी कार्रवाई की। दिवालिया कंपनियों की 550 करोड़ रुपये से अधिक संपत्तियों को अस्थायी जब्त किया गया और सितंबर 2024 में 5,115.31 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की गईं। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर 27 फरवरी 2024 को पीएमएलए के तहत जांच शुरू की गई। धाम को जुलाई 2024 में गिरफ्तार किया गया और सितंबर 2024 में आरोपपत्र दायर हुआ। जांच में पाया गया कि समूह की कंपनियों को दिवालियापन प्रक्रिया से गुजारा गया, जिससे बैंकों को 80 फीसदी से अधिक नुकसान हुआ। ईडी के अनुसार एमटेक की सभी संपत्तियां अपराध की प्रत्यक्ष आय के रूप में दर्ज हैं और ये धाम की कंपनियों और ऋण देने वाले बैंकों के पास हैं।

## बिटकॉइन 3 हफ्ते के उच्च स्तर पर, निवेशकों में उत्साह



न्यूयॉर्क । बिटकॉइन की कीमत 2.3 फीसदी बढ़कर तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह वर्तमान में 93,000 डॉलर (लगभग 83.7 लाख रुपए) के नीचे कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अक्टूबर में हुए मार्केट क्रैश के बाद बिटकॉइन ने पहली बार 50 दिन का मूविंग एवरेज पार किया, जिसे बाजार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। साल 2026 में बिटकॉइन अब तक करीब 6 फीसदी बढ़ चुका है, जो बाजार में धीरे-धीरे स्थिरता लौटने का संकेत है। पिछले कई हफ्तों से यह सीमित दायरे में फंसा हुआ था। हालांकि क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान शेयर बाजार में आई तेजी का इसका फायदा नहीं हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, 50 दिन का औसत पार करना भविष्य में कीमतों की ओर बढ़त का संकेत दे सकता है, जिससे निवेशकों में उत्साह बढ़ा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 376.28, निफ्टी 71.6 अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज और ट्रेंट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। बड़े स्टॉक्स में आई गिरावट से आज पूरे दिन बाजार धारणा कमजोर रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 376.28 अंक नीचे आकर 85,063.34 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 71.6 अंक टूटकर 26,178.70 के स्तर पर बंद हुआ।

आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आठ महीने से अधिक समय की सबसे बड़ी गिरावट रही। वहीं ट्रेंट के शेयरों में कंपनी के तीसरी तिमाही के बाद करीब 9 फीसदी की तेज गिरावट रही।

रिलायंस और ट्रेंट के अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसीस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरे जबकि आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसे शेयरों में गिरावट रही।

ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी नजर आयी। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.19 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.22 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। जिससे निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। आज कारोबार के दौरान निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स सबसे नीचे आया। इसके अलावा मीडिया और केमिकल सेक्टर के शेयर भी दबाव में रहे जबकि हेल्थकेयर और फार्मा स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार ऊपर आया। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। आज सुबह सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 85,331 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी भी गिरावट के साथ 26,189.70 पर खुला। तेल और गैस सेक्टर के शेयरों में कमजोरी बाजार पर भारी पड़ी। रिलायंस इंडस्ट्रीज में आई बिकवाली ने सेंसेक्स और निफ्टी दोनों पर दबाव बनाया। इसके अलावा बैंकिंग सेक्टर में एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट से भी बाजार की धारणा कमजोर हुई।




एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.12 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.85 फीसदी गिर गया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स, एसएंडपी 200 इंडेक्स भी 0.42 फीसदी की कमजोरी में रहा। वहीं शुरुआती एशियाई कारोबार में अमेरिकी इक्विटी फ्यूचर्स लगभग स्थिर नजर आए।

अमेरिकी शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद- अमेरिकी शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख इंडेक्स ने मजबूती के साथ सत्र समाप्त किया।

# आरबीआई गवर्नर ने चुनिंदा बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से बैठक की

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चुनिंदा बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से बैठक की। बैठक में अच्छे अंडरराइटिंग स्टेंडर्ड अपनाने और एसेट की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी करने के लिए कहा गया। आरबीआई गवर्नर की ओर से की गई मुलाकात में चुनिंदा एनबीएफसी कंपनियों के एमडी और सीईओ शामिल हुए थे। इसमें सरकारी एनबीएफसी कंपनियां, हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां और माइक्रोफाइनेंस कंपनियां भी शामिल हैं। बैठक में आरबीआई गवर्नर ने लोन के प्रवाह में एनबीएफसी कंपनियों के महत्व को बताया। साथ ही कहा कि यह देखकर अच्छे अंडरराइटिंग स्टेंडर्ड अपनाने और एसेट की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखने की आवश्यकता है।

आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने सेक्टर में भरोसा बनाए रखने और इसके व्यवस्थित और टिकाऊ विकास को समर्थन करने के लिए ग्राहक केंद्रित एप्रोच, नैतिक आचरण और जिम्मेदार लेंडिंग के साथ-साथ शिकायतों के तुरंत निपटारे के महत्व पर भी जोर दिया।

रिजर्व बैंक ने आखिरी बार एनबीएफसी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ ऐसी बैठक 13 फरवरी, 2025 को की थी। इस बैठक में भाग लेने वाली कंपनियों के पास एनबीएफसी सेक्टर की कुल एसेट्स का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा है। इस बैठक में इंडस्ट्री में सेल्फ-रेगुलेटरी संगठनों, सा-धन, माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क और फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। आरबीआई ने बताया कि चर्चा के दौरान, प्रतिभागियों ने एनबीएफसी सेक्टर से जुड़े पॉलिसी मुद्दों और ऑपरेशनल मामलों पर फीडबैक शेयर किया।




## सेल ने दिसंबर 2025 में स्टील बिक्री का रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने दिसंबर 2025 में अब तक की सबसे अधिक स्टील बिक्री दर्ज की। इस महीने कंपनी ने 21 लाख टन स्टील बेचा, जो दिसंबर 2024 की 15 लाख टन बिक्री से 37 फीसदी अधिक है। कंपनी ने कहा कि यह प्रदर्शन अब तक का सर्वश्रेष्ठ है। सेल के अनुसार मजबूत बिक्री का प्रमुख कारण ग्राहकों तक समय पर माल पहुंचाना और ब्रांड निर्माण में सुधार रहा। इसके अलावा इन्वेंट्री में कमी ने भी वितरण प्रक्रिया को सुचारू बनाया। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच, कंपनी की कुल बिक्री 147 लाख टन रही, जो पिछले वर्ष के 126 लाख टन से लगभग 17 फीसदी अधिक है। सेल की बिक्री वृद्धि केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रही। निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे कंपनी की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत हो रही है।



# आरटीओ ऋतु सिंह खुद उतरीं सड़क पर, चालकों को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

अर्थ प्रकाश /हनुमान शरण पांडे

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को अयोध्या में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आरटीओ (प्रशासन) ऋतु सिंह विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ स्वयं सड़क पर उतरीं और चालकों को सुरक्षित यातायात का महत्व समझाया।

नवीन मंडी अयोध्या एवं नाका चुंगी क्षेत्र में वाहनों को रोककर चालकों व वाहन स्वामियों से सीधे संवाद किया गया। इस दौरान रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप व पैम्पलेट वितरित कर कोहरे में विशेष सावधानी बरतने, मानक अनुरूप रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने, फिटनेस, बीमा, परमिट, पीयूसी व टैक्स अद्यतन रखने तथा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने की अपील की गई।

आरटीओ ने चालकों को शराब या नशीले पदार्थों के सेवन के बाद वाहन न चलाने, सही लेन में वाहन चलाने, व्यवसायिक चालकों को वर्दी पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवर स्पीडिंग व ओवरलोडिंग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के निर्देश दिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने और अवैध पार्किंग न करने पर भी विशेष जोर दिया गया। मौके पर चालकों के लाइसेंस भी जांचे गए।

इस दौरान राहवीर योजना एवं हिट एंड रन योजना की जानकारी देते हुए दुर्घटनाग्रस्त घायलों की मदद के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि राहवीर योजना के अंतर्गत गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

जांच के दौरान जिन वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगे पाए गए, उन पर निःशुल्क टेप लगाए गए। वहीं कुछ वाहनों पर अवैध रूप से लगाए गए लोहे के हुड पाए जाने पर आरटीओ ने असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही संभागीय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करते समय सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यह अभियान सड़क पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।



## डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने सेक्टर 30-ए में नई सीवरेज लाइन डालने के कार्य का किया शुभारंभ



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़- डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने आज सेक्टर 30-ए में वर्षों पुरानी और जर्जर हो चुकी सीवरेज लाइन को बदलने के लिए नई सीवरेज लाइन डालने के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के निवासी मौजूद रहे। डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने बताया कि सेक्टर 30-ए की पुरानी सीवरेज लाइन काफी समय से खराब हालत में थी, जिसके कारण बार-बार सीवरेज जाम होने, गंदा पानी सड़कों पर फैलने और बदबू जैसी गंभीर समस्याओं से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। कई कोशिशों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना अमरूत 2.0 के तहत हो रही है इस पर लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपये का अनुमानित खर्च रखा गया है। नई सीवरेज लाइन के बिछ जाने से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी, साथ ही स्वच्छता व्यवस्था में भी बड़ा सुधार होगा। डिप्टी मेयर ने कहा कि हमारा उद्देश्य अपने वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। सीवरेज, पानी और सफाई जैसी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। स्थानीय निवासियों ने नई सीवरेज लाइन के कार्य शुरू होने पर संतोष व्यक्त करते हुए डिप्टी मेयर तरुणा मेहता का धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि कार्य तय समय में पूरा किया जाएगा। इस मौके पर ईएसई सोसाइटी के सदस्य, रविदास गुरुद्वारा कमेटी, योग दिव्य मंदिर कमेटी के सदस्य, ईपीएफओ कमेटी के सदस्य के साथ नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्वी दिल्ली में अपराधी हुए बेलगाम,हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा



अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता/ नई दिल्ली। दिल्ली के यमुना पार इलाके में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. लक्ष्मी नगर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या और वेलकम इलाके में युवक की चाकू मारकर हत्या के बाद अब त्रिलोकपुरी इलाके से एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां 17 वर्षीय छात्र की लड़कों के एक समूह ने पीट पीट कर हत्या कर दी. इस घटना ने पूर्वी दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.लोगों का कहना है की लगातार हत्या लूट को घटनाओं को अंजाम बदमाश दे रहे है मगर पुलिस करवाई के नाम मैं कुछ भी नही करती है फिलहाल हत्या के बाद इलाके मैं दहशत का माहौल है7मारपीट के दौरान छात्र बेहोश हो गया. इलाज के दौरान देर रात करीब 1 बजकर 15 मिनट पर जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि उसने दम तोड़ दिया है. इसके बाद पुलिस ने थाना मयूर विहार में एफआईआर दर्ज की, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराएं लगाई गई हैं और मामले की जांच शुरू की गई. डीसीपी अभिषेक धनिया के अनुसार, घटना के बाद क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके पर पहुंचकर जांच की. अब तक की जांच में सामने आया है कि इस वारदात में शामिल सभी छह आरोपी नाबालिग हैं और उन्हें हिरासत में ले लिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौत के सही कारणों को लेकर डॉक्टरों की अंतिम राय का इंतजार किया जा रहा है. वहीं, मृतक के दादी ने बताया कि कुछ लड़के छात्र को बुलाकर ले गए थे. जहां उसके साथ मारपीट की गई. पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## एमसीडी मुख्यालय में आज आयोजित स्थायी समिति की बैठक



अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता / नई दिल्ली सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय में आज आयोजित स्थायी समिति की बैठक में 'आप' पार्टी के समिति सदस्यों ने वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट पर विस्तार से चर्चा की। दिल्ली की बदहाल सफ़ाई व्यवस्था, बढ़ते प्रदूषण, एमसीडी स्कूलों की दुर्दशा और चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं जैसे जनहित से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठाया और भाजपा शासित एमसीडी की नाकामियों को उजागर किया। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों को बेहतर, स्वच्छ और स्वस्थ जीवन देने का माध्यम होना चाहिए। इस बैठक में श्री प्रवीन राजपूत, श्रीमती मोहिनी जीनवाल, राफिया माहिर, सुश्री रविंदर कौर, मोहम्मद आमिल मालिक एवं श्री दौलत पवार उपस्थिति रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### परांठे के चक्कर मे गई जान

अर्थ प्रकाश / अनिल गुप्ता / नई दिल्ली के रोहिणी के कृष्णा विहार निवासी तीन दोस्तों की जान चली गई। खुशियों और सैर-सपाटे की रात कुछ ही पलों में मातम में बदल गई। मिली जानकारी के अनुसार, मयंक, दीपक और प्रतीक देर रात मुरथल ढाबों पर पराठे खाने गए थे। खाना खाने के बाद तीनों स्कूटी से दिल्ली लौट रहे थे। जैसे ही उनकी स्कूटी नेशनल हाईवे 44 पर नागल खुर्द फ्लाईओवर के पास पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार से आते ट्रक-ट्राले से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए।

### गमगीन माहौल में शामिल होने पहुंचे फिल्म अभिनेता लोधी राकेश राजपूत

अर्थ प्रकाश/अनिल गुप्ता/ नई दिल्ली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव,SIR प्रभारी, फिल्म अभिनेता लोधी राकेश राजपूत एटा/, मारहरा विधानसभा में पहुंचकर गमगीन माहौल में शामिल होने पहुंचे। वह सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रांगण में निवास कर रहे नरेन्द्र उपाध्याय की माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मृतक आत्मा को शांति हेतु भगवान से प्रार्थना करते हुए परिजनों को धैर्य प्रदान किया। उसके बाद वह एटा शहर के संजय नगर अर्जुन सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मृतक आत्मा को शांति हेतु भगवान से प्रार्थना की।



उसके बाद ऑल इंडिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी के पिताश्री के दाह संस्कार में शामिल होने पहुंचे। उनके परिजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों को धैर्य धारण कराया। इसके बाद वह मारहरा विधानसभा के ग्राम रूप नगर में अरविंद बघैल के घर पहुंचकर परिजनों को धैर्य धारण कराया।इस अवसर पर उनके साथ में जमशेद आलम, जहीर अहमद, वीरेश कुमार, योगेन्द्र सिंह राजपूत एडवोकेट, मनोहर सिंह, डॉ गोकुल सिंह राजपूत, अरविंद बघैल आदि लोग मौजूद रहे।

### केरल के कन्नूर में 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद, जांच शुरू

अर्थ प्रकाश/ कन्नूर (केरल)। उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में दो अलग-अलग स्थानों से चार स्टील के उपकरणों सहित कुल 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पानूर थाना क्षेत्र के मोकेरी स्थित थंगल पीड़िका के एक स्कूल के मैदान से आठ देसी विस्फोटक उपकरण बरामद हुए। ये विस्फोटक मैदान में पड़ी तिरपाल के बीच छिपाकर रखे गए थे। मौके से एक धारदार हथियार भी जब्त किया गया है। वहीं एक अन्य घटना में, कन्नावम क्षेत्र के एक सुनसान भूखंड से चार स्टील के विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि ये उपकरण वहां एक बैग के भीतर रखे हुए थे। पुलिस ने कहा कि दोनों स्थानों से हुई बरामदगियों के बीच किसी तरह का संबंध है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### राजस्थान में सरकारी स्कूलों की सफाई व्यवस्था पंचायत राज विभाग संभालेगा

अर्थ प्रकाश/ जयपुर। राजस्थान में सरकारी विद्यालयों में शौचालयों की साफ-सफाई और विद्यालय परिसर की नियमित सफाई का कार्य पंचायत राज विभाग कराएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर इस संबंधम में पंचायत राज विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) निदेशालय ने राज्य के सभी राजकीय विद्यालय परिसरों और शौचालयों की नियमित साफ-सफाई के लिए आदेश जारी किए हैं। मिशन की निदेशक सलोनी खेमका द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सभी राजकीय विद्यालयों के बाहर और कक्षाओं के बाहर, अर्थात चारदीवारी के भीतर स्थित सार्वजनिक परिसरों में कचरा संग्रहण का कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राजकीय विद्यालय परिसरों और शौचालयों की साफ-सफाई ठीक ढंग से की जा सके। आधिकारिक बयान के अनुसार, शुरुआत में 77 पीएमश्री विद्यालयों में स्वच्छता कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके बाद पंचायतें अपने-अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों में भी स्वच्छता कार्य कराएंगी।

### कोलकाता में जनवरी का सबसे ठंडा दिन, दक्षिण बंगाल में ठंड बढ़ने के आसार

अर्थ प्रकाश/ कोलकाता। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि कोलकाता में मंगलवार को जनवरी का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आईएमडी ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, अगले दो दिनों में दक्षिणी पश्चिम बंगाल में ठंड और बढ़ने की संभावना है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, कोलकाता में पिछले 15 वर्षों में जनवरी के महीने में केवल एक बार तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंचा था। ऐसा वर्ष 2023 में हुआ था जब तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इससे पहले दिसंबर 2012 में शहर का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था जबकि अब तक का सबसे कम तापमान (7.2 डिग्री सेल्सियस) दिसंबर 1965 में दर्ज किया गया था। कोलकाता से सटे कई इलाकों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया है। आईएमडी के अनुसार, दमदम में न्यूनतम तापमान 9.5 और हावड़ा में नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य के मैदानी इलाकों में बीरभूम जिले का श्रीनिकेतन 6.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में दार्जिलिंग में यह 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के प्रमुख शहरों में सिलीगुड़ी में 10.6 और आसनसोल में 8.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। सुबह के समय कोलकाता में घना कोहरा छाए रहने के कारण दृश्यता प्रभावित हुई। आईएमडी ने बताया कि शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिणी जिलों में शीत लहर की स्थिति और गंभीर हो सकती है, वहां बुधवार और बृहस्पतिवार को तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है। इसके बाद अगले चार से पांच दिनों तक तापमान लगभग स्थिर रहने की उम्मीद है। इस अवधि के दौरान दिन का अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस कम रह सकता है। विभाग के मुताबिक, उत्तरी पश्चिम बंगाल में भी अगले कुछ दिनों तक अधिकतर जिलों में खासकर सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है जिससे दृश्यता कम होगी।

# हिन्दुस्तान ज़िंक के सखी और समाधान प्रोजेक्ट्स फ्लावर शो में बने पर्यटकों की पसंद

> 10 दिनों में हुई 4.99 लाख की बिक्री, उठोरी से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**उदयपुर 6 जनवरी।** हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने उदयपुर की फतहसागर पाल पर आयोजित फ्लावर शो में अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, सखी, माइक्रो-एंटरप्राइज और समाधान का शानदार प्रदर्शन किया। 10 दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में ग्रामीण महिलाओं के कौशल और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों ने पर्यटकों और उदयपुराइट्स का दिल जीत लिया। ग्रामीण शिल्प और उत्पादों की प्रदर्शनी में उपाया ब्रांड के तहत अजरख प्रिंट की एक विस्तृत रेंज प्रस्तुत की गई, जिसमें महिलाओं व पुरुषों के परिधानों के साथ-साथ लैपटॉप बैग, कुशन कवर, डॉक्यूमेंट होल्डर और कोस्टर जैसे आधुनिक एक्सेसरीज शामिल थे। इसके अतिरिक्त, दायची के शुद्ध मसाले, दालें, अचार व नमकीन और गायम पहल के तहत पारंपरिक बिलोना घी को भी लोगों ने खूब पसंद किया। जिसके परिणामस्वरूप कुल 4.99 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई। इन 10 दिनों के दौरान स्टॉल पर 2 लाख से अधिक लोगों की आवाजाही रही।



सीखने और मनोरंजन का संगम प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण यहाँ बनाया गया एंगेजमेंट जोन था। जहाँ 5 हजसा से अधिक लोगों ने स्वयं ब्लॉक प्रिंटिंग और बिलोना घी बनाने की पारंपरिक प्रक्रिया का अनुभव लिया। साथ ही, सखी उठोरी समूह की सदस्यों द्वारा दो दिनों तक मंचित किए गए नुक्कड़ नाटकों ने सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ दर्शकों को काफी प्रभावित किया। हिन्दुस्तान ज़िंक अपनी इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा के बाजार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि- माघ मेला से पहले अयोध्या में पुलिस कमिश्नर-आईजी का सघन निरीक्षण

अर्थ प्रकाश /हनुमान शरण पांडे

**अयोध्या।** आगामी माघ मेला के दृष्टिगत अयोध्या में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक/आईजी अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त राजेश कुमार, पुलिस कमिश्नर अयोध्या तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर सहित अन्य अधिकारियों ने अयोध्या क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख मार्गों, भीड़ संभावित क्षेत्रों, पार्किंग स्थलों, यातायात डायवर्जन और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अयोध्या पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पुलिस कमिश्नर ने कहा- माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर माइक्रो लेवल पर प्लान तैयार किया गया है।

हर संवेदनशील बिंदु पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। तकनीकी संसाधनों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने सुरक्षा को लेकर कहा- माघ मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कोई भी ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाया गया है। संभावित चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पहले से रणनीति तैयार की गई है।



श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने भी अयोध्या पुलिस की तैयारियों की जानकारी दी और कहा कि मेला अवधि में अतिरिक्त बल, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

प्रशासन की यह तैयारी माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन-स्नान सुनिश्चित कराने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार मानवता पर कलंक: अशोक गहलोत

अर्थ प्रकाश संवाददाता /जयपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को मानवता पर कलंक बताया है। इसके साथ ही उन्होंने इस पड़ोसी देश के भारत के खिलाफ होने को केंद्र सरकार की कूटनीतिक विफलता करार दिया है। गहलोत ने मंगलवार को 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश से आ रही हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ बर्बरता की खबरें विचलित करने वाली हैं। उन्होंने लिखा कि महज 19 दिनों में पांच हिंदुओं की हत्या एवं वहां महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार मानवता पर कलंक हैं। उन्होंने कहा, ''1971 के उस दौर की यादें आज भी ताजा है जब इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने न केवल कूटनीतिक कड़ापन दिखाया था, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से इतिहास और भूगोल दोनों बदल दिए थे। उन्होंने अमेरिका जैसी महाशक्ति तक की परवाह नहीं की जिसने भारत के खिलाफ अपना सातवां बेड़ा रवाना कर दिया था।''पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, ''यह भी चिंताजनक है कि ऐसा देश जिसका निर्माण ही भारत ने किया था वह भारत के खिलाफ हो गया है। यह भारत सरकार की कूटनीतिक विफलता है।'' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को 'गहरी चिंता' व्यक्त करने जैसे रस्मी बयानों से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने चाहिए। ''पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के जीवन और मान-सम्मान की रक्षा करना हमारी नैतिक और कूटनीतिक जिम्मेदारी है।'' गहलोत के अनुसार, इतिहास गवाह है कि मात्र खोखले नारों से नहीं, बल्कि निर्णायक नेतृत्व से ही निर्दोषों की जान बचाई जा सकती है। ''प्रधानमंत्री जी को इस मामले में हस्तक्षेप कर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर प्रभावी दबाव बनाना चाहिए।''

# मई में नई दिल्ली में होगा विराट भारतीय व्यापार महोत्सव

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी विज़न को आगे बढ़ाते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मई 2026 में नई दिल्ली में भारत के अब तक के सबसे बड़े राष्ट्रीय व्यापार आयोजन विराट भारतीय व्यापार महोत्सव (क्क्रू 2026) के आयोजन की घोषणा की है। यह चार दिवसीय महोत्सव 1 से 4 मई 2026 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित होगा।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि यह महोत्सव आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल की भावना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में व्यापारिक बदलावों को देखते हुए कैट इसे भारत की सामूहिक व्यापारिक क्षमताओं को सशक्त करने का बड़ा अवसर मानता है।

खंडेलवाल ने कहा कि बीवीएम 2026 ÷वन नेशन-वन मार्केट÷ की अवधारणा पर आधारित होगा, जिसमें भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं, उद्यमिता तथा देश की सांस्कृतिक विरासत का समग्र प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन पूरी तरह ÷मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड÷ की सोच को दर्शाएगा।

महोत्सव में देशभर से 2,000 से अधिक स्टॉल, 2 लाख से ज्यादा व्यापारी और करीब 10 लाख आगंतुकों के शामिल होने का लक्ष्य है। इसमें एमएसएमई, महिला व युवा उद्यमी, स्टार्टअप्स, कारीगर, सहकारी संस्थाएं, स्वयं सहायता समूह और पारंपरिक उत्पादों पर विशेष फोकस रहेगा।

प्रदर्शनी को आठ प्रमुख जोनों में विभाजित किया जाएगा, जिनमें बी2बी, निवेश एवं वित्त, पर्यटन-संस्कृति, शिक्षा एवं कौशल, क्षेत्रीय खाद्य उत्पाद, महिला व युवा उद्यमिता जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। साथ ही बायर-सेलर मीट, स्टार्टअप पिचिंग, ऑन-द-स्पॉट फंडिंग, निर्यात सहायता और नीति संवाद जैसे कार्यक्रम भी होंगे।

कैट ने बताया कि विदेशी व्यापार प्रतिनिधिमंडलों, वैश्विक खरीदारों और निवेशकों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि भारत को एक मजबूत और भरोसेमंद वैश्विक व्यापार साझेदार के रूप में स्थापित किया जा सके।



# महिला टी20 रैंकिंग में हरमनप्रीत कौर का जलवा, गेंदबाजी में दीप्ति को नुकसान



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का इनाम पाया है। मंगलवार को जारी ICC महिला टी20 की ताजा रैंकिंग में हरमनप्रीत बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

### निर्णायक पारी से बदली रैंकिंग

तिरुवनंतपुरम में खेले गए अंतिम टी20 मुकाबले में हरमनप्रीत ने 43 गेंदों पर 68 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत ने यह मुकाबला 15 रन से जीता और 30 दिसंबर को समाप्त हुई सीरीज में श्रीलंका का 5-0 से क्लीन स्वीप किया।

### शीर्ष 10 के करीब हरमनप्रीत

इस शानदार पारी के बाद हरमनप्रीत अब बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। भारतीय बल्लेबाजों में स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा छठे स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है। हालांकि जेमिमा रोड्रिग्स को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह शीर्ष 10 से बाहर होकर 12वें स्थान पर खिसक गई हैं।


### गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति को झटका

गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा शीर्ष स्थान से फिसल गई हैं। पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्होंने 28 रन देकर एक विकेट लिया, लेकिन यह प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। दीप्ति और सदरलैंड के बीच अब सिर्फ एक रेटिंग अंक का अंतर है सदरलैंड के 736 अंक हैं।

### अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव

भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी ने शानदार उछाल लगाते हुए पांच स्थान की छलांग के साथ 47वां स्थान हासिल किया। श्रीलंका की कविशा दिलहारी एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें और कप्तान चमारी अटापट्टू तीन स्थान के सुधार के साथ 48वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

# मलेशिया ओपन 2026: लक्ष्य सेन की दमदार शुरुआत, दूसरे राउंड में किया प्रवेश



**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। लक्ष्य ने कड़े मुकाबले में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले मैच में हराया। वहीं, महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड़ को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

### लक्ष्य सेन ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ किया आगाज

24 वर्षीय लक्ष्य सेन ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज जिया हेंग जेसन तेह को 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 15-21, 21-14 से शिकस्त दी। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने लंबी रैलियों और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पिछले सत्र के अंत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले लक्ष्य ने इस जीत के साथ अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखा है।

### दूसरे दौर में कठिन चुनौती के लिए तैयार लक्ष्य

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव और हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यह मुकाबला लक्ष्य के लिए टूर्नामेंट में आगे की राह तय करने में अहम साबित होगा।

### मालविका बंसोड़ की वापसी पर ब्रेक

महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड़ की वापसी निराशाजनक रही। बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने बाद कोर्ट पर लौटीं मालविका को पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चनोक इंतानोन से 11-21, 11-21 से सीधे गेमों में हार झेलनी पड़ी। हालांकि, चोट के बाद वापसी कर रही मालविका के लिए यह टूर्नामेंट लय हासिल करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में भी नहीं चला शुभमन गिल का बल्ला, सस्ते में लौटे पवेलियन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की सीमित ओवरों में खराब फॉर्म का सिलसिला जारी है। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में गोवा के खिलाफ पंजाब की ओर से खेलते हुए गिल रनचेज में खास प्रभाव नहीं छोड़ सके और सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गए। जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब को 212 रन का लक्ष्य मिला था।

### गोवा के अनुभवी गेंदबाज ने किया गिल का शिकार

पंजाब की पारी के दौरान शुभमन गिल ने शुरुआत में अर्जुन तेंदुलकर और वासुकी कौशिक के खिलाफ एक-एक चौका जरूर लगाया, लेकिन पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वासुकी कौशिक ने उन्हें चलता कर दिया। गिल 12 गेंदों में 11 रन बनाकर सुयश प्रभुदेसाई को कैच दे बैठे। यह वही मुकाबला था, जो टी20 वर्ल्ड कप 2026 टीम से बाहर होने के बाद गिल का पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

### 10 महीने से जारी है सफेद गेंद क्रिकेट में अर्धशतक का सूखा

शुभमन गिल का सफेद गेंद क्रिकेट में खराब दौर चिंता बढ़ा रहा है। उन्हें आखिरी बार 10 महीने पहले अर्धशतक बनाते देखा गया था। इसके बाद से उन्होंने 7 वनडे, 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय और अब विजय हजारे ट्रॉफी का एक मुकाबला खेला है, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं आई।

हालांकि इसके उलट, टेस्ट क्रिकेट में गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। 2025 में खेले गए टेस्ट मैचों में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे, भले ही चोट के कारण वह गुवाहाटी टेस्ट और ईडन गार्डन्स में रनचेज का हिस्सा नहीं बन सके।

# स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी, 06 जनवरी (वेब वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज़ के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज़्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110.57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे।

सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था। खास बात यह है कि कप्तान के तौर पर उनके छह शतक इंग्लैंड के खिलाफ आए हैं, जो किसी



भी विरोधी टीम के खिलाफ कप्तान के तौर पर बनाए गए सबसे ज़्यादा शतक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 166 रन से की, हेड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखा और अपना 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आउट होने से पहले ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के कुल स्कोर के करीब पहुंचाने के लिए 63 रन और जोड़े। कैमरन ग्रीन के अच्छे साथ से स्मिथ ने फिर कमान संभाली, ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई और व्यक्तिगत मील के पत्थर हासिल करते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के पहले तीन टेस्ट जीतकर पहले ही एशेज अपने नाम कर लिया था। हालांकि, इंग्लैंड ने मेलबर्न में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट जीत के लिए 14 साल का सूखा खत्म किया, जिससे उनका आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अभियान ज़िंदा रहा।

# अनाहत सिंह ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंची



नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है। इस बीच लड़कों के अंडर-17 वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आर्यवीर दीवान सेमीफाइनल में मिस्र के फिलोपेटर सालेह से 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए।

# हेड ने सिडनी में शतक के साथ ही बनाया रिकार्ड

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज टेविस हेड ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपना शतक पूरा किया। ये हेड का इस सीरीज में तीसरा शतक है। इसी के साथ ही हेड ने सात घरेलू मैदानों पर शतक लगाने का नया रिकार्ड अपने नाम किया है। हेड ने 105 गेंदों में 24 चौके और एक छक्के की सहायता से 166 गेंदों पर 163 रनों की पारी खेली। इसी के साथ ही हेड ने अपने टेस्ट करियर का 12वां शतक लगाया। ये इस सीरीज में उनका तीसरा शतक रहा।



यह शतक हेड के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि उन्होंने पहली बार सिडनी क्रिकेट मैदान में कोई शतक लगाया है। इसी के साथ ही वह अब अपनी धरती पर सात अलग-अलग मैदानों पर टेस्ट शतक लगाने वाले विश्व के पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में पहले से ही स्टीव वॉ, जस्टिन लैंगर, मैथ्यू हेडन और डेविड वॉर्नर शामिल हैं। हेड का ये 65वां टेस्ट मैच है। इससे पहले उन्होंने एडिलेड ओवल में लगातार चार टेस्ट शतक जबकि गाबा में दो शतक लगाये हैं। वहीं मेलबर्न क्रिकेट मैदान के अलावा पर्थ, होबार्ट, कैनबरा और अब सिडनी क्रिकेट मैदान में एक-एक शतक उनके नाम है। वहीं विदेशी धरती पर उनके नाम केवल एक शतक है। ये शतक उन्होंने इंग्लैंड के ओवल मैदान में साल 2021-23 में हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ लगाया था। तब हेड ने 174 गेंदों पर 163 रनों की आक्रामक पारी खेली थी।

# वैभव की आक्रामक पारी से भारतीय टीम ने दूसरे यूथ एकदिवसीय मैच में भी दक्षिण अफ्रीका को हराया

**-सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी के 68 रनों की आक्रामक पारी से भारतीय अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका को वर्षा प्रभावित दूसरे यूथ एकदिवसीय मैच में आठ विकेट से हरा दिया। इस प्रकार तीन मैचों की सीरीज में भारतीय टीम ने 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने पहले मैच में भी 25 रनों से जीत दर्ज की थी। वैभव इस सीरीज में टीम की कप्तानी कर रहे हैं और उन्होंने इस मैच में अपना कप्तानी कौशल भी दिखाया।



इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसन राउल्स के 114 रनों की सहायता से दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 245 रन बनाये। इसके बाद वैभव की आक्रामक पारी से भारतीय टीम ने ये सीरीज आसानी से अपने नाम कर ली। इस मैच को बारिश के कारण दो बार रोका गया था। दूसरी बार मैच रोके जाने के बाद डकवर्थ लुइस नियम के तहत ही भारतीय टीम को जीत के लिए 27 ओवर में 174 रन का लक्ष्य मिला जिसे भारतीय टीम ने दो विकेट विकेट खोकर 23.3 ओवर में ही 176 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेदांत त्रिवेदी 31 और अभिज्ञान कुंडू 48 रन बनाकर नाबाद रहे। अभिज्ञान ने छक्का लगाकर इस मैच में भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मैच का आकर्षण वैभव की आक्रामक पारी रही। वैभव ने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर आक्रामक शुरुआत की। इस बल्लेबाज ने 19 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। वैभव ने 24 गेंदों में 10 छक्के और एक चौका लगाकर 283 के स्ट्राइक रेट से 68 रन बनाये। इस मैच में भारतीय टीम की गेंदबाजी भी अच्छी रही। भारत की ओर से किशन कुमार ने मैच में चार विकेट लिए जबकि आरएस अम्ब्रीश ने दो विकेट लिए। दीपेश देवेन्द्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया।

# आईएसएल 14 फरवरी से होगा शुरु, सभी 14 क्लब होंगे शामिल : खेल मंत्री मांडविया ने किया ऐलान



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल में पिछले कुछ समय से चल रही अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक साझेदार नहीं मिलने के कारण स्थगित हुई इंडियन सुपर लीग (ISL) 14 फरवरी से शुरू होगी। लीग में सभी 14 क्लब हिस्सा लेंगे। मांडविया ने AIFF (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) और ISL क्लबों के बीच यहां भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय पर हुई बैठक के बाद मीडिया को बताया, 'इंडियन सुपर लीग 14 फरवरी से होगी जिसमें सभी क्लब भाग लेंगे। आज सरकार, AIFF और सभी क्लबों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। पिछले कुछ समय से भारतीय फुटबॉल को लेकर अदालत में चल रहे विवाद के कारण ISL के आयोजन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी जिस पर अब विराम लग गया।' AIFF अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस मौके पर बताया, 'ISL के संचालन के लिए संचालन परिषद बोर्ड का गठन होगा। ISL में 14 टीमों के 91 मैच एक चरण में होम (घरेलू) और अवे (प्रतिद्वंद्वी टीम का घरेलू मैदान) आधार पर खेले जाएंगे।' चौबे ने कहा कि मैच कहां होंगे, यह क्लब AIFF के साथ मिल कर तय करेंगे। उन्होंने कहा, 'आई लीग में 11 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे जो ISL के साथ ही आरंभ होगी। इसमें आईलीग-दो और आईलीग-तीन में 33 के बजाए 40 टीमें होंगी।' उन्होंने बताया कि ISL के लिए 25 करोड़ रुपए का एक कैप (खर्च की सीमा) बनाया गया है जिसमें 10 प्रतिशत AIFF, 15 प्रतिशत क्लब 30 प्रतिशत व्यावसायिक साझेदार वहन करेंगे। उन्होंने कहा, 'जब तब व्यावसायिक साझेदार नहीं मिल जाता तब तक AIFF कुल 40 प्रतिशत खर्च वहन करेगा।' उन्होंने कहा कि AIFF का कुल योगदान 14 करोड़ रुपए होगा जिसमें 10 करोड़ ISL और 3.2 करोड़ आई लीग के लिए होंगे।' IWL (इंडियन वुमेन लीग) का शत प्रतिशत फंड AIFF का होगा।

# विराट कोहली के संन्यास पर सवाल, संजय मांजरेकर ने जताया अफसोस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशेज 2025 के पांचवें टेस्ट ने टेस्ट क्रिकेट की महानता और निरंतरता की नई मिसाल पेश की। इंग्लैंड के जो रूट और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने शतक जड़कर एक बार फिर साबित किया कि क्यों उन्हें आधुनिक युग के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज़ों में गिना जाता है। इसी बीच, पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ संजय मांजरेकर ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सवाल उठाया कि जब उनके समकालीन नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब कोहली का इस फॉर्मेट से दूर जाना कितना सही था।

### जो रूट का 41वां टेस्ट शतक : ऐतिहासिक उपलब्धि

एशेज के पांचवें टेस्ट के पहले दिन जो रूट ने अपना 41वां टेस्ट शतक पूरा किया। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट के लगभग 150 साल के इतिहास में सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। रूट ने रिकी पोंटिंग की बराबरी की और अब उनसे आगे सिर्फ़ सचिन तेंदुलकर (51 शतक) और जैक्स कैलिस (45 शतक) हैं। यह उपलब्धि रूट की निरंतरता और तकनीकी मजबूती का प्रमाण है।

### स्टीव स्मिथ का करारा जवाब

रूट के शतक के ठीक एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने भी बल्ले से जवाब दिया। उन्होंने अपना 37वां टेस्ट शतक पूरा किया, जो एशेज इतिहास में उनका 13वां शतक था। एशेज में इतने शतक लगाने वाले वह दूसरे बल्लेबाज़ बन गए हैं, उनसे आगे सिर्फ़ महान डॉन ब्रैडमैन हैं। स्मिथ की यह पारी एक बार फिर उनकी असाधारण टेस्ट क्षमता को दर्शाती है।

### 'फैब फोर' की चमक और कोहली की अनुपस्थिति

इन प्रदर्शनों के बीच संजय मांजरेकर ने 'फैब फोर' के चौथे सदस्य विराट कोहली की गैरमौजूदगी पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि जब रूट, स्मिथ और केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में लगातार ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब कोहली का इस फॉर्मेट से हट जाना दुखद है। मांजरेकर के मुताबिक, कोहली के करियर के आखिरी पांच वर्षों में टेस्ट औसत गिरने के कारणों की गहराई से तलाश नहीं हो पाई।

### केन विलियमसन की वापसी से तुलना

मांजरेकर ने केन विलियमसन का उदाहरण भी दिया, जिन्होंने करीब एक साल तक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने के बावजूद वापसी की। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज़ से पहले उन्होंने घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलकर खुद को तैयार किया। यह दिखाता है कि लंबे ब्रेक के बाद भी टेस्ट क्रिकेट में वापसी संभव है, अगर खिलाड़ी इसके लिए प्रतिबद्ध हो।

### कोहली के फॉर्म में गिरावट और संन्यास

2020 से पहले विराट कोहली को कई लोग 'फैब फोर' में सबसे आगे मानते थे। हालांकि महामारी के बाद उनके टेस्ट फॉर्म में तेज गिरावट आई। ऑफ स्टंप के बाहर गेंदों पर कमजोरी उनके करियर के आखिरी दौर में उजागर हुई। मई 2025 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जबकि उनका करियर औसत 46.85 रहा।

### टेस्ट क्रिकेट से दूरी पर मांजरेकर की आपत्ति



मांजरेकर ने यह भी कहा कि उन्हें कोहली का टेस्ट क्रिकेट छोड़कर वनडे खेलते रहना अधिक निराशाजनक लगा। उनके अनुसार, टेस्ट क्रिकेट ही वह फॉर्मेट है जो बल्लेबाज़ को सबसे ज़्यादा परखता है। कोहली की फिटनेस को देखते हुए, उन्हें लगता है कि पूर्व कप्तान चाहें तो फर्स्ट क्लास क्रिकेट के जरिए वापसी की एक और कोशिश कर सकते थे।

### आधुनिक टेस्ट क्रिकेट की कहानी

रूट, स्मिथ और विलियमसन के मौजूदा प्रदर्शन यह साबित करते हैं कि आधुनिक युग में भी टेस्ट क्रिकेट सर्वोच्च चुनौती बना हुआ है। ऐसे में विराट कोहली की अनुपस्थिति इस कहानी का एक अधूरा अध्याय बनकर रह गई है, जिस पर क्रिकेट जगत में चर्चा जारी है।

# अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

वेलिंगटन। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। 7 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा। लिनेट ने कहा, 'मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है।' वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी।' 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

